e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 34

रविवार

04.02.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

अगर आप किसी को दिखाने के लिए पढ़ रहे हैं, तो आप अपने आप को धोखा दे रहे हैं।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़ :** पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यपाल पुरोहित ने शनिवार को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेजा है। इससे पहले राज्यपाल ने गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात की थी। भाजपा से लंबे समय से जुड़े रहे पुरोहित को 11 सितंबर 2021 को पंजाब का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। इससे पहले वह वर्ष 2017 से 2021 तक तमिलनाडु और वर्ष 2016 से 2017 तक असम के राज्यपाल रहे। पुरोहित का जन्म 16 अप्रैल 1940 को राजस्थान के नवलगढ़ में हुआ था। पुरोहित इस पद पर दो साल 127 दिनों तक रहे।शनिवार को राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र में पुरोहित ने कहा कि वह व्यक्तिगत कारणों तथा अन्य प्रतिबद्धताओं के चलते इस पद से इस्तीफा दे रहे हैं। पंजाब-हरियाणा में हुए समझौते के तहत पुरोहित के पास पंजाब का राज्यपाल होने के नाते चंडीगढ़ के प्रशासक का जिम्मा भी था। इस इस्तीफे के बाद राज्यपाल पद के अलावा चंडीगढ़ में प्रशासक का पद भी रिक्त हो गया है।

### साइबर क्राइम अवेयरनेस कैंप में 800 से ज्यादा छात्रों को किया जागरूक

**नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस साइबर क्राइम के मामलों में लोगों को जागरूक करने के लिए अलग-अलग तरह के अवेयरनेस कैंप लगा रही है। इसी कड़ी में पश्चिमी जिला पुलिस ने जनकपुरी इलाके में साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम का बड़े स्तर पर आयोजन किया। इस आयोजन में 250 से ज्यादा छात्र मौके पर पहुंचे और 650 से ज्यादा वर्चुअल रूप से जुड़े। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि यह अवेयरनेस कार्यक्रम इंस्टीट्यूट ऑफ़ इनफोर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के कैंपस में आयोजित किया गया था। एसीपी हेडक्वार्टर रघुवीर सिंह की देखरेख में सब इंस्पेक्टर मनीष मधुकर, विजेता गौतम और अनिल कुमार की टीम ने इस कार्यक्रम में जुड़े छात्रों को बताया कि किस तरीके से साइबर फ्रॉड किए जा रहे हैं।अवेयरनेस कार्यक्रम में इनफॉर्मेशन ऑफ टेक्नोलॉजी से जुड़े स्टूडेंट के अलावा बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन, मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन और जर्नलिज्म की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट शामिल हुए। डीसीपी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन लगातार अलग-अलग इलाकों में किया जा रहा है।

### स्टेट बैंक का मुनाफा तीसरी तिमाही में 35 फीसदी लुढ़कर 9,164 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एसबीआई का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 35 फीसदी लुढ़कर 9,164 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 14,205 करोड़ रुपये रहा था।स्टेट बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 35 फीसदी लुढ़कर 9,164 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 1,18,193 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 98,084 करोड़ थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय बढ़कर 1,06,734 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 86,616 करोड़ रुपये थी।

### पलामू में अफीम और पोस्ते की फसल को किया नष्ट

**मेदिनीनगर :** पुलिस ने पिछले 24 घंटे के दौरान नौडीहा बाजार एवं मनातू थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर 10 एकड़ में लगी पोस्ते और अफीम की फसल नष्ट कर दी। छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम गोरहो में दो एकड़ में लगी अफीम की फसल को पुलिस ने शनिवार को नष्ट कर दिया। गुप्त सूचना मिलने पर पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर प्रशिक्षु डीएसपी संजीव रंजन, इंस्पेक्टर बीर सिंह मुंडा ने यह अभियान चलाया। पुलिस खेती करने वालों की पहचान में जुटी है। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों को ऐसे फसलों की खेती नहीं करने की हिदायत दी। साथ ही लोगों को एनडीपीएस अधिनियम, नशीले पदार्थों और उसके दुष्परिणामों के बारे में बताया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

## देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजे जाएंगे एलके आडवाणी

# लालकृष्ण आडवाणी को मिलेगा भारत रत्न


### पीएम नरेंद्र मोदी ने किया ऐलान

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा. इसकी जानकारी खुद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए दी.

पीएम मोदी ने लिखा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा. मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी. हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, आडवाणी जी का भारत के विकास में अविस्मरणीय योगदान है. उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है.

उन्होंने हमारे गृह मंत्री और सूचना एवं प्रसारण मंत्री के रूप में भी अपनी पहचान बनाई. उनके संसदीय कार्य हमेशा अनुकरणीय और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं.पीएम मोदी ने आगे लिखा, सार्वजनिक जीवन में आडवाणी जी की दशकों लंबी सेवा को पारदर्शिता और अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के रूप में जाना जाता है जिसने राजनीतिक नैतिकता में एक अनुकरणीय मानक स्थापित किए. उन्होंने राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान को आगे बढ़ाने की दिशा में शानदार प्रयास किए हैं. उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना मेरे लिए बहुत भावुक क्षण है मैं इसे हमेशा अपना सौभाग्य मानूंगा कि मुझे उनके साथ बातचीत करने और उनसे सीखने के अनगिनत अवसर मिले.



### तीन बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय गृह मंत्री व उप प्रधानमंत्री रहे हैं आडवाणी

लालकृष्ण आडवाणी पार्टी के एकमात्र ऐसे नेता रहे हैं जो 1980 में भारतीय जनता पार्टी के गठन के बाद से ही सबसे ज्यादा समय तक पार्टी में अध्यक्ष पद पर बने रहे. पहली बार वह 1986 से 1990 तक अध्यक्ष रहे और उसके बाद 1993 से 1998 और फिर 2004 से 2005 तक पार्टी अध्यक्ष रहे.बतौर सांसद 3 दशक की लंबी पारी खेलने के बाद आडवाणी पहले गृह मंत्री रहे, बाद में अटल जी की कैबिनट में (1999-2004) उप-प्रधानमंत्री बने.

**96 वर्ष** के हैं लालकृष्ण आडवाणी

**1986** में पहली बार वह भाजपा के राष्ट्रीय पार्टी अध्यक्ष बने

### आडवाणी ने भारत के लोकतंत्र को मजबूत किया : मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को सम्मान है। आडवाणी जी के कार्य और सेवाएं प्रेरणादायक रही हैं। आडवाणी जी को यह सम्मान दिया जाना इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्र उन लोगों को कभी नहीं भूलता, जो इसकी सेवा में अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आडवाणी ने परिवारवाद की राजनीति को चुनौती दी, भारत के लोकतंत्र को मजबूत किया।

### मैं इस सम्मान को स्वीकार करता हूं : आडवाणी

भारत रत्न के एलान के बाद 96 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी ने कहा कि मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ इस सम्मान को स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का सम्मान है जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवनभर सेवा की है। उन्होंने कहा कि आदर्श वाक्य यह जीवन मेरा नहीं है, यह मेरे राष्ट्र के लिए है ने मुझे प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि आज मैं दो लोगों (पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी) को कृतज्ञतापूर्वक याद करता हूं, जिनके साथ मैंने काम किया है। साथ ही उन्होंने इस सम्मान के लिए राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू, पीएम मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, अपने परिवार के सभी सदस्यों, अपनी दिवंगत पत्नी कमला के प्रति अपनी गहरी भावनाएं व्यक्त करता हूं।

## 5 फरवरी को फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे हेमंत सोरेन, कोर्ट ने दी अनुमति


5 फरवरी को विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट के दिन सभी विधायक रांची पहुंचेंगे और सदन में होने वाले फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे. इधर, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का दावा है कि उनके पास सरकार बनाने के लिए आंकड़ा पूरा है.

### रिमांड मिलने पर ईडी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की पूछताछ

रांची प्रवर्तन निदेशालय की टीम जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कड़ी सुरक्षा के बीच होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से लेकर शनिवार को ईडी के हिनू स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पहुंची। ईडी की टीम ने हेमंत सोरेन से पूछताछ की। कोर्ट के निर्देश पर ईडी ने पुलिस रिमांड के दौरान हेमंत सोरेन का मेडिकल चेकअप कराया। कोर्ट ने किसी तरह की शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना नहीं करने को भी कहा है। इसके अलावा कोर्ट ने पूछताछ के दौरान हेमंत सोरेन को परिवार के सदस्य और वकील से मुलाकात करने की छूट दी थी। मुलाकात की अवधि 30 मिनट निर्धारित है।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** फ्लोर टेस्ट में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत की तरफ से पीएमएलए कोर्ट में याचिका दायर की गई थी. जिसमें पांच फरवरी को होने वाले फ्लोर टेस्ट में शामिल होने की अनुमति मांगी गई थी. पीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने सुनवाई के बाद पांच फरवरी को विश्वास मत के दिन विधानसभा में हेमंत सोरेन की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आदेश दिया है. पांच फरवरी के दिन सीएम चंपई सोरेन सदन म... अपना



बहुमत साबित करेंगे. गौरतलब हो कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा गिरफ्तार करने और उन्हें जेल जाने के बाद झारखंड में सियासी संकट गहरा गया था. कोर्ट के आदेश पर फिलहाल हेमंत सोरेन पांच दिन की रिमांड पर हैं. हालांकि उनकी गिरफ्तारी के बाद झारखंड में नई सरकार का गठन हो गया है. हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद चंपई सोरेन को राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं. चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद शपथ ग्रहण कराने के बाद दो मंत्रियों को भी शपथ ग्रहण कराया गया था. शपथ ग्रहण होते ही सत्ता दल के सभी विधायकों को कॉटेज पॉलिटिक्स के तहत हैदराबाद भेज दिया गया है. 5 फरवरी को विधानसभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट के दिन सभी विधायक रांची पहुंचेंगे और सदन में होने वाले फ्लोर टेस्ट में शामिल होंगे. इधर, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का दावा है कि उनके पास सरकार बनाने के लिए आंकड़ा पूरा है.

## हिमाचल प्रदेश की फैक्टरी में भीषण आग के बाद 13 मजदूर लापता



**एजेंसी**


**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के बद्दी औद्योगिक क्षेत्र में एक सौंदर्य प्रसाधन उत्पाद बनाने वाले कारखाने में भीषण आग लगने के एक दिन बाद शनिवार को 13 लापता कर्मचारियों के लिए बचाव अभियान चलाया गया. पुलिस ने बताया कि इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई है और 31 अन्य घायल हो गए हैं. आग लगने की घटना शुक्रवार को अपराह्न करीब पौने तीन बजे एनआर अरोमा में हुई और अभी तक उस पर काबू नहीं पाया जा सका है. सोलन के उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने शनिवार को बताया कि घटना के समय करीब 50 लोग इमारत में थे और उनमें से कुछ अपने घर भाग गए जबकि 13 लोगों के अब भी लापता होने की आशंका है. उन्होंने बताया कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं. आग पर अभी काबू नहीं पाया जा सका है क्योंकि परफ्यूम और अन्य सौंदर्य प्रसाधन बनाने में इस्तेमाल होने वाले ज्वलनशील पदार्थ में आग लग गई है. पुलिस ने बताया कि लापरवाही का एक मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, पुलिस, राजस्व और अन्य दल बचाव अभियान में लगे हुए हैं.

## झारखंड में पांच फरवरी से बारिश की संभावना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में फिलहाल ठंड से राहत की उम्मीद नहीं है। पांच फरवरी से बारिश की संभावना है। सुबह-शाम होने वाले कोहरे से भी अभी राहत नहीं मिलने वाली है। रांची में शनिवार को सुबह से मौसम साफ रहा। धूप भी खिली रही लेकिन हवा की रफ्तार ठंड महसूस करा रही थी।

इस संबंध में रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले समय में एक बार फिर से मौसम बदलाव होगा। पांच से सात फरवरी के बीच राज्य में बारिश होगी। इस दौरान राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर देखा जायेगा, जिससे राज्य के दक्षिणी, मध्य और उत्तर पूर्वी भागों में बारिश की संभावना है।



बारिश के साथ उत्तरी हिस्से में गर्जन की भी संभावना है। इसमें देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, पाकुड़, गोड्डा जिले में बारिश की संभावना है जबकि छह फरवरी को राज्य के दक्षिणी और मध्य भागों में बारिश की संभावना है। इसमें सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, जमशेदपुर, चाईबासा, रांची, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, खूंटी जिले में बारिश की संभावना है। सात फरवरी को राज्य में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। कोहरा का असर भी देखा जायेगा। चार फरवरी को राज्य का मौसम खुला रहेगा। दस फरवरी तक सुबह और शाम के वक्त कोहरा या धुंध का असर देखा जायेगा।

इस दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री तक की वृद्धि होगी। सात फरवरी के बाद न्यूनतम तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट होने की संभावना है।

## 5 समन के बाद भी हाजिर नहीं हुए सीएम अरविंद केजरीवाल, कोर्ट पहुंची ईडी



**एजेंसी**

**दिल्ली :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय लगातार सख्त होता जा रहा है. जांच एजेंसी की ओर से अब तक भेजे गए 5 समन के बावजूद पूछताछ के लिए नहीं आने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है. एजेंसी ने कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई कि पब्लिक सर्वेंट होने के बाद भी केजरीवाल ईडी के समन का पालन नहीं कर रहे हैं. अब इस मामले की सुनवाई 7 फरवरी को होगी.चर्चित आबकारी घोटाले मामले में ईडी की ओर से अब तक केजरीवाल को 5 समन भेजे जा चुके हैं, लेकिन वह एक बार भी एजेंसी के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुए. ईडी ने दिल्ली की संबंधित अदालत में इस मामले में शिकायत दर्ज करवाई है. इससे पहले आम आदमी पार्टी की ओर से कल शुक्रवार को जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री केजरीवाल अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के कथित मामले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश नहीं होंगे.केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से मुख्यमंत्री केजरीवाल को बुधवार को पांचवीं बार समन जारी किया गया था.

ईडी ने पिछले चार महीनों में केजरीवाल को 4 समन भेजे हैं लेकिन वह अभी तक एक बार भी उसके सामने पेश नहीं हुए हैं. केजरीवाल पिछले साल 2023 में 2 नवंबर और 21 के बाद इस साल 3 जनवरी और 18 जनवरी को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए मिले समन को टाल चुके हैं.

## न्याय यात्रा का मकसद सभी को न्याय दिलाना : राहुल गांधी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** झारखंड की उपराजधानी दुमका पहुंची। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां भव्य स्वागत किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं एवं आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में किसानों, आदिवासियों, युवाओं एवं दलितों के साथ अन्याय हो रहा है। न्याय यात्रा का मकसद सभी को न्याय दिलाना है। कहा कि केंद्र में हमारी सरकार आने पर सबसे पहले जातिगत जनगणना कराएंगे। राहुल गांधी का स्वागत करने के लिए दुमका जिला के बार्डर से ही बड़ी संख्या में लोग सड़क पर खड़े नजर आए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किय। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को अस्थिर कर रही है। दुमका में सरैयाहाट प्रखंड अन्तर्गत कोठिया मोड़ पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज देश में गरीबों, आदिवासियों, किसानों, युवाओं समेत सभी के साथ अन्याय हो रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से सभी परेशान है। कहा कि पिछले 40 वर्षों की तुलना में आज देश में बेरोजगारी सबसे अधिक है।




राहुल गांधी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने किसानों के विरुद्ध काला कानून लाए था। पर किसानों ने इसका जबरदस्त विरोध किया।

अवसर पर कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव,कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, दुमका जिलाध्यक्ष महेश राम चंद्रवंशी सहित कई नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ : नारायणपुर में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

**नारायणपुर/रायपुर (एजेंसी):** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को ढेर कर दिया। घटनास्थल से दो नक्सलियों के शव और 12 बोर बंदूक बरामद किया गया है। हालांकि अभी तक मारे गए नक्सलियों की पहचान नहीं हुई है। यह जानकारी नारायणपुर एसपी ने दी है। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को नारायणपुर दौरे पर थे।

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

अब हृदय का बाईपास सर्जरी, वाल्व रिप्लेसमेंट, फेफड़े इत्यादि का ऑपरेशन

आयुष्मान भारत कार्ड से हो रहा है

78083 68888 www.asarfihospital.com

असर्फी हॉस्पीटल, बारामुड़ी, बिशुनपुर, धनबाद -828130

## जिले में मैट्रिक के 71 एवं इंटर की 37 सेंटर पर होगी परीक्षा

# मैट्रिक के 33,153 एवं इंटर के 29,756 विद्यार्थी परीक्षा में होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले में आगामी 6 फरवरी से प्रारंभ हो रहे मैट्रिक व इंटर की परीक्षाओं को कदाचार व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बैठक हुई। समाहरणालय के दूसरे तल्ले के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने मैट्रिक व इंटर की परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों की जानकारी ली.प्रभारी शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि जिले में मैट्रिक की परीक्षा के लिये 71 एवं इंटर की परीक्षा के लिए 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं.इन परीक्षा केंद्रों में मैट्रिक के 33,153 एवं इंटर के 29,756 विद्यार्थी परीक्षा देंगे.मैट्रिक की परीक्षा प्रथम पाली तो इंटर की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी.उपायुक्त ने स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए कई दिशा-निर्देश दिये.उन्होंने परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं उड़नदस्ता दंडाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिया.बैठक में उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूरी कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,सभी सेंटर सुपरीटेंडेंट,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य लोग उपस्थित थे।



**केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक ध्यान रखें : उपायुक्त**

बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने सभी केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक को परीक्षा संचालन के दौरान ÷क्या करना है÷क्या नहीं करना है संबंधित विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान वीक्षकों का मोबाइल के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा.सभी वीक्षक यह सुनिश्चित करें कि कोई भी परीक्षार्थी कदाचार ना करें.सभी वीक्षक का यह दायित्व होगा कि केंद्र अधीक्षक द्वारा निर्धारित सीट प्लान के अनुसार ही परीक्षार्थी को आवंटित बेंच डेस्क पर ही बैठायें। परीक्षा समाप्ति के उपरांत केंद्र अधीक्षक प्रश्नपत्र सह उत्तर पुस्तिका का रोल कोड एवं रोल नंबर उपस्थिति/अनुपस्थिति के आधार पर अपने प्राधिकृत कर्मियों द्वारा मिलन करते हुए प्राप्त करेंगे। इसी तरह उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों को उनके कार्यों व उनके द्वारा संपादित किए जाने वाले दायित्वों के बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

**सभी बच्चे तनाव मुक्त होकर परीक्षा में शामिल हों, सभी को मेरी शुभकामनाएं : उपायुक्त**

आगामी मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने अभिभावकों व अध्यापकों से भी अपील की है कि वे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए एक मैत्रीपूर्ण वातावरण दें ताकि वे बिना किसी दबाव के पढ़ाई कर और अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें.उन्होंने परीक्षा में शामिल होने वाले बच्चों से तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने की बात कही।

## लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर शनिवार को समाहरणालय के सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मतदान केन्द्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा की उपलब्धता, भलनरेबल मतदान केन्द्र, क्रिटिकल, नॉन क्रिटिकल मतदान केन्द्र, भलनरेबिलिटि मैपिंग, रूट चार्ट, बूथ अवेयरनेस, व्हील चेयर की आवश्यकता एवं उपलब्धता समेत अन्य विषयों को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी से जानकारी लिया। बैठक में उत्पाद अधीक्षक को आवश्यकता अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकनाका की भी जानकारी लेते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चेकनाका पर तैनात पुलिस के जवानों को सक्रिय रहकर हर गतिविधियों पर नजर रखने का निर्देश दिया। भलनरेबल मतदान केन्द्र, क्रिटिकल, नॉन क्रिटिकल मतदान केन्द्र, भलनरेबिलिटि मैपिंग को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अगले एक सप्ताह के अंदर संपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। मतदान केन्द्रों पर एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा) फैसिलिटी के तहत पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण, रैंप की व्यवस्था समेत अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया जिससे मतदान के दिन पोलिंग पार्टी एवं मतदाताओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समय-समय पर स्वीप कोषांग के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, अपर समाहर्ता मतियश विजय टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीबंशीधर नगर रतन कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय समेत उत्पाद अधीक्षक, सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## योद्ध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय में इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब कार्यशाला का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** योद्ध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय मेदिनीनगर की ओर से शनिवार को इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री शशि रंजन ने किया। कार्यशाला में उपस्थित सैकड़ो छात्राओं को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री शशि रंजन ने कहा कि आप सभी छात्राएं आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने जिले के ब्रांड एंबेसडर बने ताकि हरेक लड़की समाज में मतदान के प्रति जागरूकता लाएं। पहली बार वोट करने वाली छात्राएं उत्साह के साथ वोट करें और अपने साथ दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि



सभी लड़कियां टीम बनाकर आपस मे राजनीतिक परिचर्चा करें इससे आप में राजनीतिक विषय पर ज्ञानवर्धन होंगी और इसमें दिलचस्पी भी बढ़ेगी। उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु को सोमवार को महिला कॉलेज में कैंप लगाने का निर्देश दिया। कैंप में 18 साल या उससे अधिक के वैसे छात्राएं जिनका मतदाता पहचान पत्र नहीं बना है, उनका मतदाता पहचान पत्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज के इंफ्रास्ट्रक्चर में डेवलोपमेन्ट किया जाएगा ताकि छात्राओं को पढ़ाई करने में सरल व सुविधा हो। उन्होंने स्कूल प्रशासन से समय-समय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में उपायुक्त ने उपस्थित कई छात्राओं से संवाद किया और उनके प्रश्नों के समुचित जवाब भी दिए। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के गुर भी दिए। इस अवसर पर महिला कॉलेज के छात्राओं ने अलग अलग विषयों से संबंधित स्टॉल लगाए, जिसका अवलोकन उपायुक्त ने किया व स्टॉल लगाने वाले छात्राओं की प्रशंसा भी की।

## धुरकी पुलिस ने युवक-युवती का शव किया बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धुरकी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत गनियारी कला पंचायत के गनियारी खुर्द स्थित आधा किलोमीटर दूर जंगल की ओर से पुलिस ने शुक्रवार की देर शाम मे एक युवक और युवती का शव बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा शनिवार को भेज दिया है। उपरोक्त घटना के संबंध मे थाना प्रभारी संतोष कुमार रवी ने जानकारी देते हुए बताया की गनियारीकला गांव से आधा किलोमीटर दूर जंगल की तरफ एक पेंड़ पर फांसी के फंदे मे झूलता हुआ एक युवक का शव और उसी पेड़ के नीचे एक युवती का शव बरामद किया गया है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने युवक और युवती के शव की पहचान कर ली है,



जिसमे गांव के ही कुलदीप सिंह का 20 वर्षीय बेटी प्रियंका कुमारी है और इसी गांव के मुंद्रीका सिंह का 20 वर्षीय बेटा सुनील कुमार के रूप मे पहचान कर ली गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की युवक का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला है और युवती का पेड़ के नीचे गर्दन में दुपट्टा लगा हुआ शव मिला है। वहीं दोनो युवक युवती का शव की पहचान होने के बाद पूरे गांव यह खबर आग की तरह फैल गई। और ग्रामीणो ने इसकी सूचना धुरकी पुलिस को दिया, इधर सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष कुमार रवी दलबल के साथ गनियारीखुर्द गांव मे घटनास्थल पर पहुंचकर दोनो युवक युवती का शव बरामद कर लेने के बाद पंचनामा कर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया की रिपोर्ट मिलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वहीं पुलिस आग्रेतर कार्यावाई और छानबीन मे गंभीरता से जुट गई है।

## आगामी 28 फरवरी को 51 बहनों की शादी समारोह को लेकर हुआ बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर पंचायत सचिवालय में शनिवार को भाजपा त्रिदेव समिति की बैठक प्रभारी विक्रमा सिंह के अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सभी बुथ अध्यक्ष, सचिव,एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी 28 फरवरी को भवनाथपुर के टाउनशिप में होने वाली 51 गरीब, असहाय बहनों की शादी का सफल आयोजन, वहीं लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा की इस शादी समारोह को सफल बनाने के लिए हर घर में जाकर उन्हें आमंत्रित करें और उनकी स्वेच्छा अनुसार सहयोग भी ले। इस मौके पर प्रभारी विकर्मा सिंह, मुखिया मुंगा साह, राम प्रसाद कमलापुरी, सुनील सिंह, अरबिंद वर्मा, राजा प्रसाद, योगेंद्र सिंह, संतोष राम, सुदामा सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

## आवास के लिए दर-दर की ठोकर खा रहा ब्राह्मण परिवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड स्थित पंचायत भंडार निवासी अमित पांडे जो टूटी फूटी मकान में रहने को विवश है, उन्होंने पत्रकार से बात करते हुए बताया विगत 10 वर्षो से प्रखंड से लेकर पंचायत तक आवास को लेकर दौड़ता रहा, कई बार फॉर्म भी भर कर हमने जमा किया पर मेरा शुद्ध लेने वाला कोई नहीं उन्होंने बताया सरकारी कार्य में पूर्ण रूप से पैसा कमाने को लेकर बिचौलिया हाबी है। जिसके कारण सरकारी योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचना काफी दुर्लभ हो जाता है, कई बार प्रखंड पदाधिकारी, कर्मचारी हमार घर चिन्हित कर देख कर भी गए हैं पर मेरा समस्या यथावत बनी हुई है।



यहां तक की पंचायत सचिव की जवाब दे ही होती है ऐसे लोगो का ख्याल करते हुए उनका कार्य करावे पर ओ पैसा के पिछे ज्यादा और पंचायत की जनता के पीछे कम ध्यान देते हैं, अगर समय रहते मेरा घर नहीं बना तो कभी भी अप्रिय घटना घट जाने की संभावना बनी हुई है, उन्होंने वरीय पदाधिकारी व सरकार से आवास को लेकर गुहार लगाते हुए अवास की मांग कि है।

## कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए दिए दिशा निर्देश : एसडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** आगामी माध्यमिक अपर माध्यमिक परीक्षा के सफल संचालन हेतु अनुमंडल कार्यालय छतरपुर में एसडीओ हीरा कुमार के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बीडीओ केंद्राधीक्षक, शिक्षा विभाग बीपीओ उपस्थित रहे अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुवे कहा कि कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सटैटिक मजिस्ट्रेट एवम प्रयाप्त पुलिस बल प्रतिनियुक्ति होगी। परीक्षा में फर्जी प्रवेश पर परीक्षार्थी के ऊपर प्राथमिकी करने का केंद्राधीक्षक को कड़े निर्देश दिए गए। कुमार ने परीक्षा केंद्र के रख रखाव के उचित प्रबंध करने की बात कही।परीक्षा के आंतरिक एवम वाह्य संरचना की बारीकियों पर पैनी नजर रखे जाने के भी निर्देश दिया।

## बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : भुवनेश्वर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य के पद पर भुवनेश्वर साह ने योगदान दिया। उन्होंने निवर्तमान प्राचार्य रामानंद प्रसाद से प्रभार लिया। प्रभार ग्रहण के बाद उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराते हुए दसवीं और बारहवीं के रिजल्ट को पहले से और बेहतर करना प्राथिमकता होगी। उन्होंने कहा की विद्यालय की छोटी-छोटी समस्याओं को जिला प्रशासन और अभिभावक के साथ मिलकर दूर करते हुए विद्यालय को नई ऊंचाई पर ले जाना है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर प्लस टू सूरत उच्च विद्यालय लोहड़ा के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत लोगों को जागरूक करने को ले प्रखंड के प्लस टू सूरत उच्च विद्यालय लोहड़ा के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। बच्चों के हाथ में तख्ती थी जिसमें सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, कदम बढ़ाए हाथ मिलाए, एक दोपहिया वाहन पर तीन लोग सवार न हो आदि स्लोगन लिखा हुआ था। प्रभात फेरी का नेतृत्व प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी पंडवा राजेश यादव कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को वाहन चलाते समय सतर्कता बरतनी नहीं चाहिए। कभी भी वाहन चलाते समय मोबाइल से बात ना करें। इस मौके पर शिक्षक सतीशचंद्रा, पूर्व थाना प्रभारी पंडवा नकुल साह, सुशील सिंह सहित दर्जनों बच्चे प्रभातफेरी में शामिल थे।

## उज्जवल दुबे को श्रीमदभागवत कथा पुराण महायज्ञ का अध्यक्ष चुना गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के पूर्वडीहा अमोला बगीचा में श्रीमद भागवत कथा पुराण महायज्ञ का 10 वां अधिवेशन को लेकर एक बैठक हुई। बैठक के दौरान महायज्ञ की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं पदाधिकारी का भी चयन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से उज्जवल दुबे को अध्यक्ष, सुभाष दुबे को उपाध्यक्ष, संजीव दुबे, कुणाल दुबे को कोषाध्यक्ष, संजम दुबे, विकाश दुबे को सचिव, निशांत दुबे, अभिमन्यु दुबे



को उपसचिव, फोटु दुबे को संगठन मंत्री,जयंत दुबे, मंटू दुबे, परितोष दुबे को सफाई मंत्री, अभिजीत दूब (धनु), जयंत दुबे को कार्यालय अध्यक्ष, सोनू दूबे, रिंकू दुबे को भंसा अध्यक्ष तथा सक्रिय सदस्य राहुल दुबे, अमित दुबे, आशीष प्रकाश दुबे, कारो दूब चितरंजन दूबे, अविनाश दुबे, अमित दुबे, राजकुमार दूबे, निलेश दूबे, राजन, विकाश, गोलू, अनीष, मनीष, सुमित, सतेन्द्र, शोभित, डीएसपी, मोहित, राजा दुबे,गोविंद दुबे, प्रेम दुबे (पीसी), राहुल दूबे, जीतू, गोल्डेन, आदर्श, रिशु दुबे, नितेश, गोलू, अमित अजय जी, प्रियांशु दुबे, बिशाल दुबे, रतन दुबे के अलावा संरक्षक मैनेजर दूबे, लाल मोहन दुबे, रामव्यास दुबे, बलराम दुबे, बाल्मिकी दुबे, धनवंत दुबे, कृष्णमणि दूबे, रमेश दूबे, नागेंद्र दुबे, दिलीप दुबे, हाई लाइट बाबा, रासबिहारी दुबे, बजरंगी दुबे, फनू दूबे, देबंस दुबे, पपलु दुबे मुखिया, उदय शंकर दुबे, रिंकू दुबे, राजदेव दूबे, पंचम दुबे, कुन्दन दुबे, लड्डू दुबे, सोशिल दुबे, अनिल दुबे, पंचम दूबे, रासबिहारी दुबे, गुड्डू दुबे उर्फ कृष्ण दुबे महुलिया, बबलू दुबे गुड्डू दुबे उप मुखियाभरत दुबे रविन्द्र दुबे सुधाकर दुबे का नाम शामिल है। अध्यक्ष उज्जवल दुबे ने बताया कि महायज्ञ कार्यक्रम को लेकर जल यात्रा 21 फरवरी को होगा।

## बैठक का आयोजनः भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ सशक्तिकरण अभियान में जुड़ जाए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत चैनपुर पंचायत भवन में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता के साथ गांव की और चले को लेकर बैठक आहूत की गई थीं। बैठक में कार्यकर्ता बुथ को लेकर आत्ममंथन की गई साथ ही मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पाण्डेय ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को जानकारी दिया की प्रदेश का कोई भी कार्यकर्ता प्रवासी बनकर प्रखंड के किसी भी बुथ पर एक दिन के लिए प्रवास करने आएंगे जिसके लिए सभी कार्यकर्ताओं



को लगन के साथ तैयार रहने की जरूरत है.बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता बूथ मजबूत करने के लिए जुट जाएं और कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल मे धरातल पर काम हुए जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे विस्तार से लोगो के बिच गांव गांव तक जाकर बताए।मंडल अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की संस्कृति को बचाने और भारत माता को परम वैभव पर पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रहें हैं। दीवार लेखन का कार्यक्रम प्रखंड में तेज़ी से किया जाए, और लोगो के बिच जाकर जानकारी देने का काम करे भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार चुनाव मैदान मे आने वाले है साथ ही बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ता रामचन्द्र दास को मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पाण्डेय ने माला पहनाकर भारतीय जनता पार्टी मे शामिल किया। कार्यक्रम का प्रभारी किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज दास व प्रखंड महामंत्री मनीष पांडेय थे। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद, विनोद बैठा, धर्मदेव सिंह, सुरेश चौधरी, उमेश प्रजापती, केदार राम, गोरख सिंह, अनुप कुमार साव, बिन्दु साव, दिनेश प्रजापती शामिल थे।

## निवर्तमान एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ समिति श्री बंशीधर नगर के तत्वावधान में अनिकेत पैलेस में आयोजित एक समारोह में निवर्तमान एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी को सम्मानित किया गया.श्री केशरी को यह सम्मान प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में विगत वर्ष अनंत समलंकृत पूज्यपाद श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामीजी महाराज के चातुर्मास्य व्रत के उपलक्ष्य में उनके पावन सानिध्य में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीरामानुजाचार्य सहस्त्राब्दि जयंती स्मृति महामहोत्सव के विराट आयोजन को सफल बनाने में अतुलनीय योगदान के लिये किया गया. मौके पर एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तीन वर्षो



तक श्री बंशीधर नगर में सेवा और ऐतिहासिक महायज्ञ के सफल आयोजन में योगदान का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है. श्री बंशीधर जी की कृपा से उन्हें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है.उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर अनुमंडल शांत शहर है, यहां के लोग मिलनसार एव हर सुख दुख ने शामिल होकर हौसला अफजाई करने वाले हैं. यहां लोग एक दूसरे के पर्व त्यौहार में शामिल होकर आपसी सौहार्द बनाए रखते है. एसडीपीओ ने कहा कि तीन वर्षो का कार्यकाल श्री बंशीधर में बेहतर तरीके से बीता है. इस दौरान रामनवमी, श्री बंशीधर महोत्सव, मोहर्रम एवं चातुर्मास्य व्रत सह श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य और दिव्य आयोजन हुआ। जो जीवनकाल तक स्मरणीय रहेगा। समिति की ओर से लेखा पदाधिकारी धीरेन्द्र चौबे ने कहा कि लगभग महायज्ञ में जुटी 50 लाख लोगों से अधिक की भीड़ को पुलिस ने जिस तरह व्यवस्थित कर आयोजन को सफल बनाया। उसमें एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी की भूमिका अहम रहा है.रमना थाने में छठ को लेकर प्रशासन और पब्लिक के बीच गतिरोध को समाप्त कर उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल कर एक मिसाल कायम की है.उन्होंने श्री केशरी की प्रोन्नति के साथ साथ स्वस्थ और सुदीर्घजीवन की कामना की. मौके पर आरटीआई कार्यकर्ता बैजनाथ तिवारी व निवर्तमान वार्ड पार्षद रंजन कुमार उर्फ छोटू ने भी अपने विचार व्यक्त किया। **महायज्ञ समिति और चेंबर ने किया सम्मानित :** समारोह में श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया. चेंबर के पदाधिकारियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. धन्यवाद ज्ञापन नगर पंचायत के सिटी मैनेजर रवि कुमार ने किया.समारोह में बैजनाथ तिवारी, रिटायर्ड कैप्टन सुनील कुमार चौबे अधिवक्ता राजेश पांडेय,धर्मेंद्र प्रताप देव उर्फ बंगाली सिंह, संजय पांडेय, विक्रांत सिंह उर्फ सोनू सिंह, गोपाल प्रसाद जायसवाल, मिकी जायसवाल, राकेश विश्वकर्मा, अनूप निराला, विद्या भाष्कर, ओमप्रकाश चौबे, पंकज कुमार चौबे, रंजन कुमार छोटू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## निवर्तमान सीओ को दी गई विदाई, नए सीओ का हुआ स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को अंचला अधिकारी संजय बाखला का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में आयोजित कर स्थानांतरित अंचलाधिकारी संजय बाखला को विदाई दी गई एवं नव पदस्थापित अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल का स्वागत किया गया।विदाई समारोह में ज़िला परिषद सदस्य फैयजाल अंसारी ने कहा कि सीओ संजय बाखला का कार्यकाल सांदर रहा किसी प्रकार का कोई शिकायत जनप्रतिनिधि या आम जनता ग्रामीण का नहीं रहा। प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि अंचला अधिकारी संजय बाखला जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जनता को हर प्रकार का सहयोग किया और सुख दुःख में साथ रहा यह बहुत बड़ी योगदान हैं। उप प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधि को एक मंच पर लेकर चलना बहुत बड़ी बात है ऐसा ही कार्यकाल संजय बाखला का रहा। बीडीओ नितेश भास्कर ने कहा कि जनप्रतिनिधि व ग्रामीण को एक साथ ताल मेल बैठकर लेकर चलना अधिकारियों के लिए बहुत बड़ी चुनौती होती है जिसका उदाहरण पूर्व सीओ संजय बाखला हैं ऐसे लोगो से हम जैसे व्यक्तियों को सिख लेने की जरूरत हैं,अधिकारियों का तबादला इधर से उधर एक सरकारी प्रक्रिया है जिससे गुजरना पड़ता है मन चाहें अधिकारी एक ही जगह नहीं रह पाते हैं। पूर्व सीओ संजय बाखला ने कहा कि सरकारी सेवा में पदस्थापन एवं स्थानांतरण होना सरकार एवं नौकरी की एक अपनी व्यवस्था है, अधिकारियों को जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जनता को सुख दुःख में मिलाकर चलना चाहिए जिससे की अधिकारियों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े।मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष सागर दास, रामगढ़ उप प्रमुख पति महावीर साव सहित प्रखंड कर्मी व अंचल कर्मी उपस्थित थें।

**संक्षिप्त खबरें**

## आम लोगों के लिए छह फरवरी से खुलेगा राजभवन उद्यान

**रांची :** राजभवन उद्यान आम लोगों के लिए छह फरवरी से खोला जा रहा है। उद्यान 12 फरवरी तक सुबह 10 बजे से अपराह्न तीन बजे तक खुला रहेगा। कोई भी व्यक्ति सुबह 10 बजे राजभवन के गेट नंबर-दो से अपना रजिस्ट्रेशन और सुरक्षा जांच कराकर दिन के एक बजे तक ही अंदर प्रवेश कर सकेंगे। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क होगा। राजभवन ने लोगों की भीड़ की संभावना को देखते हुए दर्शक को अंदर अधिकतम 30 मिनट तक ही भ्रमण करने की अनुमति दी है। प्रवेश करने के लिए हर व्यक्ति को अपने पास पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। इस उद्यान में 400 किस्म के 17 हजार से अधिक गुलाब हैं। विदेशों से मंगाये गये फूल सहित भारत-पाकिस्तान युद्ध में उपयोग में लाये गये टैंक, बड़ा चरखा, शहीद स्थल आदि आकर्षण का केंद्र हैं।

## झारखंड में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को राजद का पूर्ण समर्थन

**रांची :** राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के निर्देशानुसार राजद के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि राहुल की पदयात्रा में शामिल हों। राजद की प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव ने शनिवार को कहा कि पार्टी नेताओं का निर्देश है कि राहुल को पूर्ण समर्थन दें। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार जिन राज्यों में पिछड़े, दलित और आदिवासी की सरकार है उसको अस्थिर करने पर लगी हुई है। झारखंड की महागठबंधन की सरकार को गिराने का षड्यंत्र कर रही भाजपा को मुंह की खानी पड़ी।

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को लेकर पार्टी श्वेत पत्र जारी करेगी : सुप्रियो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** 31जनवरी 2024 को प्रवर्तन निदेशालय की टीम द्वारा गिरफ्तार किए गये पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ अब तक कोई सबूत पेश नहीं कर पाई है ईडी। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री के लिए राज्य की जनता यही बोल रही हैं कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। इसकी परिकल्पना हम लोगों ने 29 दिसंबर से सोच रहे थे। सरकार का गठन होने के बाद से ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा था। इनकी सीधी सोच है कि सरकार बनाओ, जनता ने समर्थन दिया तो ठीक, नहीं तो परेशान करके सरकार गिरा दो और फिर सरकार बना लो। इसका उदाहरण कई राज्य हैं। हेमंत सोरेन




की गिरफ्तारी के 72 घंटे बीत जाने के बाद भी अब तक धाराओं की जानकारी नहीं दी जा रही है। किस जुर्म में उन्हें गिरफ़्तार किया गया। इसका कोई आधार अभी तक निकल कर सामने नहीं आया है। सुप्रियो ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस्तीफा देने के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री का चयन क्यों नहीं किया गया। यह जमीन आंदोलनकारियों की है। राज्यपाल से हम लोगों ने कहा कि कार्यपालिका का कोई अधिकारी नहीं है, लेकिन फिर वे भी मौन रहे। जब लोगों में आक्रोश देखा तब बीजेपी को सांप सूंघ गया और रात में बुला कर सरकार बनने का न्यौता दिया गया। राज्यपाल ने किस आधार पर बहुमत सिद्ध करने को कहा। किस चीज का विश्वास मत साबित करने की बात कर रहे हैं। जितनी संख्या हमारी पहले थी अभी भी हमारे पास है। 47 विधायक अब भी हैं। पार्टी जल्द ही श्वेत पत्र जारी करेगी और बताने का कम करेगी कि कैसे ग़ैरक़ानूनी तरीक़े से राजनीतिक तरीके से परेशान किया गया है। झारखंड आंदोलनकारी का राज्य है। हेमंत सोरेन आंदोलनकारी गुरु दिशूम गुरु शिबू सोरेन के बेटे हैं। पूरी जनता हेमंत सोरेन के साथ है।

# सीपीआई कार्यालय में राहुल गांधी की न्याय यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** इंडिया गठबंधन की बैठक झामुमो के जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में सीपीआई राज्य कार्यालय में हुई। जिसका संचालन सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह के द्वारा किया गया। इंडिया गठबंधन के बैठक में कांग्रेस झामुमो,राजद, सीपीआई, सीपीएम, माले, मासस आप टीएमसी के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से 5फरवरी को रांची के शहीद मैदान में राहुल गांधी के न्याय यात्रा में आयोजित जनसभा को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय लिया गया ।सभी दल के लोगो ने एक स्वर में कहा कि रांची के एच इ सी में जनसैलाब होगा।सभी दल इस न्याय यात्रा में अपनी पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा की एच ई सी को बचाने के सवाल को प्राथमिकता से इस जनसभा में राहुल गांधी से उठाने की मांग करेगा। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा की यह न्याय यात्रा मोदी सरकार की जन विरोधी




नीतियों के कारण पूरे देश में जागरूकता केलिए की जा रही है।झामुमो के मुस्ताक आलम ने कहा की देश एकता और अखंडता की रक्षा के लिए लोगो को बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।राजद के अनिता यादव ने कहा की केंद्र सरकार को सत्ता से उखाड़ फेकने का समय आ गया है।आप के संतोष रजक ने कहा की न्याय यात्रा से सभी वर्ग को न्याय मिले इसके लिए प्रयास करना है, सीपीआई के जिला सचिव अजय सिंह ने कहा की यह यात्रा की जरूरत इस देश में बेकारी , मंहगाई बेरोजगारी किसानों और मजदूरों को जागरूक कर आने वाले 24के चुनाव केंद्र की मोदी सरकार को उखाड़ फेकने के लिए गोलबंदी करने के लिए है । इस बैठक में कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय,सीपीआई से पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता,झामुमो के मुस्ताक आलम, कलाम आजाद, एस के देओल ऊर्फ बटर सिंह,राजद के रंजन यादव, कैलाश यादव,टीएमसी के जे पी साहू,आप के अविनाश कुमार, संतोष रजक,सीपीआई के अशोक यादव,बाबूलाल झा,सीपीएम के सुखनाथ लोहरा, बिरेंद्र कुमार,अमल आजाद,माले के जगरनाथ उरांव ,आलोक कुजूर कांग्रेस के योगेंद्र सिंह बेनी एवम अजय सिंह मुख्य रूप से शामिल थे।

# हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने पदभार लिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** हटिया डीएसपी के पद पर नए डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा ने पदभार ग्रहण किये।इस मौके पर पूर्व हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने उन्हें प्रभार सौंपा।

# सांसद सेठ ने लोकसभा में जेएसएससी प्रश्नपत्र लीक का मामला उठाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ ने लोकसभा के बजट सत्र के दौरान झारखंड में जेएसएससी की परीक्षा के पेपर लीक होने का मामला उठाया। सांसद ने कहा कि एक तरफ मोदी युवाओं को लाखों नौकरियां दे रहे हैं तो दूसरी तरफ झारखंड में परीक्षा का प्रश्न पत्र ही लीक हो जा रहा है।

सेठ ने कहा कि राज्य के युवा रात भर ट्रेन और बसों में सफर करके अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचे। परीक्षा हुई, तब इन्हें पता चला कि इस परीक्षा का प्रश्न पत्र एक रात पहले ही लीक हो चुका है। झारखंड के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में है। राज्य का हर युवा ठगा



हुआ महसूस कर रहा है। हर साल 5 लाख नौकरी देने का वादा करने वाली सरकार ने युवाओं के सपने रौंदे हैं। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया, किसी भी युवा को बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला। अपनी मांगों के लिए आंदोलन करने वाले युवाओं को लाठियां से पीटा जा रहा है। उन पर लाठीचार्ज किया जा रहा है। सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में यह मांग की कि जेएसएससी के प्रश्न पत्र लीक होने की मामले की सीबीआई जांच कराई जाए। युवाओं को इंसाफ दिया जाए।

# रांची डीएसपी दीपक ने धनबाद डीएसपी पदभार लिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची शहर के सिटी डीएसपी रहे दीपक कुमार अब धनबाद के लॉ एंड ऑर्डर को संभालेंगे। उन्होंने शनिवार को पदभार भी ग्रहण कर लिया। दीपक ने कहा काम काम होता है। कहीं भी रहे जनता की सेवा करना है।

# एनसीसीएफ सुधर जाए अन्यथा तालाबंदी के लिए तैयार रहे : अभिषेक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल छात्र के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर आशीष कुमार झा से मुलाकात कर उन्हें मारवाड़ी महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के साथ उत्पन्न हुई समस्या से अवगत कराया। अभिषेक शुक्ला ने समस्या से अवगत कराते हुए रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर आशीष कुमार झा से कहां की मारवाड़ी महाविद्यालय पीजी सत्र 22 24 सेमेस्टर 2 में लगभग एक दर्जन छात्र-छात्राओं को इंटरनल सेम 2 की परीक्षा में अनुपस्थित दिखाकर फेल कर दिया गया है जबकि उन छात्र-छात्राओं ने इंटरनल एग्जाम दिया है अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा की विश्वविद्यालय प्रशासन एवं आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा इतनी बड़ी गलती कैसे हो सकती है हर एक परीक्षा के बाद इस तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है और छात्र-छात्राओं को परेशान किया जा रहा हैअभी तक उन छात्र छात्राओं का सेकंड ईयर में नामांकन नहीं हुआ है कॉलेज प्रशासन उन्हें विश्वविद्यालय प्रशासन भेज देता है विश्वविद्यालय प्रशासन उन्हें कॉलेज प्रशासन से बात करने को कहता है , एनसीसीएफ अपनी निद्रा मे मस्त है आगे अभिषेक शुक्ला ने कहा की अगर 7 दिनों मैं छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम मे सुधार कर सेकंड ईयर में नामांकन और सेमेस्टर 3 का फॉर्म विश्वविद्यालय द्वारा नहीं भरवारा गया तो छात्र आजसू के सदस्य विश्वविद्यालय की आउटसोर्सिंग कंपनी एनसीसीएफ में अनिश्चितकालीन तालेबंदी करेगी। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर आशीष कुमार झा ने कहां की सभी छात्र छात्राओं के परीक्षा फल मे जल्द ही सुधार कर दिया जाएगा एवं उसके बाद वह छात्र-छात्राएं सेकंड ईयर में अपना नामांकन करा कर थर्ड सेमेस्टर का फॉर्म भरेंगे। मौके पर मुख्य रूप से- बिपिन यादव, राहुल कुमार , मनजीत, प्रियांशु, विशाल कुमार यादव, अमित तिर्की,साहिल कुमार, मनोज, प्रेम, पूजा कुमारी, के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

# हातमा जंगल से युवती का जला हुआ शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची जिला से सटे हातमा जंगल से एक युवती की जला हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई है। जंगल में शव जला देख कर आस पास के ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव में पानी डाल कर उसे बुझाया। बताया जा रहा है कि मामला मांडर थाना क्षेत्र के हातमा जंगल का है। बताया गया कि युवती की कमर से ऊपर का हिस्सा पूरी तरह जल चुका है। इस वजह से युवती की पहचान नहीं



हो सकी है। युवती ब्लू कलर की लेगिंस पहन रखी है। बीच जंगल में जहां से शव बरामद किया गया है, वहां केक का टुकड़ा और बैग बरामद किया गया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस की मानें तो युवती की उम्र 20 से 21 साल के बीच लगाया जा रहा है। घटना सुबह लगभग 9 बजे की बतायी जा रही है। मांडर थाना प्रभारी विनय यादव और खलारी डीएसपी भोला प्रसाद सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का मुआयना किया और बताया कि एफएसएल की टीम और टेक्निकल सेल को लगाया गया है। जल्द की आरोपियों की पहचान कर ली जाएगी।

**डीएसपी ने कहा:** इस घटना पर खिलारी डीएसपी भोला प्रसाद सिंह ने कहा कि घटना मांडर थाना अंतर्गत आने वाले हातमा जंगल की है और यह पूरी तरह से प्लानिंग मर्डर लग रहा है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। और बहुत जल्द इस केस का भी उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, श्वेता भारती की विदाई सुरभि सिंह का हुआ स्वागत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** निवर्तमान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची श्वेता भारती की विदाई और नये जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची सुरभि सिंह के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समाहरणालय ब्लॉक बी स्थित जिला समाज कल्याण कार्यालय में आयोजित समारोह में पदाधिकारियों/कर्मियों ने श्वेता भारती के साथ अपने कार्यानुभव साझा करते हुए उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।

समारोह के दौरान श्वेता भारती ने बतौर डीएसडब्ल्यूओ अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों/कर्मियों की कार्यशैली एवं सहयोग की सराहना करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्वेता भारती ने नए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिला में सभी पदाधिकारियों/कर्मियों के सहयोग से विभागीय कार्य सुचारु रुप से जारी रहेंगे, ऐसी कामना करती हूं।

## राहुल गांधी के पांच फरवरी को रांची आगमन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पांच फरवरी को रांची आगमन और अन्य कार्यक्रमों को लेकर बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए। बैठक जारी है।

# परिवारिक ड्रामा फिल्म मेरे साथी मेरे प्यार का हुआ प्रमोशन, जल्द होगी रिलीज : बी साहा

**प्रभातम मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हिंदी फिल्म निर्माता/ निर्देशक/ लेखक अजय बीरेंद्र साहा ने बताया कि शिवम पार्वती आर्ट क्रिएशन के बैनर तले निर्मित परिवारिक ड्रामा फिल्म मेरे साथी मेरे प्यार जिसका प्रमोशन शनिवार को मिनी सुजाता में किया गया। बीरेंद्र साहा ने बताया कि संवेदनाओं व रिश्तो की जटिलताओं का भी उम्दा से रेखांकित करती बिहार और झारखंड की पृष्ठभूमि पर बनी हिंदी पिक्चर फिल्म %मेरे साथी मेरे प्यार को बहुत जल्द सिनेमा घरों तक लेकर आ रहे हैं। जयराम प्रसाद व गोपाल चन्द्र गोप द्वारा प्रस्तुत इस पारिवारिक फिल्म की कहानी ग्रामीण परिवेश से आरंभ होकर शहर तक पहुंचती है।



अनाथ बिरजू को हीरा और उसकी पत्नी गौरी पुत्रवत स्नेह देते हैं जो पड़ोसी महिलाओं को राम रस नहीं आता उधर उसी गांव का रवि बिरजू के पीछे पड़ जाता है आखिरकार बिरजू कैसे स्वयं को अपने स्वजनों सहित बचाता है इस रहस्य का खुलासा के लिए दर्शकों को मेरे साथी मेरे प्यार देखने सिनेमा घर तक आना होगा। वीरेन्द्र साहा ने बताया कि फिल्म के कलाकार बिहार और झारखंड प्रदेश से संयुक्त रूप से जुड़े हैं। इस फिल्म के हीरो विकास कुमार, हीरोइन श्वेता शर्मा है, सचिन कुमार, गोपाल चन्द्र गोप, वीरेन चौहान, सीमा गोस्वामी, हेमलता शर्मा, विकाश कुमार बिट्टू, असनीव, सीमा गुप्ता, रेणु, अशोक कुमार, रोशन कुमार, निवास कुमार और आइटम गर्ल गुड़िया यादव आदि हैं। बिहार और झारखंड के खूबसूरत वादियों में फिल्मांकित इस फिल्म के सहनिर्माता सपन दास, सुरेश महतो व आनंद राय, गीतकार इंदल पंडित, संगीतकार नीतेश निराला, नृत्य निर्देशक अशोक माईती व गणेश अक्षत, एक्शन मास्टर नवीन, प्रोडक्शन डिजाइनर रमेश सिन्हा और कैमरामैन कमल हैं। मौके पर झारखंड फिल्म निर्माता निर्देशक अनिल सिकदार, झारखंड फिल्म एसोसिएशन के आनन्द जालान , मृदुला संतोष आदि उपस्थित थे।

# एक जिले में तीन वर्ष से जमे 25 परिचारी प्रवर और 48 परिचारी के तबादले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 25 परिचारी प्रवर और 48 परिचारी का तबादला किया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर एक फरवरी को राज्य पुलिस स्थापना पार्षद की बैठक में लिये गये निर्णय के तहत एक ही जिले में तीन वर्ष से जमे परिचारी प्रवर और परिचारी का तबादला किया गया है।डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। परिचारी प्रवर विकास कुमार सिंह को चतरा से पलामू, शेरू कुमार रंजन को देवघर से लोहरदगा, दीपक कुमार प्रसाद को धनबाद से जेपीए हजारीबाग, अरुण कुमार किशन को धनबाद से रेल जमशेदपुर, उमेश कुमार उरांव को धनबाद से नेतरहाट, ओमप्रकाश दास को गढ़वा से रांची, संदीप कुमार को गोड्डा से गढ़वा, धर्मेंद्र कुमार राम को जमशेदपुर से गोड्डा, रंजीत कुमार को जमशेदपुर से सिमडेगा। सोना राम सोरेन को जमशेदपुर से खूंटी, कामेश्वर राम को जामताड़ा से रेल धनबाद, विनोद कुजूर को जेपीए से धनबाद, राकेश कुमार दुबे को नेतरहाट से धनबाद, रौशन मरांडी को खूंटी से देवघर, विनाश टुडू को कोडराम से जमशेदपुर, सुरेश कुमार ओझा को लोहरदगा से रांची, अवधेश कुमार को पाकुड़ से धनबाद, अनिश मोमित कुजूर को पलामू से चतरा, सिलवेस्टर बा रेल जमशेदपुर से सरायकेला, राजकिशोर कुमार को रेल धनबाद से जमशेदपुर, ब्रजेश कुमार को विशेष शाखा से जामताड़ा, खुशीलाल महतो को सिमडेगा से पाकुड़, जेबियर बाखला को सरायकेला से कोडरमा, रान्धो देवगम को टीटीएस जमशेदपुर से जमशेदपुर और अभिनव कुमार को रांची से स्पेशल ब्रांच भेजा गया है। इसी तरह परिचारी देवनिश बेक को बोकारो से गुमला, चारु बेदिया को चाईबासा से धनबाद, यशवंत लकड़ा को चाईबासा से देवघर, ज्ञानेद्र पति को चतरा से कोडरमा, प्रतीक कुमार को देवघर से चाईबासा, सुदामा कुमार रवि देवघर से जगुआर, सुनील किसपोट्टा को देवघर से चाईबासा, हरि कुजूर देवघर से रेल जमशेदपुर, अमित महतो धनबाद से सीटीसी मुसाबनी, सत्येंद्र प्रसाद धनबाद से जेपीए, रजनीश कुमार को धनबाद से कोडरमा, राहुल कुमार रजक धनबाद से गिरीडीह, मसंग हंसदा धनबाद से दुमका। शिव प्रसाद महतो दुमका से बोकारो, किशोर कुमार महतो दुमका से जमशेदपुर, अनिमा शांतिधन दुमका से रांची, अभय सिंह गिरीडीह से दुमका, प्रफुल्ल पांडेय गोड्डा से चतरा, श्रीकांत मरांडी गोड्डा से सिमडेगा, अर्जून कुमार महथा गुमला से धनबाद, विवेक कुमार जमशेदपुर से लोहरदगा, पुस्कर कुमार जमशेदपुर से देवघर, जगरनाथ सुंडी जमशेदपुर से पाकुड़, संजय कुमार सिंह जमशेदपुर से साहेबगंज, मो तौसिफ अहमद जामताड़ा से रांची, जितेद्र उरांव जेपीए से जमशेदपुर, उत्तम कुमार महथा खुंटी से सरायकेला। सन्नी कच्छप कोडरमा से रामगढ़, योगेश कुमार कोडरमा से धनबाद, पप्पू विश्वकर्मा लोहरदगा से रांची, नितेश प्रसाद पाकुड़ से जमशेदपुर, प्रीतम महतो पाकुड़ से रांची, सतपाल सिंह रेल जमशेदपुर से गढ़वा, किशोर कुमार रामगढ़ से जामताड़ा, वैभव कुमार रांची से नेतरहाट, संतोष कुमार रांची से गोड्डा, अंगद कुमार रवि रांची से खूंटी, महेश कुमार चौधरी रांची से स्पेशल ब्रांच, रंजन प्रसाद रांची से गोड्डा।

**झारखण्ड विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

**सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का चतुर्दश (विशेष) सत्र दिनांक-05 फरवरी, 2024 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।**

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची।

ज्ञाप संख्या : जनसम्पर्क-03/2024-330/वि०स, रांची, दिनांक-03/02/2024

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## हाथियों के झुंड गांव पहुंचने से ग्रामीण दहशत में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिल्ली :** प्रखंड के गेड़बीर आसपास के क्षेत्रों में बिते रात हांथियों के क्षुंड पहुंचने से ग्रामीण दहशत में हैं। जानकारी के मुताबिक हाथियों ने गेड़ेबीर निवासी फणिभूषण करमाली, भद्रु करमाली, भूषण करमाली, विक्रम बेदिया के पक्का मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी करीब 18 की संख्या में हैं। छह बच्चे भी हैं। बीते रात करीब 9 बजे हाथियों का झुंड सरग डीह प्रर्चांदु पहाड़ के जंगल से स्वर्णरेखा नदी पार करके गांव प्रवेश कर गए। लोग सोने ही जा रहें थे इतने में हाथियों का बच्चा फनी भूषण के घर में घुस के घर में ही बैठ गया। तब घर वाले निकालने लगे नहीं निकल रहा था । इसी बीच बच्चे की खोज में अन्य हांथी घरों को तोड़ कर घुस गए। जहां घर में रखे चावल और धान खा गए। वन विभाग को सूचना रात को ही दे दी गई थी। हाथी भगाओ दल भगाने में जुटे है। हांथी अभी आस पास के जगलों ने शरण लिये गुए हैं। वहीं ग्रामीण भी भयभीत हैं।

## सामाजिक राजनीतिक जवाबदेही को निभाए कार्यकर्ता और अवाम के लिए हो समर्पित : सुदेश महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**बुंडू :** बुंडू में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में जवाबदेही से काम नहीं होने की वजह से यहाँ के लोग हताश और परेशान हैं। जवाबदेही तय करने के लिए जनता के बीच रहकर उनके हित और अधिकार के लिए काम करने वाला जनप्रतिनिधि चाहिए जिसके अंदर काम करने की भूख हो। लोग अपनी आवशकता के अनुसार राजनीति करते हैं। उन्हें अपने कर्तव्य का बोध ही नहीं है जबकि आजसू पार्टी जवाबदेह राजनीति करती है। नेतृत्व का आभाव से घोर निराशा में है जनता। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने पॉलीटेक्निक कॉलेज, बुंडू में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कही। इस बैठक में पार्टी के भावी कार्यक्रमों और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि बुंडू के लोग हॉस्पिटल के लिए लड़ रहे हैं। अस्पताल सुचारू रूप से चले इसके लिए भूख हड़ताल पर बैठना पड़ता है। तब अस्पताल शुरू होता है लेकिन कुछ ही दिनों में फिर से ताला लग जाता है। इसकी यहां कोई चिंता करने वाला नहीं है। अब क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं ने राजनीतिक बदलाव लाने की तैयारी कर ली है। मौके पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जनता की आवश्यकता के अनुसार कार्य करना ही हमारा ध्येय है। पार्टी का हरेक कार्यकर्ता को लीडर की भूमिका में आना होगा। सामाजिक राजनीतिक जवाबदेही को निभाए कार्यकर्ता और अवाम के लिए हो समर्पित। हम सभी को मिलकर राजनीतिक भटकाव को पटरी पर लाना है।उन्होंने ने कहा कि सबसे अधिक ग्राम सभा को मजबूती देने की आवश्यकता है। सशक्त ग्राम सभा ही सशक्त ग्रामीण विकास का आधार है। प्रखंड के अधिकारी ग्राम सभा के निर्णयों को लागू नहीं करते हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं. : 1. ई–निविदा सं० :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–61–23–24 दो पैकेट सिस्टम, **कार्य का नाम :** टोरी–शिवपुर तीसरी लाइन के निर्माण के अंतर्गत सीसीएल के मगध–संघमित्रा क्षेत्र के बुकरू, बालूमाथ और फुलबसिया साइडिंग में बाउंड्री वॉल/विंड ब्रेकिंग वॉल का निर्माण, आरओबी में क्रैश बैरियर का निर्माण और अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रु.) :** 20,09,66,237.98, **बोली प्रतिभूति (रु.) :** 11,54,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 महीने

**क्रम सं. : 2. ई–निविदा सं० :** पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–71–23–24 दो पैकेट सिस्टम, **कार्य का नाम :** Dy. CE/C/बरकाकाना के अंतर्गत बरकाकाना–रांची खंड की बी.जी. रेल लाइन में सिधवार (किमी 143.144) – सांकी (किमी 169.854) के बीच खंड में किमी 152.520 से 160.600 (किमी 155.250 से 155.750 और किमी 156.700 से 156.900 को छोड़कर) के बीच कटान में संवेदनशील स्थानों के लिए रॉकफॉल सुरक्षा, ढलान स्थिरीकरण और अन्य संबंधित कार्य। **अंकलित मूल्य (रु.) :** 31,47,54,761.50, **बोली प्रतिभूति (रु.) :** 17,23,800.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 10 महीने

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 23.02.2024, 15:30 बजे**

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा कुचले गये। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाएं गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए ये निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण**
**पूर्व मध्य रेलवे, महेंद्रूघाट, पटना**

**पीआर/02231/कॉन/इंजी०/टी/23–24/56**


## वंडरलैंड स्कूल कन्दरी में धूमधाम से मनाई गई वार्षिकोत्सव



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के कन्दरी मोड़ स्थित वंडरलैंड स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा आकर्षक और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इन छोटे बच्चों का कार्यक्रम देखकर यह सहज ही कहा जा सकता है कि स्कूल के सारे स्टाफ काफी मेहनती है। साथ ही उन्होंने कहा कि बहुत कम फीस में इतनी अच्छी शिक्षा देना काबिले तारीफ़ है। निदेशक मो नेशार आलम ने बताया कि यहां पर अनुशासन का खास ख्याल रखा जाता है। साथ ही कम फीस में गुणवतापूर्ण शिक्षा दी जाती है। बच्चों को घरवाला माहौल देकर पढ़ाया जाता है। कार्यक्रम में राजस्थानी, गढ़वाली, पंजाबी, हरियाणवी नृत्य के जरिए सभी राज्यों की संस्कृति का प्रस्तुतीकरण किया गया। रेट्रो सान्ग ने सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कक्षा प्री नर्सरी के बच्चों ने भी नृत्य - गायन की प्रस्तुती दी, जिससे दर्शक गद?गद हो उठे। सर्वश्रेष्ठ नृत्य प्रदर्शन में निलोफर प्रवीन व सर्वश्रेष्ठ एक्टिंग में एहतेशाम ने जीत हासिल किया। भाषण श्रृंखला में श्रीकांत, रिदम शीफा, अयान मिस्त्री, अम्मारा, मीरान, गुनगुन व अन्य ने जीत दर्ज करायी। धन्यवाद धन्यवाद ज्ञापन करते हए प्राचार्या अनामिका राज ने सभी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के निदेशक मो नेशार आलम, शगुफ्ता परवीन, , ज्योती कुमारी, पुष्पांजली साहू, अर्चना, ईशरत, सुमन, मुस्ताक अंसारी, वकार अहमद, आदी का भरपूर योगदान रहा। मौके पर उपस्थित बी. एन. गोप, मुस्लिम अंसारी, आबिद अंसारी, शमीम अंसारी, आलमगीर आलम, नुरुल्ला नदवी व बंटी कुमार ने कार्यक्रम की सराहना की व बच्चों के प्रयास को खूब सराहा।


**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR**

**District Planning Office, Latehar**

**CORRIGENDUM**

District planning office, Latehar, decided to make following amendments/addendum in the **PR No. 317429 &NIB Ref No. 37 dated30.01.2024"Request for proposal (RFP) for Supply, Installation & Maintenance of Lightning Conductors on turnkey basis in school Buildings across Latehar District**

| Section | OriginalCriteria | Readas/Amendments/Addendums |
|---|---|---|
| Point 4, (1) | Earnest Money Deposit (EMD) of Rs. 05,00,000 (Rupees Ten Lakhs Only) is required to be deposited along with the bid without which the bid will not be accepted. | Earnest Money Deposit (EMD) of Rs. 05,00,000 (Rupees Ten Lakhs Only) is required to be deposited along with the bid without which the bid will not be accepted. **For MSME's of Jharkhand EMD is NIL.** |

* Rest all others conditions specified in the EOi document will remains unchanged.

**District planning Officer**
**Latehar**

PR 317769 District(23-24)D


## पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में हुआ विदाई समारोह का आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार विकास विद्यालय किचटो में विद्यालय प्रबंधन समिति सह विद्यालय की और से कक्षा दसवी के छात्र- छात्राओ को भावभीनी विदाई दी गई।इस अवसर पर विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में विद्यालय के अन्य वर्गों के छात्र-छात्राओं के द्वारा कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई।इस विदाई समारोह के दौरान कक्षा अष्टम एवं नवम के छात्र-छात्राओं के द्वारा कविता पाठ,नृत्य गीत,संगीत जैसे कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए साथ ही विद्यालय में बिताए हुए कुछ पलो और अनुभव को साझा किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रचार्या रमाकांत महतो ने कहा कि इतने वर्षो तक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से आत्मिक लगाव स्वाभाविक है।विद्यालय के शिक्षकों ने अपनी कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए सभी छात्र-छात्राओं के विभिन्न मौकों पर बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर प्रोत्साहित किया जाता रहा है।उन्होंने विदाई होने वाले छात्र-छात्राओं के बेहतर प्रदर्शन सहित उज्जवल भविष्य की भी कामना की।इस मौके पर शिक्षक सुरेंद्र महतो,भुवनेश्वर महतो,अजय कुमार,चंदन कुमार,राजेश महतो,अभय टोप्पो,प्रेमचंद मिंज,ललिता कुमारी,मंजुसा कुमारी सहित काफी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला**
E-Mail – nrepgumla@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

संख्या – **20/2023-24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :– | राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, (NREP) गुमला। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 08.02.2024 एवं 09.02.2024 को 10.00 बजे पूर्वा0 से 03.00 बजे अप0 तक। |
| 3. | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 10.02.2024 को 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | :– | दिनांक 10.02.2024 को 03.30 बजे अपराहन में। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 6. | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला में। |
| 7. | निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला का कार्यालय में। |
| 8. | कार्य मद | :– | पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य। |
| 9. | कार्यो का विस्तृत विवरण | :– | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गुमला | Repair of Drain with slab (outer Side) at Albert Ekka Stadium, Campus, Gumla. | 2316900.00 | 46500.00 | 5000.00 | 30.06.2024 तक |
| 2 | गुमला | Construction of Drain with slab (Inside of track) at Albert Ekka Stadium, Campus, Gumla. | 2483300.00 | 50000.00 | 5000.00 | 30.06.2024 तक |
| 3 | गुमला | Earth filling and land leveling at Albert Ekka Stadium play ground, Gumla. | 2290100.00 | 46000.00 | 5000.00 | 30.06.2024 तक |

**निविदा की शर्तें:–**

1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक का बैक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, NREP, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. निविदादाता को संबंधित कार्य के क्षेत्रों में अनुभव होना आवश्यक होगा।
3. निविदादाता विभिन्न स्थलों जहाँ पर समान कार्य हुआ हो अथवा निविदादाता द्वारा कार्य किया गया हो उसे स्थल का भौतिक निरीक्षण करते हुए PPT के माध्यम से दिखाना अनिवार्य होगा।
4. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट् एवं जिले के बेवसाईट www.gumla.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गुमला

PR 317808 NREP(23-24)#D


## विकास और सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का किया काम : लेखराज नाग

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी के निवर्तमान बीडीओ लेखराज नाग को उनके प्रोन्नति सह स्थानान्तरण के बाद एक समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी. समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा ने की. वक्ताओं ने लेखराज नाग के खलारी में तीन साल के कार्यों की सराहना करते हुए अपने अपने अनुभवों को साझा किया. वहीं लेखराज नाग ने कहा कि वे लोक प्रषासन के छात्र रहे हैं. इसके अनुसार प्रशासन की जो परिभाषा है, उसके आधार पर ही उन्होंने अपना कार्य किया है. कहा कि खलारी के सभी पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर सहकर्मियों व यहां की जनता का सहयोग मिला तभी खलारी प्रखंड ने जिले में अलग जगह बनाया. हमेशा प्रयास रहा कि ह्यूमन रिलेशनशिप के साथ कार्य करें. संचालन मुन्नू शर्मा व धन्यवाद ज्ञापन बीपीओ विनयकुमार गुप्ता ने किया.इस मौके पर अंचल अधिकारी एसपी आर्य, जिप सदस्य सरस्वती देवी, उप प्रमुख सुमन देवी, श्यामसुन्दर सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, अनिल पासवान, साबीर अंसारी, मुखिया पारसनाथ उरांव, तेजी किस्पोट्टा, दीपमाला कुमारी, संतोषकुमार महली, पुतुल देवी, अजीत कुमार, असित कुमार, रमेश गुप्ता सहित प्रखंड के प्रबुद्धजन उपस्थित थे.

## खलारी के नए डीएसपी ने संभाला पदभार

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी पुलिस अनुमंडल के पुलिस उप अधीक्षक भोला प्रसाद सिंह ने शुक्रवार देर रात पदभार संभाल लिया. इससे पूर्व वे झारखंड जगुआर में डीएसपी थे. अपने खलारी कार्यालय में पहुंचते ही उन्होंने खलारी थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम, मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी राणा जंगबहादुर सिंह तथा चान्हो थाना प्रभारी रंजय कुमार के साथ क्षेत्र के सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिए. बैंक ऑफ इंडिया खलारी में हुई चोरी की घटना को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए.पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने भरोसा दिया कि खलारी पुलिस अनुमंडल में कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे. उन्होंने आम लोगों से भी सहयोग की अपील की है.

## पिपरवार महाविद्यालय कारों में दी गई बारहवीं कक्षा के छात्रों को विदाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार महाविद्यालय कारों में शनिवार को एक समारोह आयोजित कर कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस समारोह की अध्यक्षता कालेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामचंद्र उरांव और संचालन सचिव बसंत नारायण महतो ने किया।इस अवसर पर कार्यक्रम मे सबसे पूर्व बारहवी कक्षा के छात्र-छात्राओं को तिलक एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया,जिसके बाद कक्षा ग्यारहवी के छात्रा-छात्राओ ने कक्षा बारहवीं के छात्र-छात्राओ को उपहार प्रदान सम्मानित किया।इस मौके पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।बच्चों के द्वारा पेश किए गए कार्यक्रम का उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।वक्ताओं ने बारहवीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं को आगे के उच्च शिक्षा के लिए शुभकामना दी।इस मौके पर महाविद्यालय के अध्यक्ष रामचंद्र उरांव,सचिव बसंत नारायण महतो,उप सचिव दिलीप महतो,शंकर सिंह,टिकेश्वर महतो,रतन महतो,प्राचार्य रीता कुमारी सहित कॉलेज के सभी शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## सीसीएल स्तरीय विदाई समारोह में शामिल हुए इमनोसा पिपरवार के लोग

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल के फूसरो एरिया मे इनमोसा के द्वारा आयोजित सीसीएल स्तरीय विदाई सह सम्मान समारोह कार्यक्रम में इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी से भी कई लोग शामिल हुए। जानकारी के अनुसार सीसीएल के करगली एरिया से रिटायर हुए सीनियर ओभरमैन विजय कुमार सिंह के सेवानिवृत होने पर इनमोसा के दूारा उन्हे सीसीएल स्तरीय समारोह आयोजित कर विदाई दी।विजय कुमार सिंह वर्तमान मे इनमोसा के कोल इंडिया स्तर कमेटी मे कार्यकारी अध्यक्ष और सीसीएल स्तरीय समिति मे उप महामंत्री के पद पर है। इस विदाई समारोह में सीसीएल के सभी क्षेत्र के इनमोसा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।पिपरवार क्षेत्र से इनमोसा के क्षेत्रीय अध्यक्ष एसडी राम और क्षेत्रीय सचिव अनिल कुवंर शामिल हुए।इस समारोह के दौरान पिपरवार इनमौसा कमेटी के द्वारा सेवानिवृत्ति विजय कुमार सिंह को बुके देकर स्वागत किया गया,जबकि उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई।


**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ......................../ दिनांक ......................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 13.01.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर घाघरा थाना के ग्राम–रनहे के मुख्य सड़क पर 80 पीस सेमल पटरा सहित एक ट्रेक्टर संख्या– अज्ञात, माडॅल–स्वराज 735FE इंजन सं0–391354/SW608337, चेचीस सं0–WYTG31419132548 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर आदर वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 12.02.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

:–वन है,तो जीवन है–:

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,गुमला वन प्रमंडल

PR 317791 (Forest, Environment and Climate Changes)23-24*D



**Water Ways Division, Khunti**

**e-Procurement Notice (4th Call)**

**e-Procurement Reference No. WRD/WWD/KHUNTI/NIT NO –01/SBD/2023-24 Date : 03/02/2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Construction of weir for drinking water facility in Ulihatu and nearby villages under khunti district. |
| 2 (a) | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 10,98,63,300.00(Rupees Ten Crore Ninty Eight lakhs Sixty Three Thousand Three Hundred Only) |
| (b) | Bid Security (Rs.) | Rs. 10,98,700/- (Rupees Ten Lakhs Ninty Eight Thousand Seven hundred Only) (Online-mode) |
| 3 | Cost of Tender Document | Rs. 10,000/- (Rupees Ten Thousand only) (Online-mode) |
| 4 | Time of Completion | 18 (Eighteen months) |
| 5 | Availability of Tender On -line | 06.02.2024/From 03:00 pm |
| 6 | Bid Submission | From 06.02.2024, 3:00 pm to 20.02.2024 upto 3:00 pm |
| 7 | Date & Time of opening Technical Bid | 21.02.2024/4:00 pm |
| 8 | Name and address of Officer inviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division, Khunti -835210 |
| 9 | Contact No. of Procurement Officer | 9430195452 |
| 10 | E-mail ID | ceranchi-wrd-jhr@nic.in, eewwdkhunti@gmail.com |
| 11 | Help Line No. of e-Procurement | 9279296369 |

**Note: Only e-tenders will be accepted**
**Note: Tender fee and EMD will be accepted by online mode only vide Lt. No. 120, Dt. 03.10.2023 of Dept. of Information Technology and e-Governence, Govt. Of Jharkhand**
Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Water Ways Division, Khunti**

PR 317829 Water Resource(23-24)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

**अतिअल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 01/2023-24Pr. No.-316338

Date :- 03/02/2024

**3rd Call**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Gomati Nala Near Betulkalan, Block- Gola, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 52.141 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 05/02/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 12/02/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 12/02/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e-tender | 15/02/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 317816 Minor Irrigation (23-24)_D



**कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 17/2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र निर्गत हेतु आवेदन प्राप्त करने की तिथि एवं समयः– :– दिनांक 09/02/2024 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 09/02/2024 (अपराह्न 3.00 बजे से कार्यालय अवधि तक)
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 10/02/2024. को (अपराह्न 3.00 बजे तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 10/02/2024 को अपराह्न 3.30 बजे।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गुमला।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :– समाज कल्याण/ पर्यटन मद

**कार्य की विवरणी**

| क0 | मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | समाज कल्याण मद | संपेक्षण गृह सिलम तिर्रा, गुमला के भवन अनुरक्षण, मरम्मति एवं सुसज्जीकरण। | गुमला | 3561000.00 | 5000.00 | 71300.00 | 3 माह |
| 2 | पर्यटन मद | Construction of G.S Sheet Dining Hall, Kitchen, Store Room and G.S Sheet Shed 1st floor at Indoor Stadium, Gumla | गुमला | 2269500.00 | 5000.00 | 45400.00 | 3 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2 निविदा की अन्य शर्ते कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ **बैंक ड्राफ्ट** के रूप में **सचिव, जिला परिषद, गुमला** के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा),साथ ही Ucan प्रमाण पत्र एवं आचरण प्रमाण पत्र के साथ परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। **बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एंव बैंक ड्राफ्ट निविदा के प्रकाशन की तिथि के बाद का होना अनिवार्य है।**
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. सरकार के सचिव पथ निर्माण विभाग,झारखण्ड सरकार, रॉची के अधिसूचना संख्या 2146(S) दिनांक 29.09.2020 के कंडिका 2(i) के आलोक में निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर अतिरिक्त जमानत की राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है:–
(1) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि पर 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा

जिला अभियन्ता
जिला परिषद, गुमला

PR 317798 Rural Development (23-24)_D



प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## ट्रेन से गिरकर युवक हुआ घायल, तिरुलडीह पुलिस ने करवाया ईलाज



**तिरुलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल मुरी रेलखंड के तिरुलडीह और बाकारकुडी रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन से गिरकर एक युवक बाल बाल बच गया। तिरुलडीह थाना के एस आई रंजीत प्रसाद ने बताया कि किसी ग्रामीण द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दिया गया था कि एक खून से लथपथ व्यक्ति कुकडु के चोकेगाडिया में रोड पर दौड़ रहा है। पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही एम्बुलेंस लेकर एसआई रंजीत प्रसाद कुकडु पहुंचकर घायल युवक को तिरुलडीह स्वास्थ्य केंद्र ले गए। तिरुलडीह स्वास्थ्य केंद्र में उसका प्राथमिक इलाज चल रहा है जो अभी खतरे से बाहर है।

## सीएम चम्पई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन का झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड नये मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र सह झामुमो केंद्रीय महासचिव बाबूलाल सोरेन का टाटा से रांची जाने के दौरान एनएच 33 स्थित चांडिल गोलचक्कर सिद्धु-कान्हू चौक पर झामुमो युवाओ ने जोरदार अभिनंदन किया। इस अवसर बाबूलाल सोरेन ने सिद्धू -कान्हु के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उंन्हे श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सैकड़ो झामुमो के युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## माकुला में खलिहान में रखे पुआल की ढेर में आग लगने से हजारों की नुकसान



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कमलपुर थाना क्षेत्र के माकुला गांव के हरिमंदिर के सामने लंबोदर सिंह के खलिहान में रखे पुआल की ढेर में शनिवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे आग लगने से हजारों रुपये की नुकसान पहुंचा है। आग कैसे लगी है कोई बता नही पा रहे थे। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग एकत्रित हुए और इधर उधर से पानी लाकर कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाने में सफल हुए। इधर मामलें की सूचना मिलने पर कमलपुर थाना के एसआई सुधीर कुमार दलबल के साथ माकुला गांव पहुंचे और वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की तत्परता से बड़ी दुर्घटना होने से टल गई है।

## इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो का आज अंतिम दिन




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर स्थित इंडोमैक बिजनेस सौल्युशन्स द्वारा आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर एवं एसिया के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय (2 से 4 फरवरी) बी 2 बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो (इंडोमैक जमशेदपुर) में उद्योगपतियों, खुदरा औद्योगिक व्यवसायी एवं अन्य ग्राहकों का काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। उक्त एक्सपो का कल अंतिम दिन है और एक्सपो में आये विभिन्न कम्पनियाँ यहाँ मिल रहे रिस्पांस से काफी गद-गद हैं उनका कहना है कि इस तरह के एक्सपो को और अधिक वृहद पैमाने पर की जाने की आवश्यकता है। ज्ञात रहे कि जमशेदपुर एक औद्योगिक क्षेत्र के रूप में न केवल भारत बल्कि भारत के बाहर भी अपना पहचान बना चुका है। इण्डोमैक जमशेदपुर के आयोजन से शहर में एक जगह ही एक ही छत के नीचे विभिन्न उद्योगों की आवश्यकता के लिए अनेक मशीनें एवं टेक्नोलॉजी से यहाँ के उद्योगपति अवगत हो रहें हैं साथ ही लाईव डेमोन्स्ट्रेशन भी उन्हें मिल रहा है जिससे ग्राहकों को अपने जरूरत से सम्बंधित मशीनों की बुकिंग में सहुलियत हो रही है। साथ ही यहाँ ऑन स्पॉट बुकिंग पर डिस्काउंट का लाभ भी उपलब्ध है।

## पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न की घोषणा पर भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर एक ओर जहां देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और हर्ष है। तो वहीं, दूसरी ओर जमशेदपुर महानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी केंद्र सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए खुशियां व्यक्त की। शनिवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय के समक्ष लड्डू वितरण कर खुशियां साझा की। जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि एल के आडवाणी को भारत रत्न का सम्मान मिलना हर भारतवासी और भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और हर्ष का विषय है। उन्होंने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद जताते हुए पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई दी।

# वर्ल्ड कैंसर डे आज : दुनिया भर में सबसे ज्यादा मौत का कारण फेफड़ों के कैंसर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** फेफड़ों का कैंसर फेफड़ों के भीतर अनियंत्रित कोशिका वृद्धि के कारण होने वाली एक घातक बीमारी है और यह दुनिया भर में कैंसर से संबंधित मृत्यु का प्राथमिक कारण है। फेफड़ों के कैंसर के फैलने के में धूम्रपान सबसे महत्वपूर्ण जोखिम कारक है, हालांकि यह बीमारी धूम्रपान न करने वालों को भी प्रभावित कर सकती है। धूम्रपान की अवधि फेफड़ों के कैंसर के खतरे से सीधे तौर पर संबंधित है। फेफड़ों के कैंसर की शुरुआत आमतौर पर प्रारंभिक चरण में लक्षणहीन होती है, जबकि रोग बढ़ने पर लक्षण प्रकट होते हैं। फेफड़ों के कैंसर के लक्षणों में पुरानी खांसी, बलगम में खून, सांस लेने में कठिनाई, सीने में दर्द, आवाज बैठना, हड्डियों में दर्द और सिरदर्द शामिल हैं।



**डॉ. अमिताभ कुमार उपाध्याय**
(कंसल्टेंट सह इंचार्ज मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग, टीएमएच)

**दो प्रकार के होते है फेफड़ों के कैंसर:** छोटी कोशिका और गैर-छोटी कोशिका। नॉन स्मॉल सेल लंग कैंसर सबसे आम है, जो लगभग 80त्न फेफड़ों के कैंसर के लिए जिम्मेदार है, और इसे स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा, एडेनोकार्सिनोमा और लार्ज सेल कार्सिनोमा सहित कई प्रकारों में विभाजित किया गया है।

**धूम्रपान करने वालों को स्मॉल सेल कैंसर का खतरा ज्यादा:** स्मॉल सेल कैंसर आमतौर पर धूम्रपान करने वालों को प्रभावित करता है, तेजी से बढ़ता है और इसके परिणाम काफी खराब होते हैं। प्रारंभिक चरण के कैंसर के उपचार में सर्जरी, कीमोथेरेपी और रेडियोथेरेपी का संयोजन शामिल होता है, जबकि उन्नत चरण के कैंसर का इलाज कीमोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी से किया जाता है।

**टाटा मेन हॉस्पिटल में आणविक प्रोफाइलिंग परीक्षण की सुविधा:** जमशेदपुर के टाटा मेन हॉस्पिटल में, हम नियमित रूप से अपने रोगियों के लिए आणविक प्रोफाइलिंग परीक्षण करते हैं। सर्वोत्तम उपचार विधि निर्धारित करने के लिए हम अपने संस्थागत ट्यूमर बोर्ड में प्रत्येक रोगी पर चर्चा करते हैं। वर्तमान में हम उपलब्ध टार्गेटेड थेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और कीमोथेरेपी के सबसे प्रभावी संयोजन या अनुक्रम का उपयोग करके फेफड़ों के कैंसर के कई मामलों का इलाज कर रहे हैं। विश्व कैंसर सप्ताह के अवसर पर, आइए हम सभी धूम्रपान या किसी भी रूप में तंबाकू का उपयोग करने से परहेज करने और एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रतिबद्ध होने का संकल्प लें।

## ऑल इंडिया स्टील मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस का औपचारिक हुआ उद्घाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ऑल इंडिया स्टील मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (एआईएसएमओसी 2024) के 43वें संस्करण का आज औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि, टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष, चाणक्य चौधरी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन टाटा स्टील मेडिकल सर्विसेज डिवीजन द्वारा किया गया है। श्री चौधरी ने एआईएसएमओसी सम्मेलन का समर्थन करने में अपनी उत्सुकता और उत्साह व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह के दौरान चौधरी द्वारा एआईएसएमओसी स्मारिका, टीएमएच क्लीनिक और टीएमएच न्यूज़लेटर का भी विमोचन किया गया, जिसमें एवीएम डॉ. सुधीर राय, महाप्रबंधक, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील, डॉ. मिनाक्षी मिश्रा, अध्यक्ष, क्लिनिकल सोसाइटी ऑफ टाटा मेन हॉस्पिटल और 43वें एआईएसएमओसी की सचिव, डॉ. नीलम मेहता, क्लिनिकल सोसाइटी टीएमएच की सचिव और एआईएसएमओसी की सह-संगठन सचिव उपस्थित थे। दिन की शुरुआत 43वें एआईएसएमओसी वैज्ञानिक कार्यक्रम, टीक्यूएम अवार्ड पेपर सत्र से हुई, जिसमें सात विभिन्न स्टील कंपनियों के डॉक्टरों ने भाग लिया। दो और पुरस्कार पेपर सत्र - लघु पीजी पेपर और पीजी पोस्टर श्रेणी भी आज आयोजित किए गए। दिन के दौरान तीन अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गए। पहला व्याख्यान मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के प्रख्यात मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय पांडे द्वारा लिंग पुनर्निर्धारण स्वास्थ्य सेवा समय की आवश्यकता पर था। दूसरा व्याख्यान सीएमसी अस्पताल, वेल्लोर के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन और इम्यूनोहेमेटोलॉजी विभाग के प्रोफेसर, प्रख्यात हेमेटोलॉजिस्ट डॉ. सुकेश नायर द्वारा दिया गया। उन्होंने असामान्य रक्तस्राव पर बात की। तीसरा व्याख्यान बैंगलोर के आनुवंशिकीविद् डॉ. अनुप कुमार रावूल का था। उनका विषय था गर्भाधान से बचपन तक- प्रसवपूर्व और बाल चिकित्सा देखभाल में आनुवंशिक यात्रा को नेविगेट करना। द गोल्डन आवर पर संगोष्ठी में डॉ मंदार एम शाह (कार्डियोलॉजिस्ट, टीएमएच) ने भाग लिया।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सम्मेलन को लेकर मोर्चा की बैठक आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राजधानी रांची में 11 फरवरी को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की ओर से विशाल जनजाति सम्मेलन प्रस्तावित है। इस सम्मलेन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। जनजाति सम्मेलन की सफलता एवं इसमें व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर अनुसूचित जनजाति मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई। मोर्चा के जिलाध्यक्ष बीनानंद सिरका की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू जिला, जिला के प्रभारी राम सिंह मुंडा, प्रदेश प्रवक्ता काजू सांडिल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य उपेंद्र सरदार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा मुख्यरूप से शामिल हुए। इस दौरान रांची के प्रभात तारा मैदान में होने वाले जनजाति सम्मेलन में जमशेदपुर महानगर के जनजातीय समाज की सक्रिय एवं अधिक से अधिक भागीदारी को लेकर व्यापक चर्चा कर रूपरेखा बनाई गई। बैठक में सम्मेलन की सफलता के निमित्त जिला एवं विधानसभा स्तर पर संयोजक एवं सह संयोजक की नियुक्ति की गई। जिसमें जिला संयोजक रमेश बास्के एवं सह संयोजक विजय सोय को बनाया गया। इस बैठक में मनोज सरदार, गुलशन टुडू, मनोज बोदरा, गणेश भूमिज, वीरेन मुर्मू, सुभाष महाली, फिलिप तिर्की, सुशील हेस्सा, संजय मुंडा, भूषण मुर्मू, समीर तिर्की, विनोद मांझी, अनिल टुडू अमित मुर्मू समेत अन्य मौजूद रहे।

## जिले में नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त व अपर उपायुक्त ने किया पदभार ग्रहण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिले में नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बारतियार ने पदभार ग्रहण किया। पूर्व उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गगराई ने उन्हें प्रभार सौंपा।इसी क्रम नव पदस्थापित अपर उपायुक्त रविन्द्र प्रधान नें प्रभारी अपर उपायुक्त हेमा प्रसाद से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद उप विकास आयुक्त ने कहा कि विकास कार्य को नई गति देने एवं मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यो मे गति प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। ताकि अधिक से अधिक मनरेगा श्रमिको को रोजगार प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर परियोजना निदेशक आई. टी. डी. ए. संदीप कुमार दुराइबुरु, उप निर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन सहित अन्य उपस्थित थे।



पदभार लेते उप विकास आयुक्त



पदभार लेते अपर उपायुक्त

## झारखंड के विकास के लिए बेहतर काम करेंगे चंपई सोरेन : मोहन कर्मकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड टाइगर का नाम से मशहूर चंपई सोरेन के मुख्यमंत्री बनने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने खुशी जाहिर की। साकची स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और 20 सूत्री के जिला उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार ने कहा कि अच्छा काम करेंगे सीएम चंपई सोरेन।

झामुमो नेताओं का कहना है कि चंपई सोरेन अनुभवी हैं और वे और भी अच्छा काम करेंगे। वह कई मंत्रालय में काम कर चुके हैं। झामुमो के साथ स्थापना काल से ही जुड़े हुए हैं। वह गरीबों के लिए अच्छा काम करेंगे और प्रदेश का विकास करेंगे।

## पूर्व मंत्री जोबा माझी को दोबारा मंत्रिमंडल में शामिल कर महिला को सम्मान दे चंपई सरकार : गणेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड सरकार के नये मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से झारखंड के जनता को काफी सारी उम्मीदें बंधी हुई हैं। आम जनता को विश्वास है चंपई सोरेन अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में हेमंत सोरेन द्वारा किए कार्यो को और भी आगे बढ़ाएंगे। यह बातें झारखंड-राज्य भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गणेश प्रसाद ने कहीं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इस मंत्रिमंडल में भी वर्षो से सक्रिय रही साफ छवि की पूर्व मंत्री जोबा माझी को शामिल कर महिलाओं को सम्मान देगी। उन्होंने कहा कि जोबा माझी एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वह 2014 के झारखंड विधान सभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्य के रूप में मनोहरपुर से झारखंड विधान सभा के लिए चुनी गई । उन्होंने यूनाइटेड गोवांस डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य के रूप में मार्च 2003 से मार्च 2005 तक प्रथम अर्जुन मुंडा कैबिनेट में समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास



और पर्यटन मंत्री के रूप में शपथ ली और साथ ही वह नवंबर 2000 से मार्च 2003 तक बाबूलाल मरांडी कैबिनेट में मंत्री रहीं। वह सिंहभूम के जंगल आंदोलन के नेता स्वर्गीय देवेन्द्र माझी की पत्नी थीं। इस परिस्थिति में उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल होना चंपई सोरेन सरकार की बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी।

## जूनियर नेशनल टेनीकोइट चैंपियनशिप में भाग लेने झारखंड टीम राजस्थान रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड टेनीकोइट 6 से 10 फरवरी, 2024 तक राजस्थान में आयोजित होने वाली लड़कों और लड़कियों दोनों वर्गो में 40वीं जूनियर नेशनल टेनीकोइट चैंपियनशिप के लिए रवाना हो गई। कोच सहाबुद्दीन ने बताया कि टीम में जुस्को स्कूल कदमा के चार छात्रों को चयन किया गया जिसमें प्रत्यूष रजक (कप्तान) दिवाकर राउत,रंजीत



प्रमाणिक, कुमार हर्ष तिवारी। इससे पूर्व झारखंड खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया गया था, उसके बाद प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन संघ के महासचिव एवं सदस्यों ने खिलाड़ियों का चयन किया। उन्हों कहा, हमें कि आशा है कि इस चैंपियनशिप में झारखंड की टीम पहले से और बेहतर प्रदर्शन करेगी।

## पटमदा के सहायक अध्यापक का ब्रेन हेमरेज

### जिला पार्षद की पहल पर रिम्स में हो रहा बेहतर इलाज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के लच्छीपुर गांव निवासी सहायक अध्यापक यामिनी कांत महतो का ब्रेन हेमरेज होने पर रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में उनके पुत्र प्रशांत प्रकाश ने बताया कि रांची के सांसद संजय सेठ की मदद से 1 फरवरी को भर्ती कराया गया था। जिसके बाद से दो दिनों में उनकी स्थिति में सुधार हो रहा था लेकिन शनिवार की दोपहर से स्थिति बिगड़ने लगी थी। इसकी जानकारी पटमदा के



जिला परिषद सदस्य खगेन चंद्र महतो को मिलने पर उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मिलकर मदद मांगी। फिर सीएम के निर्देश पर अस्पताल के अधीक्षक ने विशेष ध्यान देते हुए शाम तक उन्हें दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया गया।

## वर्ल्ड कैंसर डे पर बीएनएमएच में परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड कैंसर डे के अवसर पर शनिवार को ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, तामोलिया जमशेदपुर (बीएनएमएच) में आयोजित हुए एक परिचर्चा कार्यक्रम में कैंसर सर्जन डॉ आशीष कुमार एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ अमित कुमार ने आम जनता से अपील की है कि कैंसर की शुरुआती लक्षणों को देखते हुए सबसे पहले हमें किसी नजदीकी विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। डॉ आशीष कुमार ने बताया



कि कैंसर एक बेहद खतरनाक बीमारी है इसमें जरा भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। इन दिनों हमारी बिगड़ी लाइफ स्टाइल और खान-पान के प्रति लापरवाही हमें कई गंभीर बीमारियों का शिकार बना रही है। कैंसर इन्हीं में से एक है, जिसे समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया, तो यह जानलेवा साबित हो सकती है। लेकिन वक्त रहते इसका इलाज हो जाए तो इससे बचा भी जा सकता है। डॉ अमित कुमार ने कैंसर रोग के लक्षणों के बारे में बताते हुए कहा कि यदि किसी स्त्री या पुरुष में वजन तेजी से कम होना, शरीर में गांठ होना , दांत का अपने आप गिर जाना, बिना किसी कारण के डिस्चार्ज या ब्लीडिंग होना, तीन सप्ताह से ज्यादा खांसी या बुखार होना, इत्यादि जैसे स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं आती हो तो उसे अनदेखा न करके शीघ्र जांच एवं इलाज के लिए नजदीकी डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए ।

## जोड़सा में 10वीं के छात्रों को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित जोड़सा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शनिवार को विद्यालय परिवार की ओर से सादे समारोह में विद्यालय के 10वीं 88 छात्रों को विदाई दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से गुरुदक्षिणा स्वरूप शिक्षकों को उपहार भेट किये। इससे पूर्व छात्रों ने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे लम्हे को याद करते हुए सबको भावुक कर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमाशंकर



कुंभकार ने कहा कि छात्रों का विद्यालय में आगमन और विदाई प्रकृति का नियम है। प्रधान अध्यापक निखिल कच्छप ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए सफलता का मंत्र बताया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमाशंकर कुंभकार, प्रधान अध्यापक निखिल कच्छप, पिंटूराम दास, रमेश कुमार तिवारी, सुनील चंद्र भद्र, मेरूपा सामद, समीर चंद्र कुंभकार, लवकिशोर मांझी, पूर्णिमा एक्का, सूरज कुमार, फैयाज आलम, पंकज मिश्रा, बबिता महतो समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## एचसीजी ने किया एपेक्स अस्पताल जमशेदपुर में कैंसर ओपीडी सेवाएं शुरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल और एचसीजी ईकेओ कैंसर सेंटर, कोलकाता, रांची ने जमशेदपुर के एपेक्स अस्पताल साकची में कैंसर ओपीडी सेवाओं के शुभारंभ की घोषणा की। कैंसर देखभाल को और अधिक सुलभ बनाने के प्रयास में ऑन्कोलॉजिस्ट की एक विशेषज्ञ टीम के माध्यम से यह पहल जमशेदपुर में रोगियों को सर्वोत्तम श्रेणी के कैंसर उपचार की सुविधा पेश करेगी। इस रणनीतिक सहयोग की घोषणा मुख्य अतिथि क्रमशः डॉ. जीसी मांझी,




आईएमए प्रेसिडेंट, डॉ. सौरभ चौधरी, आईएमए सेक्रेटरी और डॉ. एसके कुंडू, डायरेक्टर ऑन्कोलॉजी, एपेक्स हॉस्पिटल, जमशेदपुर की गरिमामयी उपस्थिति में की गई। यह एसोसिएशन डॉक्टरों की एक प्रतिष्ठित टीम के मार्गदर्शन में विशेष कैंसर देखभाल प्रदान करता है, जिसमें डॉ. आफताब आलम अंसारी, सिनियर कंसल्टेंट, डिपार्टमेंट ऑफ रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल, रांची, और डॉ. अभिषेक कुमार, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट, एचसीजी कैंसर सेंटर रांची, डॉ. जॉयदीप चक्रवर्ती, एचओडी और सीनियर कंसल्टेंट-हेमाटो ऑन्कोलॉजी और बीएमटी, डॉ. अरिजीत बिष्णु, एचसीजी इकेओं कैंसर सेंटर कोलकाता से हेमाटो ऑन्कोलॉजी और बीएमटी, शामिल हैं। इन्होंने स्टील सिटी और इसके आसपास के क्षेत्रों के निवासियों को तथा पूरे भारत में स्थानीय समुदायों को उन्नत और व्यापक कैंसर देखभाल प्रदान करने की एचसीजी की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। डॉ. अभिषेक कुमार, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट, हर महीने के पहले शनिवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। हेमेटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट में स्पेश्लिस्ट डॉ. जॉयदीप चक्रवर्ती प्रत्येक माह के दूसरे बुधवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक हेमेटोलॉजी परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। और मरीज हर महीने के चौथे बुधवार से हेमेटो ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अरिजीत बिष्णु से कन्सल्ट कर सकेंगे। इस विस्तार के साथ, भ्ळ का लक्ष्य जमशेदपुर के लोगों को कैंसर के इलाज के लिए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण प्रदान करना है।

संपादकीया

## देशव्यापी कोशिश से रुकेंगे सड़क हादसे

**भारत** दुनिया में सड़क हादसों की दृष्टि से बहुत बुरी स्थिति में माना जाता है। हर साल होने वाले साढ़े चार लाख से अधिक सड़क हादसों में प्रति वर्ष डेढ़ लाख से अधिक लोग मारे जाते हैं। वहीं घायलों का आंकड़ा भी साढ़े चार लाख से अधिक है। उसमें उन लोगों की संख्या भी अच्छी-खासी है जो जीवनपर्यंत अपंगता का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्य से हादसों में मरने व घायल होने वाले लोगों में कामगार व युवा आबादी की संख्या ज्यादा होती है। ऐसे में परिवार के कमाने वाले सदस्य के जाने के बाद पूरा परिवार गरीबी के दलदल में चला जाता है। इस भयावह संकट के मद्देनजर एक कारगर व रचनात्मक पहल पंजाब सरकार की ओर से हुई है। पंजाब सरकार ने हर साल सड़क हादसों में मरने वाले लगभग चार हजार लोगों की जान बचाने के लिये कदम उठाया है। पंजाब की पांच हजार पांच सौ किमी सड़कों पर हादसों को टालने के लिये 144 अत्याधुनिक वाहन तैनात करने का फैसला किया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने राज्य के बारह जिलों के लिये निगरानी करने वाले 129 हाईटैक वाहनों को हरी झंडी दिखायी। दरअसल, इन वाहनों से उन लोगों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा, जो नियम-कानून तोड़कर हादसों को अंजाम देते हैं। दरअसल, दुर्घटनाओं के मूल में अनियंत्रित गति और नशे में तेज वाहन चलाना ही होता है। इन तैनात वाहनों में स्पीड गन, अल्कोमीटर, मेडिकल किट, ई-चालान मशीन व एआई आधारित स्मार्ट प्रणाली लगी होगी। जो अनियंत्रित यातायात को नियंत्रित करने में सहायक होंगे। दरअसल, एक फरवरी से तैनात होने वाली सड़क सुरक्षा फोर्स की टीम हर जिले की रोड से जुड़ने वाले राजमार्गों पर इंटरसेप्ट करेगी। दरअसल, हर तीस किलोमीटर पर तैनात इन वाहनों में एक प्रशिक्षित टीम तैनात रहेगी। सबसे अच्छी बात यह है कि किसी भी दुर्घटना होने पर ये अत्याधुनिक वाहन घटना स्थल पर पहुंचेंगे और घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार देने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाएंगे। निश्चित रूप से सड़क हादसों को रोकने की दिशा में पंजाब की आप सरकार की यह सार्थक पहल है। इस कार्य को संवेदनशील ढंग से संचालित किये जाने के लिये पूर्व ओलंपियन गगन अजीत सिंह को सड़क सुरक्षा फोर्स का एसएसपी नियुक्त किया गया है। निस्संदेह, इस तरह की पहल करने वाला पंजाब देश का अग्रणी राज्य है। यह अच्छी बात है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि कीमती जानें बचाने का यह मेरा सपना साकार हो रहा है। उल्लेखनीय है कि सांसद के रूप में भी मान संसद में सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा अकसर उठाते रहे हैं। इसी सोच के चलते इस अभिनव योजना को अंजाम दिया जा सका। निस्संदेह, हम अकसर सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों को गिनती के रूप में देखते हैं। जिस परिवार का सदस्य बेमौत मारा जाता है उसके दर्द को महसूस नहीं करते। यह विडंबना है कि अकसर लोग दूसरों की लापरवाही से मारे जाते हैं, जिसमें उनका कोई कसूर नहीं होता है। वे न चाहते हुए भी परिवार को जीवन भर का दुख दे जाते हैं। बहरहाल, राज्य शासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सड़क सुरक्षा फोर्स मुस्तैदी से काम करे और उस लीक को तोड़े जिसके लिये अब तक पुलिस की आलोचना सुस्ती के लिये की जाती है। तभी राज्य में हर रोज सड़क दुर्घटना में मरने वाले चौदह लोगों का अनमोल जीवन बचाया जा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि नये भर्ती किये गए करीब तेरह सौ पुलिसकर्मी अपने कैरियर की शुरुआत जिंदगियां बचाकर शानदार ढंग से करेंगे। दरअसल, मौजूदा 432 पुलिसकर्मियों के साथ आठ घंटे की ड्यूटी में ये सुरक्षाकर्मी 24 घंटे अत्याधुनिक वाहनों में तैनात रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सड़क सुरक्षा फोर्स के लिये नये भर्ती जवानों को पुलिस प्रशिक्षण अकादमी कपूरथला में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। उत्साहवर्धक बात यह है कि वाहन चालकों में 90 महिला पुलिसकर्मी हैं। हालांकि, पंजाब सरकार ने एक लंबी तैयारी के बाद इस सड़क सुरक्षा योजना को अंजाम दिया है, लेकिन शासन की ओर से सभी पहलुओं पर नजर रखकर इसे अधिक उपयोगी बनाने का प्रयास करना चाहिए।


दुर्भाग्य से हादसों में मरने व घायल होने वाले लोगों में कामगार व युवा आबादी की संख्या ज्यादा होती है। ऐसे में परिवार के कमाने वाले सदस्य के जाने के बाद पूरा परिवार गरीबी के दलदल में चला जाता है। इस भयावह संकट के मद्देनजर एक कारगर व रचनात्मक पहल पंजाब सरकार की ओर से हुई है। पंजाब सरकार ने हर साल सड़क हादसों में मरने वाले लगभग चार हजार लोगों की जान बचाने के लिये कदम उठाया है। पंजाब की पांच हजार पांच सौ किमी सड़कों पर हादसों को टालने के लिये 144 अत्याधुनिक वाहन तैनात करने का फैसला किया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री ने राज्य के बारह जिलों के लिये निगरानी करने वाले 129 हाईटैक वाहनों को हरी झंडी दिखायी। दरअसल, इन वाहनों से उन लोगों पर भी अंकुश लगाया जा सकेगा, जो नियम-कानून तोड़कर हादसों को अंजाम देते हैं। दरअसल, दुर्घटनाओं के मूल में अनियंत्रित गति और नशे में तेज वाहन चलाना ही होता है।


बारह घंटे लाश के साथ सफर करना यकीनन बेदिल कातिल का ऐसा अंदाज था जैसे वह इंसान नहीं एआई (आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस) हो

## 'सूचना' जैसी निर्दयी मां कब तक रहेंगी समाज में...!

ऋतुपर्ण दवे


पति-पत्नी के रिश्तों में तल्खी आना असामान्य नहीं है। लेकिन ऐसा भी क्या नफरत जो इसकी बलि वेदी पर खुद का मासूम चढ़ा दिया जाए? निश्चित रूप से बेकाबू गुस्सा, सोचने, समझने की शक्ति पर नियंत्रण खोना इंसान को कितना हैवान बना देता है। तमाम घटनाओं से यही समझ आता है। लेकिन सूचना सेठ ने जिस शातिर अंदाज में अपनी इकलौती संतान को मौत की नींद सुलाया वह बेहद अलग और चिंतनीय है। जैसा कि खुलासों से पता चला है कि बच्चे को अत्यधिक कफ सिरप पिलाकर बेसुध कर उसका दम घोंट मौत की नींद सुला दिया गया।


**कोई** मां भला कैसे निर्दयी हो सकती है? क्रूर हो सकती है? कैसे अपने जिगर के टुकड़े को बैग में पैक कर सड़क रास्ते लंबे सफर पर बेखौफ निकल सकती है? इसके जवाब मनोचिकित्सकों के पास अपने-अपने ढंग के और अलग भी हो सकते हैं। लेकिन गोवा में एक आम नहीं बल्कि बेहद खास वो मां जिसने देश-दुनिया को अपनी सफलता से आकर्षित किया और निर्दयता और क्रूरता की सारी हदें पार कर जाए तो हैरानी होती है। गोवा में जघन्य हत्याकांड ने जहां हर किसी को झकझोरा, वहीं कई सवाल भी खड़े कर दिए। बेहद पढ़ी-लिखी मां जिसे दुनिया आदर्श समझती थी, वही अपराधी निकले? सवाल यकीनन कचोटने वाला है। लेकिन जवाब आसान भी नहीं है।

पति-पत्नी के रिश्तों में तल्खी आना असामान्य नहीं है। लेकिन ऐसा भी क्या नफरत जो इसकी बलि वेदी पर खुद का मासूम चढ़ा दिया जाए? निश्चित रूप से बेकाबू गुस्सा, सोचने, समझने की शक्ति पर नियंत्रण खोना इंसान को कितना हैवान बना देता है। तमाम घटनाओं से यही समझ आता है। लेकिन सूचना सेठ ने जिस शातिर अंदाज में अपनी इकलौती संतान को मौत की नींद सुलाया वह बेहद अलग और चिंतनीय है। जैसा कि खुलासों से पता चला है कि बच्चे को अत्यधिक कफ सिरप पिलाकर बेसुध कर उसका दम घोंट मौत की नींद सुला दिया गया। लाश बैग में भर आधी रात को बड़े बेखौफ अंदाज में बेधड़क होटल के रिशेप्शन पर कैब ड्राइवर को पकड़ाना और सड़क रास्ते गोवा से बेंगलुरु के लंबे सफर पर निकलना किसी हॉरर स्टोरी से कम नहीं है।

रास्ते भर चुप्पी और सामान्य हाव-भाव बनाए रखना। बारह घंटे लाश के साथ सफर करना यकीनन बेदिल कातिल का ऐसा अंदाज था जैसे वह इंसान नहीं एआई (आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस) हो। इस मां की सारी करतूत बेहद हैरतअंगेज है। गनीमत रही कि जहां होटल





स्टाफ को संदेह हुआ, वहीं कैब ड्राइवर भी परेशान था कि हवाई यात्रा के मुकाबले बेहद लंबे सफर पर निकली महिला इतनी शांत और सहज कैसे है? शक और कमरे में मिले सबूतों की बिना पर होटल वाले पुलिस को इत्तला करते हैं। पुलिस कैब वाले से कोऑर्डिनेट करती है। कैब ठिकाने के बजाय सीधा थाने पहुंच जाती है। वहां बैग में कपड़ों के बीच छुपा चार साल के मासूम का शव मिलता है। इस तरह एक बेमिसाल महिला के हाथों हुए क्रूरतम हत्याकांड से हर कोई सन्न रह जाता है। न जाने कितनी निर्दयी माताओं की कैसी-कैसी क्रूरतम वारदात सुनी और देखी हैं।

एआई के जरिए 'माइंडफुल एआई लैब' से कृत्रिम आदर्श और नैतिकता का आधुनिक पाठ पढ़ाने वाली सूचना सेठ ने कैसा घटिया माइंड गेम खेला जिससे हर कोई स्तब्ध है। उसके अनैतिक कारनामे की जितनी भी निंदा की जाए कम है और कठोर से कठोर सजा भी नाकाफी है। कोई अपढ़, ठेठ गंवई, दकियानूसी होता तो थोड़ा समझ भी आता। लेकिन एक पढ़ी-लिखी असाधारण महिला जिसकी बेहद तगड़ी प्रोफाइल हो। एक कंपनी की सीईओ और हार्वर्ड की रिसर्च फेलो हो। जिसका नाम-2021 की एआई एथिक्स में टॉप 100 ब्रिलियंट महिलाओं में शुमार हो। जिसने दो साल बर्कमैन क्लेन सेंटर में एक सहयोगी का काम किया और बोस्टन, मैसाचुसेट्स में एआई तथा रिस्पॉन्सिबल मशीन लर्निंग में भी अपना योगदान दिया। बैंगलुरु की प्रतिष्ठित कंपनी में डेटा साइंटिस्ट का काम कर चुकी हो जिसने दो पेटेंट भी दाखिल किए हों। जिसके पास कलकत्ता यूनिवर्सिटी की भौतिक शास्त्र की स्पेशलाइजेशन की डिग्री हो और जो वहां की 2008 की टॉपर हो, वो ऐसा करे तो हैरानी की हदें भी पार होना स्वाभाविक है।

पश्चिम बंगाल की सूचना सेठ के पति वेंकट रमन बड़े इंडोनेशियाई कारोबारी हैं। 2010 में दोनों ने प्रेम विवाह किया लेकिन जल्द ही रिश्ते बिगड़ गए। तल्खी बढ़ते-बढ़ते अदालत की चौखट तक जा पहुंची जो आखिरी मुकाम पर है। अदालत ने हर रविवार को बेटे को पिता से मिलने की इजाजत दी। यही सूचना सेठ को नागवार गुजरी। उसके एआई पैटर्न के ब्रेन ने जबरदस्त चाल चली। कत्ल से पहले बेटे से बेंगलुरु में मिलने का संदेश देकर पति को गुमराह किया और खुद बेटे को लेकर गोवा आ गई। बेटा पिता से न मिल सके, इस प्रतिशोध में सूचना धधक रही थी। एक सक्षम एन्टरप्रेन्योर होकर भी पति से ढाई लाख रुपये हर माह गुजारा भत्ता भी चाहती थी। शायद सूचना बेहद प्रतिभाशाली होकर भी अकेलेपन का शिकार थी और खुद के बुद्धिमान होने का भ्रम पाले घृणित आपराधिक विकृति के गिरफ्त में जकड़ चुकी थी।

बेटे की हत्या का उसे कोई पश्चाताप नहीं है। बेटे का कुसूर बस इतना था कि उसकी शक्ल पिता से मिलती थी जो सूचना को सालता था। कैसी विकृत सोच थी? नासमझ मां में भी ममता होती है। जानवर तक संतान को बचाने को खूंखार हो जाते हैं। उसमें ईर्ष्या, द्वेष की कैसी-कैसी विकृत मानसिकता पनपी जिसका उदाहरण सामने है। आखिर समाज किस दिशा में जा रहा है? अकेलापन, आपसी मेलजोल की कमी, बिखरता समाज और हाथ में सिमटे मोबाइल से एकाकी बनता जीवन, सामाजिक ताना-बाना बिखेर लोगों को लोगों से अलग कर रहा है। एक वो जमाना था जब संयुक्त परिवार शान थे। गांवों में सांझा चूल्हा जलता जिसमें सबका खाना साथ पकता।

रोज का हंसना, मिलना, उठना, बैठना और सबके सुख-दुख में बराबरी से शरीक होना, किसी मुसीबत या अनबन पर मिल जुलकर हल निकालने से कभी अकेलापन, डिप्रेशन या असुरक्षा की भावना महसूस नहीं होती थी। आज तरक्की के बीच वो समाज है जिसमें टूटते संयुक्त परिवार की जगह अकेले परिवार हैं जो दिखावे का झूठा मुलम्मा ओढ़ रिश्तों की अहमियत को दरकिनार कर दिनों दिन बेहद खोखले होकर टूटते जा रहा हैं। यही वजह है जो बड़े और हाई प्रोफाइल भी घटिया से घटिया कांड कर बैठते हैं। काश कुछ वक्त टीवी, मोबाइल के स्क्रीन के अलावा घर, परिवार, समाज के लिए भी निकाला जाता जिससे इंसान को इंसान से जोड़े रखने वाली कड़ियां बिखरने न पातीं। इस दिशा में सबको सोचना होगा और रास्ता निकालना ही होगा। कितना अच्छा होता कि गोवा कांड की सूचना समाज के लिए आखिरी होती।

दृष्टि कोण

## तुलसी को तुलसीदास बनाने वाली विस्मृत

**गोस्वामी** तुलसीदास जी ने रामचरितमानस जैसे महान महाकाव्य की रचना करके हर घर में सरल भाषा में राम नाम पहुंचा दिया। गोस्वामी तुलसीदास जी के लिए एक महाकवि ने लिखा : सुरतिय, नरतिय, नागतिय अस चाहती सब कोय, गोद लिए हुलसी फिरें तुलसी सो सुत होय।। अर्थात देवता, मानव आदि सभी वर्णों, जातियों की महिलाएं बड़ी प्रसन्नता के साथ गोद में अपने-अपने बालक को लेकर अर्थात जन्म देने की प्रक्रिया पूरी करते हुए बहुत हुलसित रहती हैं, क्योंकि सबकी यही चाह होती है कि तुलसी जैसा पुत्र हो। यहां हुलसी का अर्थ प्रसन्न भी है और हुलसी तुलसीदास जी की माता का नाम भी है। सभी माताएं तुलसी जैसा पुत्र पाने की अभिलाषा के साथ ही हर्षित होकर गर्भ धारण करतीं, प्रसव पीड़ा सहतीं और योग्य संतान पाकर हर्षित होती। हर मां तुलसीदास जी जैसी संतान पाकर बहुत ज्यादा गौरवान्वित अनुभव करतीं, पर तुलसी तो कई पैदा हुए, लेकिन गोस्वामी तुलसीदास तो एक ही बन सका और वह पूरे विश्व में जहां-जहां भारतीय समाज, सनातनी, हिंदू बसे हैं वहां तक रामचरितमानस घरों की शोभा बन चुका है और दैनिक जीवन में भी रामचरितमानस के दोहे, चौपाइयां गाता, दोहराता है। रघुकुल रीत सदा चला आई, प्राण जाई पर वचन न जाई। यह भारतीय जीवन का आदर्श बन गया, यद्यपि आज राजनीति में वचन का कोई महत्व नहीं रहा, पर राम जी में था, राम राज्य में था। हम भारतीय कृतज्ञ हैं। कृतज्ञता हमारे चरित्र, संस्कृति का स्वभाव है, प्रमुख गुण है, पर आज तक मैं यह नहीं समझ पाई कि जिस रत्नावली जी के कारण तुलसी तुलसीदास बन गए, उस रत्नावली को समाज और देश क्यों भूल गया। सभी जानते हैं कि तुलसीदास जी के माता-पिता ने उसे गंडमूल नक्षत्र में पैदा होने के कारण त्याग दिया था। उसका पालन-पोषण पहले एक धाय द्वारा और बाद में गुरु के आश्रम में हुआ। गुरुजी से विद्या प्राप्त करने के पश्चात तुलसीदास जी ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया और रत्नावली उनकी अर्धांगिनी बनी। रत्नावली एक विदुषी थीं, जिनका जन्म सम्वत 1577 विक्रमी में जनपद कासगंज के सोरों शूकरक्षेत्र अन्तर्वेदी भागीरथी गंगा के पश्चिमी तटस्थ बदरिया (बदरिका/बदरी) नामक गांव में हुआ था। विदुषी रत्नावली के पिता का नाम पंडित दीनबंधु पाठक एवं माता दयावती थीं। विदुषी रत्नावली का पाणिग्रहण सम्वत 1589 विक्रमी में सोरों शूकरक्षेत्र निवासी पंडित आत्माराम शुक्ल के पुत्र पंडित तुलसीदास जी के साथ हुआ। सम्वत 1604 विक्रमी में जब रत्नावली मात्र 27 वर्ष की ही थीं, तब एक बार तुलसीदास जी रत्नावली के मायके ही उसके पास पहुंच गए। आज के युग में यह असाधारण नहीं लगता। निश्चित ही उस युग में इसे उचित नहीं माना जाता होगा। विदुषी रत्नावली ने अपने पति से कहा : लाज न आवत आपको, दौरे आयहु साथ। धिक-धिक ऐसे प्रेम को, कहा कहौं मैं नाथ॥ अस्थि चर्म मय देह मम तामे जैसी प्रीति। तैसी जौ श्री राम महं होति न तौ भवभीति॥ इस घटना से तुलसीदास जी की मानो अंतर्चेतना एक नई चमक से भर गई और उसी समय तुलसीदास घर से वाराणसी पहुंच गए। उन्हें श्री नरहरिदास जैसे महान गुरु मिल गए और लौह पारस संयोग से तुलसी तुलसीदास बने। युगों युगों के लिए अमर हो गए। हर घर पहुंच गए। तुलसीदास जी के मंदिर बने। उनकी आरती हो रही है। वैष्णव परंपरा के अनुसार ही भोग भी लगते हैं और भक्ति का वरदान भी तुलसीदास जी से ही मांगा जा रहा है। तुलसीदास का हनुमान चालीसा हर श्रद्धालु के लिए रक्षा कवच है, पर एक यक्ष प्रश्न है : उसका उत्तर मिलना तो दूर, उसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं है। हम शेष सनातन जी को याद करते हैं, नरहरिदास जी को प्रणाम करते हैं जिन्होंने तुलसी को विद्या दी और तुलसीदास ने रामचरितमानस, विनय पत्रिका, दोहावली जैसे महान ग्रंथों की रचना की, पर रत्नावली को क्यों याद नहीं किया जाता। वास्तविक गुरु तो रत्नावली है। रत्नावली अगर पति को राम भक्ति की याद न करवाती और अपने शरीर को हड्डी मांस का संयोग कहकर ही तुलसीदास को रघुनाथ से प्रीति का संदेश न देती तो तुलसी तुलसीदास कैसे बनते। क्यों यह कहा जाता कि हर मां हुलसित फिरे, क्योंकि तुलसीदास जैसा पुत्र चाहती है। यह संभवतः अपने देश का एक स्वभाव हो गया।

कुछ अलग

## सहज न्याय की राह

**यह** सुखद ही है कि देश की न्यायपालिका व कार्यपालिका इस बात को लेकर प्रतिबद्ध हैं कि अदालतों पर मुकदमों का बोझ घटाकर आम लोगों को सहज-सरल न्याय उपलब्ध कराया जाए। न्यायिक तंत्र में वंचित समाज व महिलाओं को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके। यह सुखद संकेत सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम से मिला, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायिक व्यवस्था में विश्वास बढ़ाने और मुकदमों का दबाव घटाने पर बल दिया। प्रधानमंत्री के इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है कि सशक्त न्याय व्यवस्था से न केवल लोकतंत्र को मजबूती मिलती है, बल्कि विकसित भारत को इससे आधार मिलेगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका इस बात को लेकर गंभीर नजर आ रही हैं कि कैसे अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ घटे और आम आदमी को शीघ्र न्याय मिल सके। निस्संदेह, पिछले वर्ष केंद्र सरकार द्वारा तीन नये आपराधिक न्याय कानून बनाए जाने से भारतीय न्यायिक व्यवस्था मौजूदा चुनौतियों से मुकाबले में सक्षम हुई है। यह विडंबना है कि हम आजादी के सात दशक बाद भी देश प्रेमियों के खिलाफ बनाये गये ब्रिटिश कानूनों का बोझ ढोते रहे हैं। निस्संदेह, इस कदम से भारत की कानूनी, पुलिस और जांच प्रणाली न्यायिक प्रक्रिया को गति दे सकेगी। हालांकि, सरकार दावा कर रही है कि इस दिशा में क्षमता निर्माण और कानूनों के न्यायपूर्ण ढंग से क्रियान्वयन के लिये सरकारी कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके बावजूद नये कानूनों के उपयोग व सीमाओं से आम लोगों को अवगत कराना जरूरी है। निश्चित रूप से भारतीय न्यायिक व्यवस्था के प्रति भरोसा जगाने के लिये न्यायिक प्रणाली की विसंगतियों को दूर करने की जरूरत भी है। जिस ओर 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश ने ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा भी कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने के लिये न्यायपालिका की क्षमता का विस्तार जरूरी है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस मौके स्थगन की संस्कृति और लंबी छुट्टियों के मुद्दे की ओर भी ध्यान खींचा। साथ ही उन्होंने वंचित समाज के लोगों को न्यायिक व्यवस्था में प्रतिनिधित्व दिये जाने की जरूरत बतायी। हालांकि, देश की शीर्ष न्यायिक व्यवस्था में महिलाओं का प्रतिनिधित्व पर्याप्त नहीं है, लेकिन मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि जिला न्यायपालिका में महिलाओं की 36 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित हुई है। जो कालांतर में शीर्ष स्तर पर लैंगिक समानता की राह बनाएगी। बहरहाल, राजग सरकार ने न्यायिक प्रणाली के प्रति भरोसा जगाने के लिये कई बदलावकारी फैसले लिये हैं। जिनमें जन विश्वास बिल का प्रधानमंत्री ने बार-बार जिक्र किया है। कहा जा रहा है कि इससे भविष्य में भारतीय न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम हो सकेगा। बीते साल केंद्रीय कैबिनेट ने जन विश्वास विधेयक में संसदीय समिति द्वारा दिए गए सुझावों को मंजूरी प्रदान की थी। दरअसल, जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) विधेयक 2023 को जीवन व कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने वाला बताया जा रहा है। इसके अंतर्गत 42 अधिनियमों में 183 प्रावधानों में संशोधन करके छोटी गलतियों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत 19 मंत्रालयों से जुड़े अधिनियमों के प्रावधानों में संशोधन की बात कही गई है। संसद की संयुक्त समिति ने विधायी और विधि मामलों के विभागों के अलावा 19 मंत्रालयों से प्रावधानों को हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा की थी। दरअसल, संसदीय समिति ने केंद्र सरकार को कारोबार तथा जीवनयापन को सुगम बनाने के लिये जन विश्वास विधेयक की तर्ज पर छोटे मामलों को अपराध की सूची से बाहर निकालने का सुझाव दिया था। जिसके लिये राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को प्रोत्साहन देने का सुझाव भी दिया था।

देश दुनीया से

## चुनावों से पहले ही खरगे के बयानों से कांग्रेस की हताशा झलकने लगी है


भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए।


**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीती 29 जनवरी को भुवनेश्वर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, '2024 लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका होगा। अगर इस चुनाव में भाजपा जीती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे। वे एक तानाशाह की तरह इस पर रोक लगाएंगे।' कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से देश की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी की हताशा, निराशा और पराजय स्पष्ट झलकती है। कांग्रेस अध्यक्ष जब यह कहते हैं कि मोदी दोबारा सत्ता में आए तो कोई चुनाव नहीं होगा। आपके पास मतदान का आखिरी मौका है। ऐसा बयान देते समय शायद खड़गे अपनी ही पार्टी का चरित्र, आचरण, कृत्य और इतिहास भूल जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। कांग्रेस ने न सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं बल्कि सच के साथ खड़े पत्रकारों का भी दमन किया। विरोध की आवाज को दबाने के लिए पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। बड़े मीडिया संस्थानों तक के संपादकों को गिरफ्तार किया जा रहा था, उन पर पाबंदियां लगाई जा रही थीं। अलोकतांत्रिक रूप से बाबा साहब के संविधान में संशोधन किया गया। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं को भी कमजोर किया। खड़गे को याद करना चाहिए कि, मीसा कानून कौन लेकर आया था? मीसा में आपातकाल के दौरान कई संशोधन किए गए और इंदिरा गांधी की निरंकुश सरकार ने इसके जरिए अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने का काम किया। इंदिरा सरकार की अमानवीयता का आलम यह था कि दिल्ली और पश्चिमी यूपी के इलाकों में नसबंदी से इंकार करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया। पुलिस की गोलीबारी में कई लोग मारे गए। महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की बातें करने वाली कांग्रेस को उनके विचारों से भी डर लगने लगा था। उस समय इंदिरा गांधी ने किशोर कुमार के गानों को बैन कर दिया था। आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस के काले कारनामों के बारे में जानकर हर कोई सन्न रह जाता है। केंद्र में विपक्ष में बैठी कांग्रेस लोकतंत्र की दुहाई देती है। लेकिन उसके शासित राज्यों में जिस तरह विपक्ष और मीडिया का दमन किया जाता है, उससे कहा जाता है कि समय बदल गया है, लेकिन कांग्रेस की आपातकालीन मानसिकता नहीं बदली है, वो आज भी जारी है। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले कांग्रेस के नेता शायद भूल गए कि राजीव गांधी के जमाने में एक अखबार ने कुछ खिलाफ लिखा, तो उनके विरूद्ध ही मामला दर्ज कर दिया गया और संस्थान की बिजली तक काट दी गई थी। टेलीग्राफ एक्ट कौन लेकर आया था...? राजीव गांधी के जमाने में ही टेलीग्राफ एक्ट आया था, जिसके तहत सरकार आम लोगों के पत्र पढ़ सकती थी और कार्रवाई कर सकती थी। पीवी नरसिंहाराव ने पैसे देकर सरकार बनाई, कोर्ट में साबित हो गया था। लोकसभा का कार्यकाल इंदिरा गांधी ने बढ़ाया था। जब कांग्रेस नेता 'इंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इस इंडिया' का नारा लगाते थे तो क्या उन्हें इस नारे में तानाशाही की बू नहीं आती थी?



अनुच्छेद 356 का कांग्रेस ने किस तरीके से उपयोग किया है, ये काफी दिलचस्प है। कांग्रेस ने अपने शासन काल के दौरान अनुच्छेद 356 का प्रयोग करते हुए 91 बार गैर कांग्रेसी सरकारों को हटाने का काम किया। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने एक बार भी अनुच्छेद 356 का प्रयोग नहीं किया। अटल जी के नेतृत्व में राजग सरकार के 6 साल के कार्यकाल में राष्ट्रपति शासन 4 बार लगने की नौबत आई थी। बीते पांच छह सालों में कांग्रेस शासित राज्यों में तानाशाही की वारदातें और करतूतें देशवासियों को याद हैं। राहुल गांधी की आलोचना करने पर कॉलेज के प्रोफेसर को बर्खास्त किया गया। राजीव गांधी के बारे में लिखने पर युवा बीजेपी नेता तेजिंदर सिंह बग्गा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। राहुल गांधी ने न्यायपालिका और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। सोनिया गांधी का बचपन का नाम लेने पर पत्रकार अर्णब गोस्वामी को गिरफ्तार कर उत्पीड़न किया गया। राहुल गांधी ने वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया।

आप का नजरीया

## टूटे न जीवन की डोर

**जब** 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम में देश के करोड़ों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व अभिभावकों से दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम व वर्चुअल संवाद के जरिये प्रधानमंत्री परीक्षा भय से मुक्त होने की बात कर रहे थे, देश के कई भागों से छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें आ रही थीं। जाहिर है अभिभावक व शिक्षक इन बच्चों के मानसिक द्वंद्व व वास्तविक दिक्कतों को नहीं समझ पा रहे हैं, जिसके चलते इन बच्चों को मौत को गले लगाना अंतिम विकल्प नजर आ रहा है। निश्चित रूप से परीक्षा का भय इस कदर बच्चों पर हावी है कि उन्हें लगने लगता है कि परीक्षा में असफलता के बाद जीवन में कुछ शेष नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री ने इस संबोधन में इन तमाम चुनौतियों को संबोधित किया। उन्होंने गहरी बात कही कि– 'बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न बनाएं।' यह एक हकीकत है कि अपने जीवन में शैक्षिक व रोजगारपरक लक्ष्यों को हासिल न कर पाने वाले अभिभावक अपने बच्चों से आईएएस, डॉक्टर व इंजीनियर बनने की उम्मीद पाल बैठते हैं। जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करते हुए यह नहीं सोचते कि बच्चे की क्षमताएं क्या हैं और हमारी उम्मीदों का बोझ वे किस सीमा तक बर्दाश्त कर पाएंगे। संगरूर में मेरिटोरियस स्कूल के हॉस्टल से एक छात्र के पिता को फोन जाता है कि तुम्हारे बच्चे के नंबर कम आए हैं। उसे हॉस्टल से निकाल दिया जाएगा। इसके तीन घंटे बाद खबर आई कि छात्र ने हॉस्टल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यहां इस फोन करने वाले शिक्षक की जवाबदेही तय की जानी चाहिए कि उसने ऐसा संवेदनहीन व्यवहार क्यों किया। क्या नंबर कम आने के लिये छात्र को हॉस्टल से निकाल देना समस्या का समाधान है? यह दबाव अभिभावकों पर बना तो छात्र तनाव में आ गया। क्या उन कारणों की पड़ताल नहीं की जानी चाहिए थी जिसकी वजह से छात्र के नंबर कम आए? नये दौर में संक्रमणकाल से गुजर रहे छात्रों को समझने में क्या शिक्षक जिम्मेदार भूमिका निभा रहे हैं? वहीं दूसरी ओर कोचिंग बाजार का गढ़ बन चुके कोटा में छात्रों की आत्महत्या का सिलसिला थम नहीं रहा है। कोटा से फिर एक संभावना के अस्त होने की खबर आ रही है। वहां से बुरी खबर आई कि सोमवार को जेईई व नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 18 साल की निहारिका ने आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले लिखे पत्र में उसने लिखा- 'मम्मी-पापा, मैं जेईई नहीं कर सकती, इसलिए सुसाइड कर रही हूं। आई एम लूजर, यही लास्ट ऑप्शन है।' जाहिर है बच्ची इतनी भयाक्रांत थी कि परीक्षा से पहले ही आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। जाहिर है इस फैसले में परिवार की उम्मीदों का बोझ ही शामिल होगा, जिसके चलते परीक्षा की विफलता को उसने जीवन का अंत मान लिया। आखिर क्यों मां-बाप बच्चों के साथ ऐसा सहज संवाद नहीं बना पाते कि इस आत्मघाती फैसले से पहले वह किसी तरह का विमर्श उनके साथ कर सके? क्यों हम बच्चों के सामने ऐसे हालात पैदा कर देते हैं कि उन्हें लगता है कि परीक्षा में उत्तीर्ण न हुए तो जीवन ही खत्म हो जाएगा? प्रश्न यह भी है कि उम्मीदों का कब्रगाह बनते कोटा भेजने से पहले क्या अभिभावकों ने सोचा है कि क्या जेईई में निकलना निहारिका का पैशन भी है? हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट होता है। ईश्वर उसे किसी निश्चित लक्ष्य के लिये रचता है।

# उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई।जनता दरबार में चतरा प्रखंड के ग्राम रामटुंडा का रहने वाला एक दिव्यांग व्यक्ति ने आवेदन के माध्यम से बताया कि मैं राजस्थान के झुनझुन जिले में क्रेशर में काम करता था। वहीं मेरा हाथ क्रेशर में काम करने के दौरान कबर गया। जिसके कारण मैं शारीरिक रूप से आपाहिज हो चुका हूं। घर में आर्थिक आय का माध्यम मैं ही था। आज काम नहीं कर पाने के कारण काफी दिक्कत और परेशानी का सामना मेरे परिवार को करना पर रहा है। घर में पेट भरने हेतु राशन तक उपलब्ध नहीं है। इस पर उपायुक्त ने आवेदन का अवलोकन करते हुए संबंधित पदाधिकारी को नियमानुसार मामले का निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसी प्रकार प्रधान मंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, आपूर्ति, भूमि विवाद, सामाज कल्याण समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। वहीं उपायुक्त ने उक्त आयोजित जनता दरबार के दौरान जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर कहा सभी पदाधिकारी यह ध्यान देंगे कि प्रखंड या जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालयों में अगर कोई आमजन समस्याओं को लेकर आते हैं तो इसका निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें। यह भी ध्यान रखा जाय की दूर दराज से गरीब लाभुक बहुत ही उम्मीद से अपने मामले को लेकर कार्यालय पहुंचते है। आगे उन्होंने कहा कि प्रायः यह शिकायत प्राप्त होती है कि किसी कार्य या शिकायत के लिए लाभुक अगर प्रखंड या जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालय आते हैं तो उनके साथ कर्मी,अधिकारी अभद्रता से पेश आते हैं। इस तरह के कार्यशैली में सुधार कर लें अन्यथा नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## 2 एकड़ में लगे पोस्ता खेती को वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** हंटरगंज प्रभारी वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभुषण कुमार के निर्देश पर शनिवार को पोस्ता खेती उन्नमूलन अभियान चलाया गया। हंटरगंज प्रक्षेत्र के अंतर्गत रक्सी गांव के वन भूमि एवं गैर वन भूमि के अंदर अवैध रुप से लगाए गए लगभग 02 एकड़ में पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर की सहायता से जोत कर नष्ट किया गया। पोस्ता की खेती करने वाले लोगों चिन्हित कर उनके विरुद्ध करवाई करने की बात बताया है। प्रभारी वनपाल पवन कुमार के नेतृत्व में वनरक्षी तेयोफील बाड़ा, राजीव रंजन, सुबोध सोनी और वशिष्टनगर थाना पुलिस बल के सहयोग से यह अभियान किया गया।

## वनांचल इंटर कालेज में 12 वीं के छात्र छात्राओं को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** वनांचल इंटर महाविद्यालय टंडवा में शनिवार को 12 वीं कक्षा के छात्र छात्राओं को विदाई समारोह का आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में वनांचल इंटर महाविद्यालय टंडवा के शासी निकाय सचिव जयप्रकाश नायक थे। वही कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य पंकज साव और शिक्षक प्रतिनिधि महेंद्र कुमार साव ने संयुक्त रूप से किया।विदाई समारोह में 11 वीं के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। वही वनांचल इंटर महाविद्यालय टंडवा के शासी निकाय सचिव जयप्रकाश नारायण ने अपने संबोधन में कहा की 12वी के जो भी छात्र छात्रा अच्छा रिजल्ट करेंगे उन्हें वनांचल इंटर के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। वही उन्होंने 12 वी के छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य का कामना की। वही इस मौके पर शिक्षक एवं शिक्षिका देवलाल कुमार, विवेक कुमार पासवान, चित्रा राणी गुप्ता, सुभाषिनी कुमारी, ज्योति कुमारी, शिखकेतर कर्मी में शिव शंकर साव, मदन कुमार नायक, दिनेश कुमार मालाकार, रानी कुमारी समेत महाविधालय के सैकड़ों छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत कोयद पंचायत के ग्राम सोपारम में शनिवार को श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से यज्ञ समिति के अध्यक्ष के रूप में नंदकुमार पाठक, सचिव, ब्रजकिशोर पांडे एवम् कोषाध्यक्ष के रूप में अमित कुमार को मनोनीत किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि आगामी 24 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नवदिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का विधिवत समापन दो मई को किया जाएगा। बैठक के समापन के बाद लोगों ने बताया कि यज्ञ समिति का विस्तार अगली बैठक में पूर्ण किया जाएगा।


## समाजसेवी महेन्द्र केशरी ने नए एसडीपीओ अजय कुमार केशरी को गुलदस्ता देकर किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** नए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केशरी को समाज सेवी महेंद्र केशरी और इनके सागिर्दो ने गुलदस्ता देकर सिमरिया आगमन पर किया सम्मानित। यह सम्मानित पूर्व एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने नए एसडीपीओ अजय कुमार केशरी को सिमरिया एसडीपीओ के पद ग्रहण करने के क्रम में की गई है। बता दें कि सिमरिया को नए एसडीपीओ के रूप में अजय कुमार केशरी को विभाग की ओर से मिली है। देखना अब यह होगा कि इनके कार्यकाल में विधि व्यवस्था कितना नियंत्रण में रहता है।

## उपायुक्त ने ऑनलाइन माध्यम से पदाधिकारियों को दिया दिशा निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त ने उक्त आयोजित जनता दरबार के दौरान जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर कहा सभी पदाधिकारी यह ध्यान देंगे कि प्रखंड या जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालयों में अगर कोई आमजन समस्याओं को लेकर आते हैं तो इसका निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें। यह भी ध्यान रखा जाय की दूर दराज से गरीब लाभुक बहुत ही उम्मीद से अपने मामले को लेकर कार्यालय पहुंचते है। आगे उन्होंने कहा कि प्रायः यह शिकायत प्राप्त होती है कि किसी कार्य या शिकायत के लिए लाभुक अगर प्रखंड या जिला मुख्यालय में स्थित कार्यालय आते हैं तो उनके साथ कर्मी/अधिकारी अभद्रता से पेश आते हैं। इस तरह के कार्यशैली में सुधार कर लें अन्यथा नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## महाशिवरात्रि मनाने को लेकर परोरिया के लोगों ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** प्रखंड मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कैलाश धाम मंदिर परोरिया में महाशिवरात्रि मनाए जाने को लेकर बद्री रजक की अध्यक्षता कैलाश धाम मंदिर प्रबंधन समिति की बैठक की गई।बैठक में बीते वर्ष हुए शिवरात्रि पुजा में आय-व्यय से संबंधित लेखा-जोखा पर चर्चा किया गया इसके साथ ही इस वर्ष भी धूमधाम से शिवरात्रि पूजा मनाए जाने को लेकर बिंदुवार चर्चा किया गया और इसे अक्षरशः पालन करने पर बल दिया गया। कैलाश धाम मंदिर प्रबंधन समिति की इस बैठक में इस बार पूजा को लेकर कमेटी में निम्नलिखित लोगों को स्थान मिला जो इस प्रकार है अध्यक्ष ब्रह्मदेव राम उपाध्यक्ष रामवृक्ष रजक सचिव इंद्रदेव दांगी उपसचिव सुरेश यादव कोषाध्यक्ष महेंद्र यादव उप कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार दांगी, प्रवक्ता कुलदीप रजक के साथ-साथ इस कमेटी में सदस्यों के नाम इस प्रकार है विनोद दांगी बाबूलाल रजक कैलाश चंद्रवंशी लखन रजक शत्रुघन यादव रामस्वरूप रजक सुधीर साव राजू रजक अशोक राम परमेश्वर रजक निरंजन रजक भवानी रजक बजरंग रजक दीपक राणा चंदन कुमार रजक भोला साव समेत अन्य ग्रामीणों का नाम शामिल है। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मयूरहंड बीस सूत्री अध्यक्ष श्री रामभरोस यादव शामिल हुए। बीस सूत्री अध्यक्ष ने महाशिवरात्रि पूजा से संबंधित बातचीत करते हुए बताया कि परोरिया स्थित कैलाश धाम मंदिर शिव भक्तों के साथ-साथ सभी सनातनियों की आस्था का यह प्रमुख केंद्र है। बेला गांव से सटे परोरिया स्थित इस कैलाश धाम मंदिर में प्रत्येक वर्ष हजारों की भीड़ देखा जाता है और करीब एक सप्ताह तक मेला लगा रहता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सच्चे मन से जो भी व्यक्ति कैलाश धाम मंदिर में आकर बाबा भोले से मांगते हैं। बाबा भोलेनाथ उनकी मनोकामनाओं पूर्ण करते हैं।

### 5 वें अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के रूप में अजय कुमार केशरी ने लिए प्रभार

## अपराध नियंत्रण, लोगो के साथ इंसाफ मेरी पहली प्राथमिकता होगी : अजय कुमार केशरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** 5 वें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नवपदस्थापित एसडीपीओ अजय कुमार केशरी ने शनिवार को निवर्तमान एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी से पदभार ग्रहण किया। नवपदस्थापित एसडीपीओ ने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने व विधि व्यवस्था संधारण की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से कार्य किया जाएगा। साथ ही अपराध नियंत्रण, लोगो के साथ इंसाफ उनकी पहली प्राथमिकता होगी। वहीं अफीम तस्करों को अपने अपने मुख्य धारको में आकर एक अच्छे नागरिक तरह अपना काम करें वरना सलाखों के पीछे जाने के लिए रहे तैयार इसके पूर्व उपस्थित लावालौंग थाना प्रभारी अविनाश कुमार,सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार,गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर के अलावा कुंदा प्रभारी सचिन कुमार दास, और पत्थलगड्डा थाना प्रभारी कौशल कुमार और पुलिस के कई अधिकारियों ने नये एसडीपीओ को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा निवर्तमान एसडीपीओ को भी पुष्प गुच्छ देकर विदाई दी। मौके पर एस आई विनय कुमार सिंह, अनिल सिंह,, छोटू कुमार, एसडीपीओ कार्यालय के कर्मी के अलावे समाजसेवी महेंद्र केसरी व कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी पुष्प कुछ देकर स्वागत किया।

## सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली गई बाइक जागरूकता रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा को लेकर बाइक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली के तहत लोगों को सावधानी पूर्वक एवं यातायात नियमों का पालन करते हुवे वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट पहन कर बाइक चलाने का सन्देश दिया गया द्य बाइक रैली दूध फैक्टरी से शुरू होकर शहर के मोटरयान ट्रेनिंग स्कूल तक निकाली गयी। बाइक रैली में 70 व्यक्तियों ने हिस्सा लिया।

# लातेहार के तीन कलाकारों को कोलकाता में मिला फिल्म अवार्ड

### झारखंड रत्न समेंत कई पुरस्कारों से सम्मानित किये जा चुके हैं रविकांत भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले के तीन कलाकारों को कोलकाता में फिल्म अवार्ड मिला है।श्याम फिल्म्स इंटरटेनमेंट ने फिल्म अवॉर्ड कोलकाता- 2024 का आयोजन किया था।इस समारोह में लातेहर जिला के नागपुरी कुडुख गायक रवि कांत भगत ओर अभिनेता रिंकू उरांव व जीतेंद्र भगत को सम्मानित किया गया। रविकांत भगत को कुड़ख वीडिओ एलबम झारखंडी पेल्लो में गायकी के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। जबकि अभिनेता रिंकू उरांव को हे चाला आयो, नामक कुडुख वीडिओ एलबम में अच्छी अभिनय के लिए सम्मान दिया गया।जितेंद्र भगत को मांदरिया रइसका नामक नागपुरी वीडिओ एलबम में अभिनय के लिए पुरस्कार दिया गया. बताते चलें कि रवि कांत भगत को उनकी कुडुख भाषा की गायकी और अभिनय के लिए झारखंड रत्न समेंत अन्य कई सम्मान मिल चुके हैं।रविकांत भगत ने अपनी मेहनत से झारखंड में एक एक अलग पहचान बनाई है और लातेहार जिले का नाम रौशन किया है। रविकांत ने बताया कि आज के आदिवासी युवा अपनी माटी की भाषा से विमुख हो रहे हैं. उन्हें फिर से जोड़ना है।आगे बताया कि झारखंड में बन रही नागपुरी फिल्म बीर आइज कर बिरसा का निर्माण किया जा रहा है. इसके निर्देशक मनीष बरवार और मुख्य अभिनेता डा विजय प्रकाश हैं. इस फिल्म में वे एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका कर रहे हैं. इस फिल्म को मई 2024 में झारखंड सहित असम, बंगाल, उड़ीसा व छत्तीसगढ़ में एक साथ रिलीज किया जायेगा।श्री भगत ने बताया कि उनकी एक और अपकमिंग नागपुरी शॉर्ट फ़िल्म करम बिहान है। इसकी शूटिंग लातेहार में की गयी है।

## लिपिक को सेवानिवृत होने पर मुखिया संघ अध्यक्ष ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** जिला कल्यान कार्यालय, लातेहार मे लिपिक के पद पर कार्यरत साल्वे पंचायत के बारिखाप ग्राम निवासी, जलेशर भगत के सेवानिवृत होकर घर लौटने पर बारियातु मुखिया संघ अध्यक्ष सह साल्वे पंचायत मुखिया राजीव भगत ने अंगवस्त्र व माला पहना कर स्वागत किया। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए जलेशर भगत ने बताया कि मेरे पिता बुलेशर भगत प्रखण्ड कल्याण प्रवेक्षक के पद पर बालूमाथ में कार्यरत थे। जिनका 4 नवम्बर 1999 को हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। उन्ही के बदले में मुझे नौकरी मिली थी, आगे जलेशर भगत ने बताया कि पिताजी बालेश्वर भगत के निधन के बाद 8 दिसंबर 2001 को जिला कल्याण कार्यालय लातेहार मे लिपिक के पद पर मुझे बहाल किया गया। जहाँ, लगभग 23 साल तक लिपिक के पद पर कार्यरत रहा व 31 जनवरी 2024 को ससम्मन सेवानिवृत होकर घर लौटे।

### ना ठेकेदारी चलेगी ना मशीन, अगर चली तो कोर्ट में केस चलेगी

## मनरेगा दिवस के अवसर पर सैंकड़ों मजदूरों ने काम की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 2 फरवरी मनरेगा दिवस के अवसर पर मनरेगा जागरूकता पखवाड़ा के तहत पहला कार्यक्रम लातेहार जिला के हेरहंज प्रखंड में नागरिक सहायता केंद्र और नरेगा वॉच के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मनरेगा मजदूरों के द्वारा रैली निकाली गई। इस रैली का नेतृत्व नागरिक सहायता केंद्र के जिला समन्वयक जिलानी फैयाज, राजदेव प्रसाद वर्मा एवं मजदूर यूनियन (नरेगा वॉच) के नंदकिशोर कर रहे थे। रैली में पांचो पंचायत के सैंकड़ों मनरेगा महिला-पुरुष मजदूर उपस्थित थे। रैली हेरहंज पंचायत भवन से निकाली गई। जो प्रखंड के मुख्य मार्गों से होते हुए प्रखंड कार्यालय तक पहुंची। रैली में तमाम मजदूर अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थे जिसपर लिखा था। ग्राम सभा ने ठाना है, मनरेगा में भ्रष्टाचार मिटाना है, अपने गांव में अपना काम, मनरेगा ने दिया है यह मुकाम, मनरेगा में मशीन नहीं चलेगी, अगर चली तो कोर्ट में केस चलेगी। इसी के साथ लोग तमाम नारे लगा रहे थे। - मजदूर एकता जिंदाबाद, मनरेगा से गांव में होगी हरियाली, मनरेगा में जेसीबी नहीं चलेगी अगर चली तो कोर्ट में केसें होंगी। रैली में प्रदर्शन कर रहे लोगों को प्रशासन ने प्रखंड कार्यालय परिसर में घुसने से रोक दिया। कार्यालय के हेड क्लर्क और बीपीओ को मजदूरों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मजदूरों ने मांग किया था कि हर हाथ को कम दिया जाए और उचित समय में मजदूरी भी भुगतान किया जाए। साथ ही 561 मजदूरों ने काम की मांग का आवेदन भी जमा किया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय परिसर के बगल में स्थित सरना स्थल परिसर में मजदूरों की सभा आयोजित की गई। इस सभा को संबोधित करते हुए जिलानी फैयाज ने मनरेगा में लिखित मजदूरों के अधिकारों की चर्चा विस्तार से करते हुए बताया कि मनरेगा का काम ग्राम सभा से निकलता है। राजदेव प्रसाद वर्मा ने कहा जिन लोगों के पास जॉब कार्ड है, अगर वह काम की मांग करते हैं तो उन्हें काम देना है। अगर काम नहीं दिया जाता है तो उन्हें बेरोजगारी भत्ता पाने का अधिकार है। मनरेगा में ना ठेकेदारी का प्रावधान है और ना ही किसी मशीन की। इस मौके पर हेरहंज पंचायत के उप मुखिया राम बलिराम, कौशल्या देवी, कविता देवी,रमाशंकर , प्रीति देवी, फूलमनी देवी सहित सैंकड़ों महिला पुरुष मनरेगा मजदूर उपस्थित थे।

## बकाया भाड़ा भुगतान की मांग को लेकर ट्रक मालिको का दूसरे दिन भी धरना जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में शनिवार को लगातार दूसरे दिन बालूमाथ एवं बसिया के ट्रक मालिको का बकाया भाड़ा भुगतान की मांग को लेकर दिया जा रहा धरना दूसरे दिन जारी रहा ।मौके पर जानकारी देते हुए बसिया ट्रक ऑनर ऐशो.अध्यक्ष कृष्णा साव ने कहा कि प्रणव नमन को यहां किसी कीमत में भाड़ा तोड़ने नही देंगे। कुछ ट्रांसपोर्ट लोग गद्दी खर्चा, टी डी एस, लोडिंग, अनलोडिंग के नाम पर ट्रक मालिको से वसूली कर रहे हैं। विस्थापितो एवं ट्रक मालिको के हक की लड़ाई मांगे पूरी होने तक जारी रहेगी। बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन अध्यक्ष संजीव सिन्हा ने कहा सीसीएल प्रबंधन के मनमानी रवैया एवं प्रणव-नमन प्राइवेट लिमिटेड सहित कई लिफ्टर के द्वारा ट्रक मालिकों का लाखों रुपए भाड़ा बकाया रखे हुए हैं। ट्रक मालिको के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। वही विस्थापित नेता संजीत साव, संजय यादव ने कहा की ट्रक मालिको के हक की लड़ाई को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। प्रणव नमन कंपनी और सीसीएल रेजिंग में सुधार लाये। एवं पूर्व का बकाया भाड़ा ट्रक मालिको को दे।

## आरक्षण को लेकर मांको डाक बंगला में ओबीसी मोर्चा की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** आगामी 11 फरवरी को पलामू के शिवाजी मैदान में प्रमंडलीय महासम्मेलन के आयोजन को लेकर शहर के माको डाक बंगला में पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच पलामू प्रमंडल की एक बैठक व प्रेस वार्ता की गई। इस प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अधिकार मंच के संयोजक मंडली के जुगल लाल, ब्रह्मदेव साव, शंकर प्रताप विश्वकर्मा, अजय वर्मा, रिटायर डीएसपी सरवन कुमार, विनय चंद्रवंशी, वरुण बिहारी प्रसाद, अख्तर अंसारी, राज नारायण, लक्ष्मण यादव, सुशील अग्रवाल, शत्रुघ्न प्रसाद आदि शामिल हुए। ब्रह्मदेव साव ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल द्वारा ओबीसी को उसकी हक व अधिकार नहीं दिया जा रहा है। लातेहार में ओबीसी का आरक्षण शून्य हैं। उन्होंने कहा कि ओबीसी के हक व अधिकार के लड़ाई के लिए 11 फरवरी को पलामू के शिवाजी मैदान में प्रमंडलीय महासम्मेलन का आयोजन किया जाना है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार जातीय जनगणना करा कर राजनीतिक हिस्सेदारी एवं भागीदारी सुनिश्चित करें। जनसंख्या के हिसाब से सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों 52त्न आरक्षण की व्यवस्था की जाए। जुगल पाल ने कहा कि झारखंड राज्य में जातीय जनगणना कराकर ओबीसी का सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक रिपोर्ट जारी किया जाये। किसानों का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए। नगर निकाय व पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित रोस्टर के अनुसार सीटों को राज्य सरकार आरक्षित करें। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग शिक्षित बेरोजगार युवकों को दस हजार मासिक बेरोजगार भत्ता की व्यवस्था करें। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि ओबीसी को अपने हक व अधिकार की लड़ाई के लिए आगे आना होगा। उन्होंने आज तक के एंकर सुधीर चौधरी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लेकर की गई बात को कड़ी शब्दों में निंदा किया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने कहा कि पलामू प्रमंडल में होने वाले महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा। लातेहार से हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। मौके पर महेंद्र प्रसाद, रामप्यारी प्रसाद, मोती सोनी सुनील सोंडेकर रंजीत यादव नागेंद्र प्रसाद समिति कई लोग मौजूद थे। आज रथ को किया जाएगा रवाना पलामू में होने वाली प्रमंडलीय स्तरीय महासम्मेलन को लेकर लातेहार से रविवार को रथ यात्रा को रवाना किया जाएगा। रथ गांव गांव घूम कर ओबीसी के हक अधिकार को लेकर जागरूक करेगी।

**जिला प्रभारी और जिला अध्यक्ष बनाए जाने का किया विरोध :** इधर, लातेहार में भाजपा द्वारा जिला अध्यक्ष व जिला प्रभारी बनाए जाने का राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा ने विरोध किया है। मोर्चा के लोगों ने कहा कि लातेहार में ओबीसी की 52त्न आबादी होने के बाद भी भाजपा द्वारा किसी पद पर ओबीसी की हिस्सेदारी नहीं दी गई है। इसी के विरोध में रविवार माको डाक बंगला में बैठक कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। इस बैठक में ओबीसी समाज के लोगों को पहुंचने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### छवि खराब करने की साजिश रचने को लेकर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने थाने में दिया आवेदन

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से छवि खराब करने को लेकर बड़कागांव थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में संजय सिंह ने कहा कि मेरा एवं पार्टी की छवि खराब करने को लेकर हेमंत महतो पिता गाली महतो के मोबाइल नंबर 9122543411 से बड़कागांव न्यूज़ ग्रुप और अन्य ग्रुप में 2 फरवरी को रात्रि करीब 8ः30 बजे से गलत तरीके से मैसेज वायरल कर बदनाम करने की साजिश रची गई। मीडिया ग्रुप में चेक कर रहा था तभी 9ः13 बजे व्हाट्सएप के माध्यम से कॉल आया जिसका मोबाइल नंबर 9122543411 जो अपना नाम हेमंत महतो बताया। मैंने पूछा मुझे इस तरीका से बदनाम करने की साजिश क्यों की जा रही है तब उसने कहा कि मुझे कुमरडीहा नयाटांड निवासी पंकज ठाकुर ने मुझे सोशल मीडिया ग्रुप में वायरल करने को कहा। थाने में दिए गए आवेदन के माध्यम से साजिश के तहत उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। श्री सिंह ने कहा कि कुछ दिन पहले कुछ ट्रैक्टर मालिक उनके खिलाफ शिकायत लेकर हमारे पास आए थे जिसको लेकर मैंने उसे डांटा था। बदले की भावना से मुझे और मेरी पार्टी को बदनाम करने की साजिश रची गई है। प्रभारी विनोद तिर्की से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आवेदन दिया गया है कार्रवाई के लिए जांच पड़ताल जारी है।

### धनवार पंचायत में महिला व बालसभा को लेकर हुई बैठक

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पदाधिकारी के आदेशानुसार धनवार पंचायत सचिवालय भवन में महिला व बाल सभा की अलग अलग विशेष बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्राम धनवार कोरियाड़ीह, लठिया, आरागढ़ा, गमहरिया, सिंहपुरकला, एवा, सिंहपुरखुर्द के ग्रामीण महिला, विद्यालय छात्र छात्राएं एवं वॉर्ड सदस्य उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने किया। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि महिला हितैषी गांव बनाने की परिकल्पना को जमीन में उतारने को लेकर आज की बैठक हो रही है। जहां समाज से लैंगिक भेदभाव को जड़ से मिटाने के लिए ग्राम स्तर पर कार्य योजना का रूप रेखा तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में सबों को लैंगिक समानता से परिपूर्ण समाज के निर्माण के लिए संकल्प लेने की जरूरत है। वहीं बता दें कि वार्षिक कार्य योजना का निर्माण को लेकर वित्तीय 2024-25 के लिए सबकी योजना सबका विकास अभियान के लिए एलएसडीजी अंतर्गत कुल 9 टीम में से अधिकतम एक टीम को संकल्प के रूप में महिला हितैषी पंचायत का चयन किया गया था। मौके पर धनवार पंचायत मुखिया राजेंद्र प्रसाद, महिला समाज सेविका ममता देवी पंचायत समिति सदस्या संतोषी कुमारी वार्ड सदस्य बालेश्वर कुमार, मोहम्मद मंसूर अंसारी, मोहम्मद हसमत अंसारी, बसंती देवी, आंगनबाड़ी सेविका किरण कुमारी, गीता देवी, मरियम खातून, बेबी देवी, रंजना कुमारी, कंचन देवी, कौशल्या देवी, संगीता देवी, सकून देवी, जिरवा देवी, सरोज देवी, ललिता देवी, सरोज देवी, बिलकिस, प्रवीण, संगीता देवी, संतोषी देवी, राखी देवी, रेखा देवी, रंजना कुमारी, रेणु देवी, नजमा प्रवीण, बिमला देवी, संगीता देवी, शांति कुमारी, रिहाना खातून, पिंकी कुमारी सहित भारी संख्या में महिला उपस्थित थी।

### भाजपा नेता मोहम्मद अजहर उद्दीन के निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया दुख

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष विष्णुगढ़ के नीचे मुहल्ला निवासी भाजपा नेता मोहम्मद अजहर उद्दीन के निधन से इन दिनों भाजपा पार्टी में शोक की लहर है। सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि हजारीबाग पूर्व सांसद जसवंत सिन्हा ने भाजपा नेता अजहर उद्दीन की पत्नी से टेलीफोन के माध्यम से संपर्क कर शोक संवेदना प्रकट की, साथ ही उनके परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिए।भाजपा में इनका काफी सहरनीय योगदान रहा।इनको हमेशा पार्टी में याद किए जायेगे।मांडू सांसद प्रतिनिधि विपिन कुमार सिन्हा ,पूर्व सांसद प्रतिनिधि शंभूनाथ पांडेय,पूर्व महामंत्री शंकर सोनी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष डोमन गुप्ता,प्रभु विश्वकर्मा,अनूप कसेरा,अमूलचंद्र पांडेय, ललित कुमार मिश्रा,कपिल देव चौधरी, ऋतिक मिश्रा, सुनील अकेला, विकास कुमार पांडेय, राजेश कुमार दुबे, जीवन सोनी समेत सैकड़ों लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की।

### परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में मैट्रिक परीक्षा को लेकर शिक्षको ने छात्राओं को दिए टिप्स

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):**विष्णुगढ़ परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में शुक्रवार को प्री बोर्ड परीक्षा में शामिल बालिकाओं के बीच प्रगति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के द्वारा मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कई प्रकार के टिप्स की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यार्थियों को नियमित रूप से प्रैक्टिस करनी चाहिए। प्रतिदिन प्रेक्टिस करने से छात्रों में परीक्षा का डर समाप्त हो जाता है। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर देश में विद्यार्थियों के टेंशन को कम करने के अनेक उपाय सुझाए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से पढ़ने तथा धैर्य के साथ परीक्षा लिखने की सलाह दी है। इस शैक्षणिक वर्ष में इस विद्यालय से लगभग 300 बालिकाएं मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों तथा अतिथियों के द्वारा मैट्रिक बोर्ड में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने डीसी और एसपी से लगाई गुहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** फेडरेशन ऑफ़ हज़ारीबाग़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल और सचिव राकेश ठाकुर ने हजारीबाग उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक को पत्र लिखकर उन्हे व्यापारियों एवं आम जनों की समस्या से अवगत कराया एवं समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई।

उन्होंने उपायुक्त से बालू की अनुपलब्धता से निर्माण कार्य ठप होना और निर्माण कार्य से संबंधित अन्य व्यापार भी प्रभावित होने के साथ हीं निर्माण कार्य में लगे कारीगर एवं मजदूरो के भुखमरी के कगार पर होने का मुद्दा उठाया।उन्होंने इन सभी बातों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने के लिए उपायुक्त से आग्रह किया।साथ ही आरक्षी अधीक्षक का ध्यान शहर में बढ़ती आपराधिक गतिविधि एवं चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था की और आकृष्ट कराया।उनसे इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए संज्ञान लेकर आवश्यक कदम उठाने का निवेदन किया गया है।

## झारखण्ड कॉलेज मे इंटर सकेंड वर्ष की छात्र छात्राओं को दी गई विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** झारखंड कॉलेज में प्रिंसपल बिनोद यादव की अध्यक्षता मे विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति पाणिनि आइस अकादमी के डारेक्टर डॉ प्रकाश कुमार एवं वही विशिष्ट अथिति कॉलेज सचिव श्याम सुन्दर तिवारी थे। कॉलेज के 300 बच्चों को विदाई दी गई जिसमे सभी के उज्वल भविष्य का कामना करते हुवे मुख्यअथिति डॉ प्रकाश ने कहा शिक्षा मनुष्य को सभ्य एवं संस्कारी बनाती है साथ ही देश के विकास के लिए अच्छी शिक्षा अति आवश्यक है।लगतार झारखण्ड कॉलेज छोटे शहर मे गुणवता पूर्ण शिक्षा देते आ रही है। इस मौके पर प्रो शमसेर अंसारी, किरण कुमार, रंजीत कुमार साहू, मो मोदसर, धर्मनाथ कुमार सत्यनरण कुमार सहित सैकड़ो छात्र उपस्थित थे।

## बरही में इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव को लेकर सांसद का जताया आभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही में इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की सूचना मिलते ही बरही के लोगों में हर्ष का माहौल है। भाजपाइयों ने कहा कि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के अथक प्रयास से बरही में इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित हुआ है। इसके लिए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का भी आभार व्यक्त किया है। इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव होने से अब यहां के लोगों को आने जाने में आसानी होगी और किराया में भी राहत मिलेगा। बधाई देने वाले में बरही भाजपा नेता अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अर्जुन साहू, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, बंधन यादव, डोमन पांडे नवल किशोर सिंह, प्रमोद सिंह, जितेंद्र गिरी, पप्पू चंद्रवंशी, उपेंद्र सिंह, लक्ष्मी सिंह, गोविंद साहू, दिलीप गुप्ता, मुकेश राणा, अमित सिंह सहित बरही की जनता सांसद को आभार व्यक्त किया है।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बरही से काफी संख्या में शामिल होंगे कांग्रेसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** प्रखण्ड परिसर स्थित विधायक कक्ष में बरही के कांग्रेसियों ने बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। मौके पर बताया गया की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामगढ़ जिला के गोला चितरपुर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का आगमन आगामी 5 फरवरी को होना तय है। जिसमें शामिल होने के लिए बरही विधानसभा से हज़ारों की संख्या में लोग शामिल होंगे।



जिसके लिए 05 फरवरी को सुबह छह बजे इटखोरी मोड़ में सभी बूथ अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बीस सूत्री अध्यक्ष, सदस्य समेत सभी विधायक प्रतिनिधियों को समय पर उपस्थित होना है। इसके लिए प्रत्येक पंचायत से एक गाड़ी लेकर चलना है। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अधिकांश लोग शामिल होकर इसे सफल बनाएंगे और कांग्रेस पार्टी के विचारों को जनजन तक पहुंचाने का काम करेंगे।

मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मंडल अध्यक्ष सिकेन्द्र राणा, रघुवीर यादव, राजू राणा, रिजवान अली, मो गुलजार, मो तैयब अंसारी, दसरथ यादव, पंकज पासवान, मुन्नी लाल ठाकुर, राजदेव यादव, सुभाष यादव, बिनोद यादव, देवचंद यादव, रमेश चन्द्रवंसी, अर्जुन पंडित, मो सरताज, मो तौकीर रजा, मिथिलेश कुमार उपाध्याय, प्रकाश यादव, बलराम कुमार, सुरेंद्र यादव, मनोज रविदास, फिरदौश खान, खड्गधारी यादव सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।

## चरही पुलिस द्वारा तिवारी गिरोह के दो अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चरही :** तिवारी गैंग के द्वारा चरही एवं गिद्दी थाना अंतर्गत कई कोयला ब्यापारियों से लगातार रंगदारी की मांग की जा रही थी, जिस संबंध में चरही थाना काण्ड संख्या 101/2023 दिनांक 05.12.2023 धारा 387/34 भा0द0वि0 दर्ज करते हुये कांड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में तकनिकी साक्ष्य के मदद से कांड का उदभेदन किया गया जिसमें यह बात प्रकाश में आयी कि विकास तिवारी गिरोह के वरूण तिवारी पिता अजय तिवारी सा0-विकास नगर थाना-रामगढ़ जिला रामगढ एवं गोपाल सिंह पिता कृष्णा सिंह सा0-बंगाली टोला थाना-रामगढ़ जिला रामगढ के द्वारा ही कोयला व्यापारियों / कंस्ट्रक्शन कंपनी को रंगदारी वसुली की धमकी दी गई थी। उक्त घटना में शामिल दोनों अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ?तारी उपरांत अपराध में प्रयुक्त चार मोबाईल नम्बर दो डायरी एवं रंगदारी में लिये गये नगद 01 लाख 56 हजार 500 रूप्ये एवं सभी कोयला व्यापारियों / कंस्ट्रक्शन कंपनी से ली गयी रंगदारी की राशि का व्योरा डायरी सहित बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों 05.01.2024 को तापिन नोर्थ में इन्हीं के द्वारा ही रंगदारी की राशि वसूली हेतु गोली चलवाने की बात कही गयी है।

## आईएमएस एमएमएम इंग्लिश मीडियम स्कूल पिपचो में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दारू :** प्रखंड अंतर्गत आईएमएस एमएमएम इंग्लिश मीडियम स्कूल पिपचो में वार्षिक खेल दिवस 24 भव्य तरीके से संपन्न हुआ. कंडेलवाल ग्रुप ऑफ एसोसिएशन के मालिक दिनेश कंडेलवाल ने समारोह की अध्यक्षता की और छात्रों को पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। 250 से अधिक छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीते खेल दिवस के दौरान कार्यक्रम होते हैं। आईएमएस एमएमएम इंग्लिश



मीडियम स्कूल की प्रिंसिपल थेनमोझी ने कार्यक्रम का भव्य तरीके से आयोजन किया।ब्लू टीम ने ओवरऑल चैंपियनशिप जीती । बारहवीं के मनोजी को 2024 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में चुना गया.बारहवीं की काजल कुमारी को लड़कियों के लिए सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में चुना गया. मास रोजर को लड़कों के लिए सर्वश्रेष्ठ कप्तान के रूप में चुना गया.श्री जोएल, श्री रंजीत, श्री फिलेमोन ,श्री विनोजी ने कार्यक्रम का भव्य तरीके से समन्वय किया।

## शस्त्र संचालन गतका की राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में फहिमा अकादमी के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड गतका असोसिएशन द्वारा स्टेट सब जूनियर सीनियर ग़तका चैंपियनशिप रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में बरही में आयोजित किया गया। जिसमे फहिमा अकादमी स्कूल के सात छात्रों को गोल्ड सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त हुआ।कक्षा पांचवी के छात्र मो रिज़वान को गोल्ड मैडल, हादी अली,आकाश मुंडा एवं शिवम् कुमार को सिल्वर, मो अयान एवं कक्षा आठवीं के छात्र हिमांशु कुमार को ब्रॉन्ज़ और मो खालिद को सिल्वर मैडल प्राप्त हुआ। स्कूल प्राचार्या फरहा फातमी ने बच्चों को बधाई देते हुए उनकी मेहनत की सराहना की और भविष्य में खेल के क्षेत्र में बच्चो को आगे बढ़ने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल खेल के क्षेत्र में अग्रसर बच्चों की मदद को कृतसंकल्पित है।उन्होंने गतका असोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी प्रिंस कुमार मिश्रा और कोच अंशु राज को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने बच्चो की प्रतिभा को पहचाना और निखारा। बच्चो के इस रिकॉर्ड तोड प्रदर्शन से स्कूल के शिक्षक काफी उत्साहित थें।बच्चो के उत्साहवर्धन समारोह में स्कूल के शारीरिक शिक्षक सोमनाथ कुमार, हसरत अली, मो बेलाल, राहुल कुमार, कुणाल कुमार, गौतम कुमार, मो सफ़ीक़, अबदाल आलम, महताब आलम, बीरेंद्र प्रसाद, पल्लवी राणा,माज़दा प्रवीण एवं नाज़िआ मौजूद थे।

## दादी सेना की पदयात्रा का दादी भक्तों ने भजन संध्या के साथ किया स्वागत

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री राणी सती दादी के पूरे देश भर में विभिन्न मंदिर स्थापित है, उन्ही मंदिरों में से एक राजस्थान के झुंझुनू जिले में भव्य एवं आकर्षक दरबार के साथ मंदिर स्थापित है जहां के लिए बंगाल की धरती कोलकाता से दादी सेना के सैकड़ो श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए झुंझुनू मंदिर जा रहे हैं।इसी क्रम में बरही में दादी सेना का स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस बीच हजारीबाग जिला एवं कोडरमा जिला के कई दादी भक्ति उपस्थित रहे। दादी सेना के पदयात्रा में सभी श्रद्धालु, लाल ध्वजा दादी नाम का लेकर पैदल चल रहे थें जिसके साथ एक वाहन में दादी की तस्वीर को स्थापित किया गया है जिसमें दीदी की अखंड ज्योत प्रज्वलित है। वहीं देर शाम भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सभी दादी भक्त उनके भजनों पर जमकर झूमे, जय दादी की का जयकारा लगता रहा ,इसके पश्चात भव्य आरती के उपरांत दादी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। शनिवार की सुबह दादी सेन के श्रद्धालु अपने निर्धारित गंतव्य की ओर मुड़ चले।

## जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने मां छिन्नमस्तिका से ली आशीष

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला बीजेपी लोकसभा, चुनाव संचालन समिति के प्रभारी शशी भूषण भगत, संयोजक टुन्नु गोप, सह संयोजक रंजय कुमार कुंटू बाबू, एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राणा राहुल प्रताप,सांसद प्रतिनिधि राजेश कुमार जुगनू ,मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा सहित रामगढ़ के प्रमुख कार्यकर्ता शनिवार को छिन्नमस्तिका के चरणों में शीश नवा कर भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर संचालन समिति के पदाधिकारी ने कहा कि इस बार भाजपा प्रत्याशी को पिछले चुनाव की तुलना में अधिक मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को विजय दिलाने के लिए संकल्पित हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हमारे लिए देव तुल्य हैं, वह हमारे लिए सिर्फ कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि हम सब एक परिवार के सदस्य की तरह हैं। हमने अपने कार्यकर्ताओं के बल पर ही यह संकल्प लिया है कि अपने प्रत्याशी को इस बार 5 लाख से अधिक मतों से विजय बनाकर पूरे झारखंड में ही नहीं वल्कि पूरे देश में एक मिसाल कायम करेंगे। रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के कार्य कर्ताओं ने बड़े ही जोश और धूमधाम से प्रभारियों का स्वागत किया।

## कर्णपुरा बचाओ संघर्ष समिति के ग्राम अध्यक्ष के द्वारा की गई प्रेस वार्ता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** कर्णपुरा बचाव संघर्ष समिति ग्राम गोंदलपुरा के अध्यक्ष विनय कुमार उर्फ विकास के द्वारा एक प्रेस वार्ता बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में शनिवार को आयोजित की गई। प्रेस वार्ता के दौरान विकास ने कहा कि ग्रामीण कोल खनन परियोजनाओं और उसके लिए होने वाली सभाओं के विरोध में हैं। सभी सभाओं में जनता ने परियोजनाओं का विरोध किया है। भारत सरकार के एल ए आर आर एक्ट 2013 में यह स्पष्ट रूप से अंकित है की कोई भी परियोजना प्रभावित गांव की 80त्न जनता के स्वीकृति के बाद ही लगेगी जबकि कोल कम्पनियों की परियोजनाओं में कोई आम सभा अथवा ग्राम सभा नहीं हो पाई है। इसके अतिरिक्त भारत की संविधान की धारा 48 (क) में यह स्पष्ट रूप से वर्णित है कि केंद्र और राज्य की सरकारें वन और वन्य जीव का संरक्षण और संवर्धन करेंगे । वर्तमान समय में इस क्षेत्र में हो रहे खनन परियोजनाओं के कुप्रभाव से हाथी के उत्पात को देखा जा रहा है। प्रदूषण भी बढ़ रहा है। पर्यावरणीय एवं संविधान की विभिन्न धाराओं एवं प्रभावित गांव की जनता के भविष्य में होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखकर ग्रामीण कोल खनन परियोजनाओं के विरोध में है। प्रेस वार्ता के दौरान उप मुखिया रवि कुमार, पिंटू कुमार, चंदन कुमार, कृष्णा यादव उपस्थित थे।

# बाल विकास विद्यालय में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के सबसे पुराने प्राईवेट शिक्षण संस्थान बाल विकास विद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव के तहत दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता जो आज शनिवार को सम्पन्न हुई ।इस खेल प्रतियोगिता में विद्यालय के हर वर्ग से छात्रों भाग लिया। इस खेल प्रतियोगिता के तहत दौड़,रस्सी कूद,चम्मच दौड़,सेक रेस,टॉफी रेस समेत कई खेलो का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने राजकुमार (वर्ग-8),दीपक कुमार (वर्ग-6),विवेक कुमार (वर्ग-4),अगम कुमार(नर्सरी),निशा कुमारी(वर्ग-7),साक्षी कुमारी(वर्ग-7),कोमल कुमारी(वर्ग-4),ममता कुमारी(वर्ग-3),रिया कुमारी (वर्ग-1),विशाल टुडु(वर्ग-7),गौतम कुमार (वर्ग-5),चाँदनी कुमारी(वर्ग-7),आस्था बर्णवाल (वर्ग-7),भारती कुमारी(वर्ग-7),मोनिका कुमारी (वर्ग-4),शिवानी कुमारी(वर्ग-7) ने अलग-अलग प्रतियोगिताओ में अव्वल स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया।इस मौके पर प्राचार्य नवलकिशोर वर्मा ने सभी बच्चो को शुभकामनाएं देते हुए अपने जीवन मे तरक्की करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा की हार भी एक बड़ा सबक होता है,इससे निराश नहीं होना चाहिए इससे सबक लेकर पूरी तन्मयता के साथ अगली जीत की तैयारी में लग जाना ही वीरता है। आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव में मुख्य रूप से शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह,मनोज कुमार पाठक,बिजेंद्र प्रसाद ,छोटीनाथ गोस्वामी,पूजा सिंह,अलका कुमारी,प्रमिला देवी,कृष्णा कुमार,रिया सोनी,संजना मिश्रा समेत सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्रा शामिल थे।

# गांधी उच्च विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में संचालित गांधी उच्च विद्यालय में दसवीं के छात्र-छात्राओं को संयुक्त रूप से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रधानाध्यापक प्रकाश प्रसाद ने कहा कि बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा एक आदर्श विद्यार्थी के सभी अच्छे गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने अपने तरफ से दसवीं के सभी छात्रङ्कछात्राओं को जिनका बिदाई सह सम्मान समारोह था,उन्हें सम्मानित किया गया।साथ ही साथ सभी छात्रङ्कछात्राओं की उज्वल भविष्य की कामना की गई। मंच संचालन स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रकाश प्रसाद ने किया, मौके पर निजाम उद्दीन अकेला ने कहा कि मैं इस आशा के साथ आप सभी को अलविदा कहता हूं कि आप जो भी करेंगे उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। आप अपने अच्छे कार्यों से मुझे गौरवान्वित करेंगे। मौके पर प्रधानाध्यापक प्रकाश प्रसाद, मो. निजाम उद्दीन अकेला, कमल प्रसाद, गणेश केशरी, नरेश प्रसाद, रवि प्रसाद, राजेश कुमार, सतीश केशरी ,सुनीता कुमारी ,आशा कुमारी , तब्सूम प्रवीण,पूर्व सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# बरही प्रखंड सभागार में बिजली विभाग के पदाधिकारियों ने किया बैठक



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही प्रखंड सभागार में बिजली विभाग की ओर से एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से बिजली विभाग की एसी एके उपाध्याय व बिजली विभाग के कई पदाधिकारी, बिजली कर्मचारी एवं तीनों डिवीजन में बरही, चौपारण, हजारीबाग बिजली कर्मचारी, ऊर्जा मित्र, लाइनमैन शामिल हुए। मौके पर एसी एके उपाध्याय ने कहा कि आज की बैठक में यहां की समस्याओं से अवगत हुए। तीनों डिवीजन में परिस्थितियों ठीक नहीं रहने के बावजूद भी बरही डिवीजन सबसे अच्छी है। वहीं 24 घंटे बिजली की आपूर्ति कैसे हो, इस पर विचार किया गया। आगे उन्होंने कहा बरही सब डिजाइन के जितना बिजली का आपूर्ति हैं, उसके अनुपात राजस्व प्राप्त नहीं हो पा रही है, इसे बढ़ाना होगा। हाल की घटना से बिजली विभाग सुरक्षा व्यवस्था को तंदुरुस्त करने के लिए भी लगे हुए हैं। साथ ही आगे कहा कि बिजली का सही रूप से उपयोग करें, इसके साथ ही राज्य सरकार के द्वारा घोषित 100 यूनिट बिजली फ्री के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बैठक के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने एसी के नेतृत्व में बरही धनबाद रोड में जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही बिजली के खंभों में अपना बिजली बिल का भुगतान समय के अनुसार करने का स्लोगन लगाया। बैठक में बिजली विभाग के एसी एके उपाध्याय, कार्यपालक अभियंता क्षेत्र मोहन हेसा, अमित कुमार भगत, शेखर सुमन, सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार, एसडीओ हजारीबाग, कनीय अभियंता ओमकार जयसवाल, अभिषेक आनंद, ऊर्जा मित्र में संजीव घोष, सुग्रीव दांगी, विनय प्रसाद, मो रवानी, शिवानंद सिंह, संजय ठाकुर, प्रदीप कुमार कुशवाहा,मो सेराज सहित काफी संख्या में ऊर्जा मित्र, लाइनमैन उपस्थित हुए।

# चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण किए जाने पर राजू यादव ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन कार्यालय में शनिवार को कांग्रेस पार्टी के हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष सह राकोमयू के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। वहीं इस बैठक में झारखंड के मौजूदा राजनीतिक समीकरण पर चर्चा की गई। क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एक जुझारू व मिलनसार व्यक्ति हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा उन्हें अपना नेता चुना गया है। वहीं राजू यादव ने झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में झारखंड प्रगति की ओर अग्रसर होगा और झारखंड अलग राज्य होने के बीस वर्षो बाद भी अपने विषम परिस्थितियों से गुजरा है जोकि यहां के आदिवासी व मुलवाशी जल जंगल जमीन के लिए संघर्षरत रहे हैं। उन्हें अपने मुख्यमंत्री से काफी उम्मीदें हैं। वहीं बिते शुक्रवार को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल के समक्ष शपथ ग्रहण किये। जिससे राकोमयू के कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, डा जीआर भगत, दीपक कुमार यादव, विश्वनाथ मांझी, महादेव बेसरा, संजय कुमार यादव,अजय मिश्रा,चन्दू जायसवाल, राजकुमार सिंह, बाबू राम, बिनोद प्रजापति, लालदेव सोरेन, राधेश्याम बैठा, इन्द्रजीत पांडेय, श्याम आदि लोग मौजूद थे



# 11 फरवरी को बाबा तिलका मांझी की जयंती मनाई जाएगी विस्थापित समिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के बिरसा परियोजना कार्यालय समीप बाबा तिलका मांझी की जयंती मनाने को लेकर विस्थापित कार्यालय उरीमारी में विस्थापित समिति उरीमारी की बैठक शनिवार को हुई। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता सुखू मांझी और संचालन कार्तिक मांझी ने किया। सर्वप्रथम उरीमारी बस्ती के मांझी हड़ाम जीतराम मांझी का अकस्मिक निधन पिछले दिनों हो जाने के कारण शोक व्यक्त कर उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया गया। वहीं इस बैठक में आगामी 11 फरवरी को भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी की जयंती मनाने को लेकर विचार-विमर्श तथा निर्णय लिया गया। और इसबार सर्वसम्मति से बाबा तिलका मांझी की जयंती सादगीपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। विस्थापित नेता दसई मांझी ने कहा कि उरीमारी बस्ती के मांझी हड़ाम जीतराम मांझी मृदुभाषी एवं मिलनसार धनी व्यक्ति में शुमार थे। वें लंबे समय रहकर मांझी हड़ाम बनकर गांव का नेतृत्व किया एवं उनकी मृत्यु होने से समिति में शोक की लहर है। वहीं इस मौके पर विस्थापित नेता दसई मांझी, दिनेश करमाली, सुखु मांझी, कार्तिक मांझी, रैना मांझी, सुरेश मुर्मू, संतोष प्रजापति, कृष्णा सोरेन,तालो हांसदा, शिकारी टुडू, मनोज सिंह, भादो करमाली, सतनारायण बेदिया, रामलाल बेदिया, सुरेंद्र करमाली, सुरेश प्रजापति, धनलाल बेदिया, भंदू करमाली, लालजी पावरिया, मुकद्दर सोरेन, जलेश करमाली, होरिल प्रजापति, विनोद सोरेन, पूरन टुडू, दीपक मरांडी, देवा उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।



# रामगढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं ने अयोध्या धाम जाने वाले सेवादारों को अभिनंदन एवं शुभकामनाएं दी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सुभाष चौक रामगढ़ कैंट स्थित विन्ध्येश्वरी देवी मंदिर परिसर से अयोध्या धाम जाने वाले सेवादार के अभिनन्दन एवं शुभकामनाएं देते के लिए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ और श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद तथा जिला महामंत्री रंजन फ़ौजी के नेतृत्व में भाजपा के 10 कार्यकर्ता की एक टोली जिसमें दिलीप सिंह, प्रवीण कुमार सोनु, गणेश प्रसाद स्वर्णकार,सतीश मोहन मिश्र, जितेन्द्र साहु, अनिल कुमार सोनी, निरंजन कुमार, राजन कुमार पाण्डेय शामिल है जो अवधपुरी में श्रीराम लला के दर्शनार्थियों की सेवा के लिए प्रस्थान हुए। वे सभी रामभक्त कोडरमा स्टेशन से अयोध्या धाम पहुंचकर वहां राम मन्दिर में पूजा अर्चना करने आने वाले श्रद्धालुओं के सेवारत संगठनात्मक व्यवस्था में शामिल हो कर सेवा देंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला प्रभारी तथा हजारीबाग लोकसभा चुनाव प्रभारी शशि भूषण भगत ने रामसेवकों को मंगल कामनाओं के साथ श्री राम पट्टा , गमछा तथा माल्यार्पण पहनाकर सम्मानित करते हुए अयोध्या धाम के लिए विदाई दी। ये सभी सेवादार अयोध्या धाम में आठ दिन रह कर वहां रामकाज में सहयोग देंगे। इस अवसर पर जिला प्रभारी शशिभूषण भगत ,जिलाअध्यक्ष प्रविण मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, लोकसभा संयोजक टुन्नू गोप ,सह संयोजक रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, कार्यक्रम प्रभारी राजू चतुर्वेदी ,महामंत्री खिरोधर साहु ,राजीव पामदत्त, नमेन्द्र चंचल,शिव कुमार महतो, सुरजीत सिंह छाबड़ा, भारत विकास परिषद् के जिला अध्यक्ष नीरज पाठक, भाजपा नेता धीरज साहु,संतोष कुमार साह,ऋषिकेश सिंह, अजीत गुप्ता, नितिश कुमार, राजेश ठाकुर , मनोज सिंह, सुनील प्रसाद, सत्यजीत सिंह,सुधान सिंह, सौरभ जायसवाल, सुमित कुमार अग्रवाल, डाक्टर इन्द्र देव साहु, जनार्दन पांडेय, अमित ठाकुर,शिव कुमार गुप्ता, एवं पार्टी के श्रेष्ठ नेतागण उपस्थित रहें।

# गिरिडीह सांसद व गोमियां विधायक ने लीलावती इंटरप्राइजेज जॉनसन टाईल्स शोरूम का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** रामगढ़ बोकारो मार्ग के एन एच 23 के किनारे माठवा टांड़ में शनिवार को मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व गोमिया विधायक लंबोदर महतो के द्वारा लीलावती इंटरप्राइजेज जॉनसन टाईल्स शोरूम का विधिवत् उद्घाटन संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया गया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया गया।इस बीच सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठान के खुलने से प्रखंड क्षेत्र के लोगों को लिए उनके इच्छानुसार सौंदर्य व आकषर्क ढंग के हर एक प्रकार के टाईल्स मिलेंगे जिससे घरों की सुंदरता बढ़ेगी। वहीं विधायक सुनीता चौधरी ने बताया कि इस तरह के शोरूम के खुलने से लोगों को अपने मनपसंद के टाईल्स खरीदने के लिए कहीं दूरदराज जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं प्रतिष्ठान के प्रोपाइटर प्रकाश प्रसाद ने बताया कि ग्राहकों की मांग को देखते हुए इस तरह का प्रतिष्ठान को खोला गया है जहां से लोगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार जरूरत को पूरा की जायेगी साथ ही यहां से लोग अनेक प्रकार के सेनेटरी के सामान खरीद पायेंगे।मौके पर मुख्य रूप से संचालक विवेक कुमार, दिनेश कुमार महतो, नित्यानंद महतो, विजय ओझा, कपिल मुंडा, दिलीप दांगी, अशोक महतो, दीनू गोस्वामी के अलावा राजीव रंजन सिंह, रविंद्र महतो, अनिरुद्ध कुमार, संजय महतो, निशांत अग्रवाल, विक्की कुमार, सुबोध महतो, सुभाष पोद्दार, निरंजन महतो सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# कोलयरी मजदूर कांग्रेस ने अरगड्डा पत्रकारों के साथ सीसीएल प्रबंधन द्वारा भेदभाव को लेकर दी तीव्र प्रतिक्रिया

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोलयरी मजदूर कांग्रेस अरगड्डा क्षेत्रीय कमेटी सचिव प्रदीप कुमार उर्फ संजय ने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर पत्रकारों के साथ सीसीएल प्रबंधन अधिकारियों द्वारा भेदभाव मामले पर तीव्र प्रतिक्रिया दी हैं। इसे लेकर कहां है कि बीते दिनों स्थानीय पत्रकारों ने इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन संगठन के बैनर तले अरगड्डा क्षेत्र समेत पूरे सीआईएल में सीएसआर, वेलफेयर व अन्य योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभों के संदर्भ में जवाब मांगा हैं। साथ ही सभी पत्रकारों, समाजसेवियो, संस्था के लिए पहल करने की बात कही गई हैं। अरगड्डा प्रबंधन पत्रकारों के साथ लगातार भेदभाव कर रहा हैं, जो बिल्कुल गलत हैं, पत्रकार देश व प्रजातंत्र के चौथे स्तंभ हैं, इनके द्वारा संचार और सेवा का कार्य कंपनी, यूनियन व जनमानस के लिए किया जा रहा हैं। उनकी सुविधा और जो भी मांगे हैं, वो जायज हैं, पत्रकारों के साथ भेदभाव करना प्रबंधन की दोहरी नीति को दर्शाता हैं. हमारी यूनियन कोलयरी मजदूर कांग्रेस पत्रकारों, समाजसेवियो, संस्था के हक,ब अधिकार और सीएसआर, वेलफेयर से मिलने वाले तमाम लाभो को देने की मांग करती हैं, साथ ही उनके लिए कंपनी से मिलने वाले हर सुविधाओं को देने के लिए प्रयास करने की घोषणा करती हैं।



# रामगढ़ महाविद्यालय की नई प्राचार्य डॉ. रत्ना पांडेय का शिक्षकों ने किया स्वागत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के प्राचार्य का पद संभालने पर डॉ. रत्ना पांडेय का महाविद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा फूल के पौधे का गमला दे कर स्वागत किया गया। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष, आई.क्यू.ए.सी. की समन्वयक, विश्वविद्यालय सीनेटर और महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के तौर पर कार्यरत डॉ. रत्ना पाण्डेय 1996 बैच की प्राध्यापिका हैं और अब सीनियर एसोसिएट प्रोफेसर हैं। एक कुशल शिक्षक के रूप में लंबे कार्यानुभव के साथ ही वे रामगढ़ महाविद्यालय शिक्षक संघ के सचिव के तौर पर कार्यरत रहीं। डॉ. रत्ना पाण्डेय के व्यक्तित्व में व्यवहारकुशलता एवं नियमप्रक्रिया से व्यवस्था संचालन दोनों का ही बेहतर सामंजस्य देखने को मिलता है। मैडम के पद संभालने से सभी शिक्षक और कर्मचारीगण रामगढ महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य को लेकर आशान्वित हैं। स्वागत करने वाले शिक्षकों में डॉ. रणविजय प्रसाद देव, डॉ सी. टी. एन. सिंह, डॉ बक्शी ओम प्रकाश, डॉ. आर. के. उपाध्याय, डॉ सतीश कुमार सिंह, डॉ प्रीति कमल, डॉ रोज उरांव, डॉ. रामाज्ञा सिंह, डॉ मालिनी डीन, डॉ. असीम खलखो, डॉ बलवंती मिंज, डॉ. विजेता तिग्गा, डॉ. शालिनी प्रकाश, डॉ. नीतू मिंज, डॉ. शाहनवाज खान, प्रो. साजिद हुसैन, प्रो. बीरबल महतो, प्रो. मोहित जैन, अजिता किन्डो, किसुन महतो, बासुदेव प्रसाद आदि शामिल थे।

# रामगढ़ के धरती में ऐतिहासिक व भव्य होगा राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा : शहजादा अनवर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ में देश के दिग्गज नेता सह कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर सहित अन्य नेता एवं कार्यकर्ता पूरी तरह से जुट गए हैं। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि राहुल गांधी के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए रामगढ़ के कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने बताया कि 4 फरवरी की दोपहर 2 बजे तक राहुल गांधी की न्याय यात्रा गोला पहुंचेगी। रामगढ़ जिला के कांग्रेस कार्यकर्ता चौपा दारू से बाइक रैली निकालेगी और राहुल गांधी को गोला तक लेकर आएगी। हमारे नेता राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा के स्वागत में हजारों की संख्या में उनको चाहनेवाले, विभिन्न दलों के नेता व कार्यकर्ता सहित आम लोग मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आगमन को लेकर रामगढ़ जिले का एक-एक कार्यकर्ता उत्साहित है। उन्होंने आगे कहा कि देश में बढ़ रही नफरत की राजनीति, अराजकता के खिलाफ और आम जनता को न्याय दिलाने के लिए हमारे नेता राहुल गांधी मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रहे हैं। पूरा शहर जिला बैनर, पोस्टर और झंडे से पट चुका है। कांग्रेस पूरे जिले में राहुल गांधी की यात्रा को स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। इस यात्रा की रूट गोला से होते हुए चितरपुर, रामगढ़ नगर और फिर रांची की ओर बढ़ेगी। मौके पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस चितरंजन दास चौधरी, झारखंड आंदोलनकारी नेता सह रामगढ़ विधानसभा के समाजसेवी चंद्रशेखर पटवा, लक्ष्मण महतो, प्रखंड अध्यक्ष एहसान उल्लाह, शाहिद अनवर, इजहार हुसैन, मो इम्तियाज, मो रुस्तम आदि मौजूद थे।

# नव मनोनीत पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार रामगढ़ नगर परिषद प्रभारियों का स्वागत रामगढ़ जिला कार्यालय में नगर परिषद कमिटी अध्यक्ष राजेश महतो के नेतृत्व में किया गया। गौरतलब हो कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ नगर परिषद प्रभारी रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो, जिला परिषद सदस्य भोला तुरी को बनाया गया है।इस अवसर पर उपस्थित रामगढ़ नगर परिषद कमिटी सदस्यों ने नव मनोनीत पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में सांगठनिक विस्तार और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तय की गई इस अवसर पर युवा नेता पीयूष चौधरी केंद्रीय सदस्य लजवंती देवी, नगर परिषद कार्यकारी अध्यक्ष हरीश राय, महासचिव छोटू पटेल , कोषाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, छात्र संघ प्रदेश सचिव अरविंद महतो, जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो, जिला संगठन सचिव राजकुमार महतो, महिला नेत्री आशा महतो, छात्र नेता नीतीश निराला, मनोज कुमार महतो, शिवम मिश्रा, रवि महतो, जुगल महतो खेमलाल महतो इत्यादि सैकड़ो लोग उपस्थित है।



# विभिन्न योजनाओं एवं हो रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं तथा जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। 30 जनवरी 2023 को होने वाले कृषि मेला सह प्रादर्श प्रदर्शनी के अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो जाने के संबंध में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जल्द कृषि मेले का आयोजन जिला में करने को लेकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान भूमि संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा जिले में विभिन्न सरकारी तालाबों के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की जानकारी देने के क्रम में बताया गया के जिले में कुल 75 सरकारी तालाबों को चिन्हित किया गया है जिनमें 15 पर कार्य शुरू हो गया है इस संबंध में उपायुक्त ने बाकी बचे तालाबों पर भी जल्द से जल्द कार्य शुरू करने का निर्देश दिया वहीं बुधवार तक अनिवार्य रूप से डीप बोरिंग एवं 50 तलाबों से संबंधित वर्क आर्डर जनरेट करने का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत जिले में हो रहे कार्यों की जानकारी दी गई जिस संबंध में उपायुक्त ने लंबित लाभुकों को जल्द से जल्द योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त में गव्य विकास के अंतर्गत खोवा मेकिंग यूनिट, पनीर मशीन के लाभुकों का चयन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने गव्य विकास एवं पशुपालन से जुड़े लाभुकों को सरकार की योजनाओं की पूरी जानकारी देने एवं उनकी सूची तैयार करते हुए लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा मत्स्य एवं उद्यान विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में किसानों को पपीते की खेती एवं इससे किसानों को होने वाले फायदे के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने जिले में एग्री क्लीनिक संचालित करने को लेकर टेंडर की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।कृषि औद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि ऋण माफी योजनाओं में बचे हुए लाभुकों को मुआवजे राशि का भुगतान जल्द से जल्द सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं झारखंड फसल राहत योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त को जानकारी दी गई की योजना के तहत लाभुकों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से कुल 35475 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनमे 8587 लाभुकों के भूमि एवं फसल संबंधित स्वीकृति का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस संबंध में उपायुक्त ने इन लोगों को जल्द से जल्द राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त में सुखाड़ राहत योजना को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, जिला सूचना विज्ञान विज्ञान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आत्मा, एसएमपीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

# दुलमी में प्रखंड स्तरीय मनरेगा योजना की सामाजिक अंकेक्षण की हुई जनसुनवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शनिवार को मनरेगा योजना की सामाजिक अंकेक्षण प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया व संविधान की शपथ लिया कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रमुख रेनू देवी, बीडीओ सुनिल प्रजापति , डीआरपी रोमा बारला, प्रवेज खान, सदस्य श्रीकांत महतो। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के 2021-22 व 2022-23 की क्रियान्वित योजना का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इसमें प्रखंड क्षेत्र के जमीरा, सोसो, उसरा, ईचातु, दुलमी, पोतमदगा, सिरु, सिकनी, होन्हे, कुल्ही पंचायत की मनरेगा योजना समाजिक अंकेक्षण किया गया। जन सुनवाई में डोभा, बगवानी, मनरेगा कुप निर्माण आदि योजनाओं में गड़बड़ी को पर फाईन लगाया गया। साथ ही जो भी योजनाओं में निर्माण में गड़बड़ी हुई व अधुरा कार्यो को जल्द करने का निर्देश दिया गया। एमबी में गड़बड़ी पाए जाने पर जेई पर फाईन लगाया गया। वहीं कई रोज़गार सेवकों पर भी फाइल लगाया गया। व लंबित पड़े कामों को लेकर समय दिया गया अगर समय पर पुर्ण नहीं करने पर जिला जुरी में करवाई किया जायेंगा। मौके पर मुखिया प्रमेश्वर पटेल उर्मिला देवी अमरुन निशा राजीव मेहता वीणा देवी चुडगी देवी उमाशंकर महतो शेख बहादुर पंचायत सेवक बासुदेव महतो ममता कुमारी शिवशंकर कुमार धर्मनाथ केवट आतिक कुमार राजीव कुमार रोजगार सेवक कलाम अंसारी आशीष कुमार रामु करमाली मनोज कुमार राजकुमार सिन्हा कलेन्दर महतो धोराय महतो व कई लाभुक मौजूद थे।

# बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने आयोजित किया इंडिया आर्ट फेयर 2024

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया नई दिल्ली स्थित एनएसआइसी एग्जिबिशन ग्राउंड्स में 1 से 4 फरवरी 2024 तक आयोजित इंडिया आर्ट फेयर के नये संस्करण का प्रेजेंटिंग पार्टनर है। इंडिया आर्ट फेयर भारत और दक्षिण एशिया में आधुनिक और समसामयिक कला-प्रदर्शन का अग्रणी मंच है। यह फेयर अपने कई सफल संस्करणों में इस क्षेत्र के सैकड़ों कलाकारों को दुनिया की नजरों में ला चुका है। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, ÷बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया कॉर्पोरेट नागरिकता के विकास और अंतर-सांस्कृतिक संवाद को बेहतर बनाने के लिए गहराई से वचनबद्ध है, जो हमारे सामाजिक उत्तरदायित्वों का अभिन्न हिस्सा है। यह फेयर खुद को भारत और दक्षिण एशिया में आधुनिक एवं समसामयिक कला की खोज के लिए एक अग्रणी मंच के रूप में स्थापित करने के 15 शानदार वर्ष का जश्न मना रहा है और हमें इसका पार्टनर होने पर गर्व है। आधुनिक भारतीय कला और कलाकारों की वृद्धि और दृश्यता बढ़ाने में इंडिया आर्ट फेयर के 'प्रेजेंटिंग पार्टनर' के रूप में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस साल बीएमडब्ल्यू इंडिया 'फ्यूचर इज बॉर्न आफ आर्ट' कमीशन की तीसरी किस्त का अनावरण करके रोमांच का अनुभव कर रही है। हम कला और आटोमाबाइल एंथूजिएस्ट्स को इंडिया आर्ट फेयर में रचनात्मक अभिव्यक्ति की नई दुनिया की खोज के लिए आमंत्रित करते हैं। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया वर्ष 2012 से आधुनिक समसामयिक भारतीय कला और कलाकारों के क्रमिक विकास तथा एक्सपोजर को सपोर्ट कर रहा है।



# न्याय योद्धा राहुल गाँधी का रामगढ़ में होगा भव्य स्वागत : ज़ोया परवीन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक अध्यक्ष ज़ोया परवीन के निर्देश पर शनिवार को मांडू प्रखंड स्थित तोपा में कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष तारीक अनवर की अध्यक्षता में बैठक कि गई। इस दौरान मौके पर मुख्यतिथि के रूप में ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन उपस्थित हुई साथ ही बैठक का संचालन वरीय उपाध्यक्ष कैसर इमाम ने किया। मौके पर बैठक का समापन उपाध्यक्ष इज़राइल आरफ़ी ने किया। मौके पर मौजूद अल्पसंख्यक ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने कहा हमारे पार्टी के अध्यक्ष राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को रामगढ़ ज़िला के गोला में पहुँच जाएगी जिसके बाद चितरपुर होते हुए रामगढ़ शहर पहुँचेगी जिसने हम सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को एक जुट हो कर इस एतिहासिक भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने में अपनी भागीदारी दिखाएं और न्याय योद्धा श्री राहुल की के इस ऐतिहासिक रामगढ़ की धरती पर स्वागत धूमधाम से हो और तमाम अल्पसंख्यक के नेता व कार्यकर्तागण तैयार हो जाएँ और भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मज़बूती के साथ सफल बनाने का कार्य करें आगे उन्होंने भारत जोड़ो न्याय यात्रा में सभी अल्पसंख्यक के साथियों को उपस्थित होकर न्याय योद्धा राहुल गाँधी का भव्य स्वागत करने दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर मौजूद वरीय उपाध्यक्ष कैसे इमाम एवं हाजी अख़्तर आज़ाद, असग़र अली ने अपने वक्तव में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मज़बूती के साथ तैयारी करने एवं पूरे ज़िले से अल्पसंख्यकों को न्याय यात्रा में जुड़ने का आग्रह किया। इस दौरान कई नए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कांग्रेस में शामिल हुए। मौके पर अल्पसंख्यक रामगढ़ महासचिव रहमान ख़ान, मो आशिक़, मो अली अंसारी, मो इलियास, मिस्टर आलम, तौफ़ीक़, रब्बानी, शफ़ीक़, माशूक़ अली, अमीनुद्दीन, रियाजुद्दीन सहित दर्जनों लोग शामिल थे।




# उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में आधार शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों का आधार पंजीकरण सुनिश्चित करने को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में शनिवार को जिला समाज कल्याण कार्यालय एवं इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा जिले के चितरपुर प्रखंड अंतर्गत कर्मा उत्तरी, बड़किपोना, गोला प्रखंड अंतर्गत मगनपुर, दुलमी प्रखंड अंतर्गत कुल्ही एवं मांडू प्रखंड अंतर्गत बड़काचुम्बा सहित अन्य क्षेत्रों में आधार शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों का आधार पंजीकरण किया गया।

# रामगढ़ महाविद्यालय के शिक्षकेतर कर्मियों द्वारा प्राचार्य का हुआ स्वागत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ के शिक्षकेतर कर्मियों ने नए प्राचार्य डॉ रत्ना पांडेय का स्वागत पुस्पगुच्छ दे कर किया। डॉ रत्ना पाण्डेय 1996 बैच की अंग्रेजी विषय की प्राध्यापिका हैं और अब सीनियर एसोसिएट प्रोफेसर हैं। फिलहाल अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष और महाविद्यालय का परीक्षा नियंत्रक के पद पर कार्य कर रहीं हैं। शिक्षण कार्य का लंबा अनुभव के साथ कई पदों पर कार्य करने का अनुभव प्राप्त है। कहा जाता है कि डॉ रत्ना पाण्डेय प्रशासनिक कार्य में बहुत स्टिक रवय्या रखती हैं और उसूल से समझौता नहीं करती हैं लेकिन व्यवहार के भी धनी है। सभी शिक्षक और कर्मचारी इनके व्यवहार से खुश रहते हैं। पुस्पगुच्छ देकर स्वागत करने वालों में बिरेंद्र उरांव, सरजू महतो, योगेंद्र राम, बबिता कुमारी, राकेश रौशन, गौरव प्रधान, मो उस्मान आदि शामिल थे।

## एक्टिविटी डे पर दिव्यांग बच्चों ने इस्कॉन टेंपल का भ्रमण किया



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चों को एक्टिविटी डे के अवसर पर इस्कॉन टेम्पल विज़िट करवाया गया। सभी बच्चों ने विजिट कर के हरे रामा हरे कृष्णा की धुन में भजन कर प्रसाद ग्रहण किया। स्कूल के सभी बच्चों को समय समय पर धार्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान के विजिट करवाये जाते है जिनसे इनमे धर्म की भावना का विकास हो। सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि उनकी हर संभव कोशिश व प्रयास रहता है की दिव्यांग बच्चे किसी भी क्षेत्र में समान बच्चों से कम ना हो व उन्हें ज्यादा से ज्यादा ज्ञानवर्धक जानकारियां हासिल हो।

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी में विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी में दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं को एक भव्य समारोह कर विदाई दी गई ।इस विदाई समारोह में छात्र-छात्राओं की ओर से रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रागिनी कुमारी ने बच्चों के लिए एक कविता ÷नए रास्ते खोजने को कुछ नया कर दिखाने को परिंदे आज उड़ चले सुनाकर÷ पूरे माहौल को भाव विभोर कर दिया उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में उनकी सफलता की कामना की तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका प्रिया कुमारी, मधुमिता दास,सुमन कुमारी, पुष्पा कुमारी,निर्मला,अंजना कुमारी, साजदा खातून,रूमा कुमारी सिंहा, मोहतशीम उस्मानी,शैलेश,रंजीत कुमार पांडा,नीरद वरण तिवारी,सागर महतो,साबिर हुसैन अंसारी, संजय कुमार महतो,राजेश कुमार महतो,बसंत प्रसाद,अमित कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अशोक सिंह का निजी वाहन सुर्खियों में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार 4 फरवरी को कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा कार्यक्रम निर्धारित है। पूर्वी टुंडी मे रात्रि विश्राम के बाद उनका रविवार की सुबह धनबाद शहर में पैदल यात्रा शुरू होगा, जो सरायढेला से मटकुरिया चेक पोस्ट तक जाएगा। इस दौरान वो बैंक मोड़ में धनबाद वासियों को संबोधित भी करेंगे। वहीं इस कार्यक्रम को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सह झारखंड पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बाइक रैली निकाली और कहा कि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई टुंडी से ही शुरु हुई थी। उसी टुंडी में राहुल गांधी रात्रि विश्राम करेंगे। जबकि कई मजदूर नेता धनबाद शहर में उनका स्वागत करेंगे। इसको लेकर उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग राहुल गांधी के इस न्याय यात्रा से जुड़े और इस यात्रा को सफल बनाए। वहीं कांग्रेस के वरीय नेता अशोक कुमार सिंह ने अपने निजी वाहन को राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रचार प्रसार के लिए धनबाद कांग्रेस को सौंप दिया है जो काफी आकर्षक और सुर्खियों मे है। इसके पूर्व श्री सिंह ने प्रचार प्रसार के लिए एलईडी युक्त वाहन को रवाना किया था।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट का हुआ निरीक्षण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राहुल गांधी की धनबाद में आयोजित होने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के रूट का निरीक्षण किया। पदाधिकारियों ने धनबाद जिले की बॉर्डर, राहुल गांधी के रात्रि विश्राम स्थल, गोविंदपुर, सरायढेला, रणधीर वर्मा चौक, श्रमिक चौक से लेकर बैंक मोड़ तक यात्रा के निर्धारित रूट का निरीक्षण किया।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान 345 पोस्ट पर रहेंगे पुलिसकर्मी

### 4 फरवरी की संध्या 4 बजे तक कार्यरत रहेगा जिला नियंत्रण कक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** भारतीय राष्ट्रवादी कांग्रेस के माननीय सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दन एवं अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने संयुक्त आदेश जारी किया है। संयुक्त आदेश में करमदाहा पुल से लेकर तेलमच्चो ब्रिज तक 345 पुलिस पोस्ट बनाए गए हैं। हर पुलिस पोस्ट में पुलिस कर्मी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा जिला नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। जो 3 फरवरी की संध्या 4:00 बजे से 4 फरवरी के संध्या 4:00 बजे तक कार्यरत रहेगा। वहीं राहुल गांधी के रात्रि विश्राम स्थल हलकट्टा मैदान की सुरक्षा के लिए हलकट्टा मैदान के मुख्य प्रवेश द्वार, बीएन होटल, फतेहपुर मोड़, पगला मोड़, रामपुर रोड, रामपुर जाने वाले रास्ते में निर्माणाधीन पुलिया, कार्यक्रम स्थल के पीछे, कार्यक्रम स्थल के मैदान, गोविंदपुर जामताड़ा रोड, बिरसा चौक, जेडी कुमार बिल्डिंग, पुराना बाजार जाने वाली सड़क, सिटी स्टाइल बिल्डिंग सहित अन्य चिह्नित स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बैंक मोड़ से पुराना बाजार जाने वाली सड़क पर, ओवर ब्रिज के बगल में दोनों तरफ, सेंट्रल बैंक जाने वाले कट, मटकुरिया चेक पोस्ट के पास ड्रॉप गेट रहेंगे। वही करमदाहा पुल से शंकरडीह तक, शंकरडीह से फकीरडीह चौक, फकीरडीह चौक से धनबाद मोड़, धनबाद मोड़ से गोल बिल्डिंग चेक पोस्ट, गोल बिल्डिंग चेक पोस्ट से आईएसएम, आईएसएम से श्रमिक चौक, श्रमिक चौक से मटकुरिया चेक पोस्ट, मटकुरिया चेक पोस्ट से करकेंद मोड़ एवं करकेंद मोड़ से तेलमच्चो ब्रिज तक गश्ती दल की प्रतिनियुक्ति की गई है।

## निजी विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष में चोरों ने डाला डाका, लाखों के समान ले उड़े



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम खुरजिओ में स्थित एक निजी विद्यालय बी डी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ने शुक्रवार की रात को अज्ञात चोरों के द्वारा ताला तोड़ कर लाखों रुपए के कंप्यूटर चोरी किए जाने का आरोप लगाते हुए भरकट्टा ओपी में आवेदन दिया है। आपको बता दें कि उक्त विद्यालय के संचालक सह प्रधानाचार्य चेतलाल प्रसाद यादव ने थाना में दिए आवेदन में लिखा है कि प्रतिदिन की भांति गत शुक्रवार को विद्यालय बंद कर घर चला गया था, इस बीच अगले दिन अर्थात शनिवार को जब विद्यालय आया तो देखा की कंप्यूटर कक्ष का ताला टूटा हुआ है एवं दो कंप्यूटर सेट, दो सी पी यू , एक बैटरी, एक इनवर्टर, एक लैपटॉप समेत अन्य सामग्री गायब है, जब सी सी टी वी को चेक किया तो पाया कि कल शाम 6 बजे के करीब दो अज्ञात लोग कंप्यूटर कक्ष में प्रवेश करते हुए दिख रहे हैं परंतु अंधेरे में चेहरा पहचानना मुश्किल है।

कैमरे का वायर काट देते हैं और चोरी को अंजाम दे कर फरार हो गए। जिसकी उचित जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# महाप्रबंधक ने पारसनाथ स्टेशन का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज दिनांक 03.02.2024 को धनबाद मंडल के पारसनाथ स्टेशन का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जारी स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की । इस अवसर पर धनबाद के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा भी उपस्थित थे। इसके पहले कल मध्य रात्रि में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा मानपुर-गया रेलखंड का औचक निरीक्षण किया गया । इस दौरान उन्होंने मानपुर के निकट समपार संख्या 67स्पेशल का निरीक्षण किया एवं संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का जायजा लिया । साथ ही उन्होंने रेलवे ट्रैक की पेट्रोलिंग कर रहे गैंगमैन से संरक्षा के संबंध में पूछताछ की और प्रतिकूल परिस्थिति में भी अपनी जिम्मेवारियों के प्रति सजग रहने पर महाप्रबंधक ने उनकी प्रशंसा भी की। महाप्रबंधक महोदय द्वारा कल ही देर रात्रि गया जंक्शन स्थित ट्रैक मेंटेनेंस मशीन का अवलोकन भी किया गया । साथ ही उन्होंने गया जंक्शन पर क्रू-लॉबी एवं संयुक्त रनिंग रूम का निरीक्षण किया एवं रेलकर्मियों से संरक्षित रेल परिचालन के संबंध में पूछताछ की ।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी ।

### अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं0–07, वर्ष 2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, ।
2. निविदा विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक–15.02.2024 को 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–16.02.2024 के 11.00 बजे पूर्वाहन् से 3.00 बजे अपराहन् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–16.02.2024 के 3.30 बजे अपराहन्।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :– मद –ITDA

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कुल राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मुरहू | मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बिचना में बिचना पेट्रोल पम्प के पास मंगरू कन्डुलना के घर से देबीगुड़ी तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7,25,000/- | 14,50,000/- | 29,000/- | 2500/- | 02 माह। |
| | मुरहू | मुरहू प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम पान्डु में चबुतरा से माधो लोहरा के घर तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7,25,000/- | | | | |
| 2 | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम जागु में सुकरा धनवार के घर से नवीन धनवार के घर तक 550 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7,98,000/- | 23,93,000/- | 47,900/- | 5000/- | 02 माह। |
| | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम कनकलोया में राँची सिमडेगा रोड से बाजार टाड़ तक 600 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 8,70,000/- | | | | |
| | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम कुंदा में राँची मेन रोड से अजीत टोपनो के घर तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7,25,000/-- | | | | |
| 3 | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बारकुली में दीपक कासी के घर से देवदत हेम्ब्रम के घर तक 400 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 5,80,000/- | 24,65,000/- | 49,300/- | 5000/- | 02 माह। |
| | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम जरी में अखाड़ा से प्राथमिक विद्यालय जरी तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7,25,000/- | | | | |
| | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम कसमार में कसमार डेरेंगाटोली कॉची रोड से गोला होरो के घर तक 800 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 11,60,000/- | | | | |
| 4 | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम ईचा में गिरजा टोली से हनुमान मंदिर तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7,25,000/- | 23,20,000/- | 46,400/- | 5000/- | 02 माह। |
| | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम कमड़ा में ग्राम अखाड़ा से बुधुवा गुड़िया के घर तक 500 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 7,25,000/- | | | | |
| | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम कोचा के कोचा खास में करमा सिंह के घर से पक्का कुऑं तक 600 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 8,70,000/- | | | | |

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी ।

PR 317832 Rural Development(23-24)D



## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

-:आम सूचना :-

'' द्वितीय दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन ''

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | | पंचायत | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशु चिकित्सक/कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कोडरमा | 1 | लरियाडीह | पंचायत भवन | 02.02.2024 03.02.2024 | 1. डॉ0 निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया। 2. श्री शंकर दयाल शर्मा (पशुधन सहायक) | 9934748130 |
| | | 2 | बेकोबार दक्षिणी | पंचायत भवन | 05.02.2024 06.02.2024 | | |
| | | 3 | मेघातरी | पंचायत भवन | 07.02.2024 08.02.2024 | | |
| | | 4 | बेकोबार उत्तरी | पंचायत भवन | 09.02.2024 10.02.2024 | | |
| | | 5 | पथलडीहा | पंचायत भवन | 02.02.2024 03.02.2024 | 1. डॉ0 विनिता कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा। 2. श्री विनोद तिवारी (अनुसेवक) | 9431537040 |
| | | 6 | खरकोटा | पंचायत भवन | 06.02.2024 07.02.2024 | | |
| | | 7 | चेचाई | पंचायत भवन | 10.02.2024 11.02.2024 | | |
| 2 | सतगाँवा | 8 | मरचोई | पंचायत भवन | 02.02.2024 03.02.2024 | 1. डॉ रविकांत प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सतगांवा। 2. श्री मनोज कुमार (पशुधन सहायक) | 8540956364 |
| | | 9 | ईटाय | पंचायत भवन | 05.02.2024 06.02.2024 | | |
| | | 10 | राजाबार | पंचायत भवन | 07.02.2024 08.02.2024 | | |
| | | 11 | बासोडीह | पंचायत भवन | 09.02.2024 10.02.2024 | | |
| | | 12 | कोठियार | पंचायत भवन | 10.02.2024 11.02.2024 | | |
| | | 13 | अम्बावाद | पंचायत भवन | 12.02.2024 13.02.2024 | | |
| | | 14 | खूटा | पंचायत भवन | 15.02.2024 16.02.2024 | | |
| | | 15 | नावाडीह | पंचायत भवन | 19.02.2024 20.02.2024 | | |
| 3 | जयनगर | 16 | पिपचो | पंचायत भवन | 02.02.2024 03.02.2024 | 1. डॉ0 तीनी एक्का भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर। 2.श्री विशुन महतो (रात्रि प्रहरी) | 9931742693 |
| | | 17 | बेको | पंचायत भवन | 05.02.2024 06.02.2024 | | |
| | | 18 | खरियोडीह | पंचायत भवन | 07.02.2024 08.02.2024 | | |
| | | 19 | कटिया | पंचायत भवन | 09.02.2024 10.02.2024 | | |
| | | 20 | गड़गी | पंचायत भवन | 10.02.2024 11.02.2024 | | |
| | | 21 | गोहाल | पंचायत भवन | 12.02.2024 13.02.2024 | | |
| | | 22 | तेतरोन | पंचायत भवन | 15.02.2024 16.02.2024 | | |
| | | 23 | तिलोकरी | पंचायत भवन | 02.02.2024 03.02.2024 | 01.डा0 शोएब खान प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, जयनगर 2. श्री रजनीश कुमार (पशुधन सहायक) | 7858096780 |
| | | 24 | घरौंजा | पंचायत भवन | 05.02.2024 06.02.2024 | | |
| | | 25 | रुपायडीह | पंचायत भवन | 07.02.2024 2608.02.2024 | | |
| | | 26 | कद्रपडीह | पंचायत भवन | 09.02.2024 10.02.2024 | | |
| | | 27 | तमाय | पंचायत भवन | 10.02.2024 11.02.2024 | | |
| | | 28 | करियॉवा | पंचायत भवन | 12.02.2024 13.02.2024 | | |
| | | 29 | हीरोडीह | पंचायत भवन | 15.02.2024 16.02.2024 | | |
| | | 30 | कथहाडीह | पंचायत भवन | 19.02.2024 20.02.2024 | | |
| 4 | डोमचॉच | 31 | फुलवरिया | पंचायत भवन | 02.02.2024 03.02.2024 | 1. डॉ अरूण कुमार राय भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचांच, 2. श्री ओमप्रकाश प्रसाद (अनुसेवक | 8340494643 |
| | | 32 | बच्छेडीह | पंचायत भवन | 05.02.2024 06.02.2024 | | |
| | | 33 | खरखार | पंचायत भवन | 07.02.2024 08.02.2024 | | |
| | | 34 | घरगॉव | पंचायत भवन | 09.02.2024 10.02.2024 | | |
| | | 35 | कुण्डीधनवार | पंचायत भवन | 10.02.2024 11.02.2024 | | |
| | | 36 | पूर्नाडीह | पंचायत भवन | 12.02.2024 13.02.2024 | | |
| | | 37 | बगडो | पंचायत भवन | 15.02.2024 16.02.2024 | | |
| | | 38 | बगरीडीह | पंचायत भवन | 19.02.2024 20.02.2024 | | |
| | | 39 | ढोढाकोला | पंचायत भवन | 02.02.2024 03.02.2024 | 1. डॉ राजेश कुमार भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचॉच 2. श्री हरिशचन्द्र मिश्रा (अनुसेवक | 8789914345 |
| | | 40 | मसनोडीह | पंचायत भवन | 05.02.2024 06.02.2024 | | |
| | | 41 | बेहराडीह | पंचायत भवन | 07.02.2024 08.02.2024 | | |
| | | 42 | नावाडीह | पंचायत भवन | 09.02.2024 10.02.2024 | | |
| | | 43 | मधुबन | पंचायत भवन | 10.02.2024 11.02.2024 | | |
| | | 44 | देवीपुर | पंचायत भवन | 12.02.2024 13.02.2024 | | |
| | | 45 | डगरनावा | पंचायत भवन | 15.02.2024 16.02.2024 | | |
| | | 46 | पूर्णानगर | पंचायत भवन | 19.02.2024 20.02.2024 | | |
| 5 | मरकच्चों | 47 | चोपनाडीह | पंचायत भवन | 02.02.2024 03.02.2024 | 1. डॉ अरविन्द कुमार सिंह प्रभारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मरकच्चो 2. श्री प्रदीप कुमारी (पशुधन सहायक) | 7903560601 |
| | | 48 | द''ारोखुर्द | पंचायत भवन | 05.02.2024 06.02.2024 | | |
| | | 49 | जामू | पंचायत भवन | 07.02.2024 08.02.2024 | | |
| | | 50 | महुगाय | पंचायत भवन | 09.02.2024 10.02.2024 | | |
| | | 51 | मरकच्चों उत्तरी | पंचायत भवन | 10.02.2024 11.02.2024 | | |
| | | 52 | सिमरिया | पंचायत भवन | 12.02.2024 13.02.2024 | | |
| | | 53 | कादोडीह | पंचायत भवन | 15.02.2024 16.02.2024 | | |
| 6 | चन्दवारा | 54 | पिपराडीह | पंचायत भवन | 02.02.2024 03.02.2024 | 1. डॉ कृष्ण चन्द्र झा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चन्दवारा 2. श्री देवलाल राम (अनुसेवक) | 9934182005 |
| | | 55 | मदनगुण्डी | पंचायत भवन | 05.02.2024 06.02.2024 | | |
| | | 56 | उरवॉ | पंचायत भवन | 07.02.2024 08.02.2024 | | |
| | | 57 | पथलगढा | पंचायत भवन | 09.02.2024 10.02.2024 | | |
| | | 58 | बड़कीधमराय | पंचायत भवन | 10.02.2024 11.02.2024 | | |
| | | 59 | कोंटी | पंचायत भवन | 12.02.2024 13.02.2024 | | |
| | | 60 | थाम | पंचायत भवन | 15.02.2024 16.02.2024 | | |
| | | 61 | खाण्डी | पंचायत भवन | 19.02.2024 20.02.2024 | | |
| | | 62 | कॉको | पंचायत भवन | 21.02.2024 22.02.2024 | | |

**नोट :–** शिविर आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवत्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।

शिविर का समय :– सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होगी।

1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जॉच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जॉच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज करायें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

**निवेदकः– जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।**

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी
कोडरमा

PR 317777 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (23-24)_D

# कैरो अंचल के राजस्व अमीन की आकस्मिक निधन, प्रखंड सह अंचल कार्यालय कर्मियों ने जताया गहरा शोक

➲बीडीओ समेत कार्यालय कर्मियो ने सामुहिक रुप से 02 मिनट का मौन रख ईश्वर से शांति का किया कामना,



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 03 फरवरी शनिवार को कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे कार्यरत राजस्व अमीन इन्द्रदेव कच्छप की आकस्मिक निधन हो गया है। इस अवसर पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल अधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि इन्द्रदेव जी एक मृदुभाषी, व्यवहार कुशल, अंचल कार्यालय मे राजस्व अमीन के पद पर दिसंबर 2018 से कार्यरत थे, वे अपने कार्यो के प्रति पूरी निष्ठा एवं गहन जांच पड़ताल कर ईमानदारी पूर्वक अपनी कार्यो को निपटारा किया करते थे। इन्द्रदेव कच्छप हाई ब्लड प्रेसर, सुगर, हार्ट जैसे बीमारी का सामना कर रहे थे, 2018 से पहले स्व0 कच्छप लोहरदगा सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं उससे पहले किस्को अंचल मे भी अपने कार्यो का जबाबदेही पुर्वक ड्यूटी की। इनके आकस्मिक निधन से कैरो बीडीओ समेत प्रखंड सह अंचल कार्यालय कर्मियों मे गहरा शोक संवेदना जताते हुये सामुहिक रूप से 02 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से पुण्य आत्मा को शांति प्रदान की कामना की गयी। वही 02 मिनट के सामुहिक मौन के बाद कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय को बंद कर दिया गया मौके। पर कैरो प्रविपदा0 पवन कुमार महतो, सहायक अभियंता राजीव कुमार, अंचल निरीक्षक अनंत शयनम विश्वकर्मा, पुर्व अंचलाधिकारी कमलेश उराँव, पुर्व अंचल निरीक्षक ऋषिदेव कमल, पुर्व अंचल नाजीर पंकज कुमार लाल, राजस्व कर्मचारी दीपक उराँव, विन्देश्वर उराँव, अंचल कर्मी लाल अविनाश नाथ शाहदेव, पंचायत सचिव गुहा उराँव, जनसेवक प्रदीप कुमार, अमन शिखर, प्रखंड संन्यवक संजीव कुमार, अमन शिखर, प्रखंड आपूर्तिपदाधिकारी किशोर उराँव, रोजगार सेवक हिफ्फ्जूर रहमान, नन्दा भगत, राजमणि कुमारी, पोस्टमास्टर जगदीश यादव, कैरो प्रखंड प्रमुख राम उराँव, उप-प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड 20 सुत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान, उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव, सद्स्य शरत कुमार विद्यार्थी, मुखिया वीरेंद्र महली, जिला शांति समिति सद्स्य नजीर आलम खान, सुरज मोहन साहू, पत्रकार रवि प्रजापति, शंभू सोनी, रामप्रसाद पाल, वसीम अकरम, समीद अंसारी, मृत्युन्जय तिवारी, शकील अहमद, संजय साहू, बिनोद राम इत्यादि ने गहरा शोक संवेदना प्रकट किया है।

# उपायुक्त ने वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा कदाचारमुक्त कराने को लेकर की अहम बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज वार्षिक माध्यमिक-2024 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) को लेकर बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। इस संबंध में अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा बैठक में बताया गया कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2024 और इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 दिनांक 06.02.2024 से प्रारंभ हो रही हैं और 26.02.2024 को संपन्न होंगी। वार्षिक माध्यमिक-2024 की परीक्षा के लिए लोहरदगा जिला में कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 के लिए लोहरदगा जिला में 12 परीक्षा केंद्र निर्धारित हैं। माध्यमिक की वार्षिक परीक्षा सुबह 9.45 से डोप 1 बजे तक और इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5.15 बजे तक आयोजित होगी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा को कदाचारमुक्त व जीरो एरर के साथ संपन्न करना है। परीक्षा में किसी भी परीक्षार्थी या शिक्षक द्वारा किसी प्रकार का कदाचार ना किया जाए,इसे सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/अधीक्षक सुनिश्चित करायेंगे। अगर कहीं से किसी प्रकार के कदाचार की सूचना आती है तो त्वरित कार्रवाई करें। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा परीक्षा केंद्र में प्रश्न-पत्र का वितरण, परीक्षा की समाप्ति के उपरांत उन उत्तर पुस्तिकाओं का सही स्थान पर ससमय संधारण आदि की जानकारी दी गई। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2024 में इस वर्ष लोहरदगा जिला में कुल 6958 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट परीक्षा-2024 में कुल 5055 परीक्षार्थी शामिल होंगे। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी, एलआरडीसी सुजाता कुजूर समेत सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, केंद्राधीक्षक व संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

# राहुल गांधी का न्याय यात्रा को मिल रहा है व्यापक जन समर्थन : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुमला जिला के कामडारा एवं बसिया प्रखंड के रास्ते राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा 6 परिवार फरवरी को गुजरेगी। इस यात्रा को सफल बनाने हेतु लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू आज किस्को प्रखंड के ग्राम नीचे बगरू, बगरू जामुन टोली, केन टोली, पतरातू महतो टोली इत्यादि गांव का दौरा कर वहां के महिला मंडल के सदस्यों, कांग्रेसजनो से मिलकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में राहुल गांधी के कार्यक्रम में शामिल होने के अपील किये। इस दौरान महिला मंडल के सदस्यों ने श्री साहू को पेयजल, राशन कार्ड अबुवा आवास सड़क जैसे समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निदान करने की मांग किए। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आलोक कुमार साहू ने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो ने यात्रा को व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। लोगों में काफी उत्साह है। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। श्री साहू ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांच स्तंभ युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय,श्रमिक न्याय है। इनको न्याय का हक मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। श्री साहू ने समस्याओं के निदान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों से किए वार्ता। मौके पर किस्को प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुनीता उरांव, मधुमनिया उरांव, सीता उरांव, शांति देवी, सुमित्रा उरांव, संजनिया गरेड़ी, रेशमा देवी, सोमारी देवी, कंचन उरांव, बुधमनिया उराव, करमी उरांव शांति उरांव, प्रकाश उरांव इत्यादि अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

## परचम कुशाई के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय सालाना उर्स मुबारक

# अंजुमन सदर हाजी अफसर कुरैशी के नेतृत्व में हजरत बाबा दुखन शाह के मजार पर लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हजरत बाबा दुखन शाह (र. अ.) की 99 वीं उर्स का आगाज शनिवार को परचम कुशाई के साथ आधिकारिक रूप से प्रारम्भ हो गया। अंजुमन इस्लामिया के सदर हाजी मो. अफसर कुरैशी, सेक्रेटरी सफदर आलम, नाइब सदर नेहाल कुरैशी, सहसचिव मुजम्मिल अंसारी, हाजी नसीम अख्तर, जामा मस्जिद के इमाम शमीम रिजवी, हाफिज सफीक, कारी शाहिद कुरैशी फिदाई, असगर अंसारी, लुकमान अंसारी, अबुल कलाम तैगी, सज्जाद अंसारी, सिराज अंसारी, मोहम्मद कैश, सगीर अंसारी, खालिद अंसारी, असगर तैगी आदि समेत अंजुमन के अन्य ओहदेदारों व गणमान्य लोगों द्वारा हजरत बाबा दुखना शाह के मजार पर परचम लहराया गया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया सदर हाजी मो.अफसर कुरैशी ने कहा कि आज परचम कुशाई के साथ हजरत बाबा दुखन शाह (रअ) की चार दिनी उर्स मुबारक शुरू हो गई है। 04 फरवरी रविवार को केरत व नातिया ईनामी मुकाबला दोपहर 2:00 बजे से असर तक होगा। 05 फरवरी सोमवार को अहले सुबह 3.00 बजे गुसुल संदल और चादरपोशी सुबह 6:00 बजे अंजुमन इस्लामिया के जानिब से की जाएगी। तत्पश्चात पुलिस प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर व चादरपोशी की जाएगी। सुबह 6:00 बजे से ही कुरआन ख्वानी ख्वाजा गरीब नवाज ट्रस्ट के जानिब से की जाएगी। जबकि बाद नमाज जोहर लंगरखानी होगी। 06 फरवरी को बाद नमाज जोहर लंगरखानी,कुरैश फ्यूल सेन्टर के जानिब से की जाएगी। साथ ही बाद नमाज ईशा ईद मिलादुन्नबी और तबर्रूक तकसीम की जाएगी।

# प्रखण्ड व अंचल कर्मीयो द्वारा शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि दिया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यलय स्थित प्रांगण में कैरो अंचल में कार्यरत अमीन इंद्रदेव कच्छप तथा तमाड़ प्रखंड स्थित बाल विकास कार्यालय की महिला पर्यवेक्षिका अलका देवी की आकस्मिक निधन हो जाने से प्रखंड व अंचल कर्मीयो द्वारा दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिये शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दिया गया। वही 1 बजे के उपरान्त प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय का कार्य स्थगित करते हुए कार्यालय बंद किया गया। मौके पर महाबीर असुर, बिफई उरांव, दिवाकर पाण्डेय, नितशिखा तिर्की, विनय सिंह, कमला देवी, जुनैद अहमद, त्रिवेणी भगत, दिनेश कुमार सिंह, जयराम उराँव सहित अन्य सभी प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# व्यवहार न्यायालय परिसर में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** व्यवहार न्यायालय परिसर लोहरदगा में 3 फरवरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा एवं शेल्बी डिवाइन अस्पताल रांची के सहयोग से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 300 से ज्यादा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमे न्यायाधीशगण, सिविल कोर्ट कर्मी, अधिवक्तागण, पुलिस बल, पीएलवी सहित अन्य लोग शामिल रहे। वहीं कैंप में दवा का भी वितरण किया गया। वहीं कैंप का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा श्री राजेंद्र बहादुर पाल व कैंप में पहुंचे चिकित्सकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं पीडीजे ने कहा कि स्वास्थ्य जांच सभी के लिए आवश्यक तत्व है। जिसके आधार पर उनके क्रियाकलापों को निरंतरता बनाए रखने के लिए आवश्यक है। डालसा सचिव ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य पर सभी का अधिकार है। जब लोग निरोग रहेंगे तभी सभी काम कर पाएंगे। वहीं कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सक डा प्रिया,नेत्र विशेषज्ञ, डा विनीता हीरो पैथोलॉजिस्ट, डा देवनीश खेश गठिया एवं वात् रोग विशेषज्ञ, डा विवेक कुमार डेविड, हड्डी रोग विशेषज्ञ, डा हेमंत आल्डा न्यूरोलॉजिस्ट और डा दिप्ती कुजूर महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ,डा आरके उपाध्याय फिजिशियन, डॉ विनय कुमार,नेत्र सहायक उपस्थित हुए। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंप में पहुंचे लोगों का ईसीजी, बीडीएम, मधुमेह, रक्तचाप, हड्डी संबंधी बीमारी सहित अन्य बीमारियों का जांच किया गया। साथ ही उचित सलाह दी गई।

# पीरामल फाउंडेशन ने फलेरिया बीमारी को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सलगी पंचायत के PG HS सलगी में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि एकराम खान ने फलेरिया बीमारी के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का आरंभ 10 फरवरी से 25 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर सलगी पंचायत के मुखिया सुमित्रा कुमारी, पंचायत सेवक आशा जी, वार्ड मेम्बर, बीरेंद्र, नसीम अहमद,और 18 शिक्षक, प्रधानाध्यापक बैध नाथ प्रजापति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में देवेंद्र जी बालसंसद के सभी सदस्य और 504 छात्र भी शामिल थे। मुखिया जी ने इस अवसर पर एक बाल सभा भी आयोजित की, जिसमें कक्षा 9 और 10 के छात्रों के साथ चर्चा हुई। विद्यालय की समस्याओं को समझने के लिए मुखिया जी ने बच्चों को जीपीडीपी में लिखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के सामने एक प्रस्ताव भी रखने का सुझाव दिया,जिसमें उन्हें पूछा गया कि अगर वे मुखिया होते तो वे क्या करते। इस प्रस्ताव को लेकर बाल संसद ने मासिक बैठक में मुखिया जी और शिक्षक के साथ मिलकर समाधान पर चर्चा की। इस कार्यक्रम ने समाज में फलेरिया बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया और स्थानीय समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने में एक कदम आगे बढ़ाया।

# झारखंड कुमार प्रजापति समन्वय समिति का रजिस्ट्रेशन होने पर बांटी मिठाइयां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** समाज का रजिस्ट्रेशन होने की खुशी में आज झारखंड कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति की हुई बैठक। अब कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट लोहरदगा झारखंड के नाम से जाना जाएगा। लोगों को रजिस्ट्रेशन होने की जानकारी दी गई। जिसमें सभी लोगों ने हर्ष व्यक्त किया एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं अबीर लगाकर खुशी व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति के द्वारा किया गया। उन्होंने ट्रस्ट को आगे बढ़ाने एवं राज्य भर में इसकी अलग पहचान दिलाने के लिए सामाजिक चेतना जगाने पर बल दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नामघारी प्रजापति, दिनेश प्रजापति, वासुदेव महतो, कमल महतो, शिवनारायण प्रजापति, रामदास महतो, महादेव महतो, सुबोध प्रजापति, चमर महतो, मणिलाल प्रजापति, शशिकांत प्रजापति, राजेश प्रजापति, दुर्गा महतो, राधेश्याम प्रजापति, भागवत महतो, डॉक्टर पवन कुमार प्रजापति, देवानंद महतो, सरोज प्रजापति, पंकज प्रजापति, संदीप कुमार, संदेश कुमार, दीपक प्रजापति, मनोज प्रजापति, राजेश प्रजापति, अनिल महतो, रामदेव प्रजापति, संजय प्रजापति, देवेंद्र प्रजापति, दिलीप प्रजापति, अक्षय प्रजापति, विनोद कुमार, रियांश प्रजापति आदि काफी संख्या में समाज के लोग एकत्रिरित हो कर खुशी व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के सचिव नरेंद्र प्रजापति एवं धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद कुमार प्रजापति ने की।

# विद्यालय में शिक्षक सम्मान के साथ विदाई समारोह का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड क्षेत्र के भट्ठखिजरी पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय मुंदो में शनिवार को प्रधानाध्यापक श्री मनी उरांव का सम्मान के साथ विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिस दौरान स्कूल के बच्चियों एवं बच्चों के द्वारा शिक्षक सम्मान के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गय। इस दौरान बच्चों द्वारा शिक्षक के सम्मान में उपहार स्वरूप बच्चों ने पेन फूल इत्यादि जैसे उपहार देकर शिक्षक के पैर छुए तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आयोजन के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक श्री मनी उरांव ने कहा कि ग्रामीण प्राथमिक विद्यालय में सन 2000 ई वो आए थे तब से आज तक इन सालो में उनको ग्रामीण तथा आसपास के रहने वाले लोगों से काफी अच्छी सहयोग मिली जिसको लेकर उन्होंने ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापन किया और बच्चे की उज्ज्वल भविष्य की कामना भी किए और कहा की इन 24 सालो को भुलाया नही जा सकता अब अंतिम समय में जाने से मन बिभोर हो रही है और कहते उनके आंखों से आंसू छलक पड़े पूरा विद्यालय परिसर गमगीन हो गई। कार्यक्रम समाप्ति के बाद जब प्रधानाध्यापक मनी उरांव स्कूल परिसर से निकलने लगे तभी आसपास के मौजूद ग्रामीण एवं बच्चों की आंखें फूट पड़ी और बच्चे एक दूसरे से लिपट लिपट कर रोने लगे ऐसा प्यार और स्नेह देख कर अभिवावक भी खुद को रोने से नही रोक पाए पूरा विद्यालय परिसर गमगीन हो गया लोगों के पांव रुक से गए बच्चे बार-बार शिक्षक से लिपटकर रोते दिखे। इस आयोजन में मौजूद ग्रामीणों ने भी शिक्षक को कुछ ना कुछ उपहार स्वरूप भेंट किया तथा विदाई दी गई। इस मौके पर स्कूल की सह शिक्षिका सुनीता तमेड़ा, ललन साहू, मनोज साहू, बलम बिहारी साहू, सुनीता देवी, अनीता देवी, सुषमा देवी, सुभद्रा देवी, बलराम साहू, समोद साहू इत्यादि लोग मौजूद थे।

# एक सप्ताह में माइंसों की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल : कंवलजीत सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन, विमरला की एक संयुक्त बैठक लोहरदगा बिजली ऑफिस, पतराटोली के समीप संपन्न हुई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह एवं झारखंड ट्रक आँनर एसोसिएशन, विमरला के अध्यक्ष विनोद राम (बिन्नू )के द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से हिंडाल्को कंपनी के कुजाम, विमरला, अमतीपानी, न्यू अमतीपानी (चिरोड़ीह) माँईसो में पिछले कई दिनों से हिंडाल्को कंपनी के द्वारा ट्रक चालको एवं आँनरों को विभिन्न मुद्दों को लेकर जो परेशानियां की जा रही थी उन पर चर्चा की गई कि कंपनी कहीं ना कहीं नए-नए नियम लागू करके ट्रक मालिकों को परेशान कर रही है और दूसरी ओर समझौते के मुताबिक महीने में 12 ट्रिप, प्रति ट्रक को नहीं दिया जा रहा है ,12 की जगह 6 और 8 ट्रिप दिया जा रहा है, जिसके कारण आँनर कर्ज मे दबते चले जा रहे हैं, इसको लेकर यह निर्णय हुआ की कंपनी से अविलंब वार्ता की जाए और 25 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल ने आज हिंडाल्को कंपनी में बैठक की, जिसमें हिंडाल्को की तरफ से सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रतीक गुप्ता एवं ट्रांसपोर्ट हेड अभिषेक सिंह भी शामिल हुए।

# कमल किशोर भगत के प्रति आजसू परिवार के हृदय में सम्मान देख मेरी आंखें नम हो जाती है : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी लोहरदगा जिला कमिटि की बैठक जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से 6 फरवरी को लोहरदगा में दुखन शाह बाबा के मजार पर आजसू पार्टी के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरी भव्यता के साथ चादरपोशी करने के संबंध में कार्यक्रम तय किए गए एवं संगठन की मजबूती पर सभी बिंदुओं पर बारीकी से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित झारखंड आंदोलनकारी एवं लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत ने उपस्थित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के प्रति आप सभी आजसू परिवार के हृदय में अथाह सम्मान देखकर मेरी आंखें नम हो जाती है। आपका स्वर्गीय भगत के प्रति जो प्रेम है उसे शायद में इस जीवन में कभी नहीं चुका पाऊंगी फिर भी मैं उनकी पत्नी होने के नाते आप सबों का ऋणी बनकर हर संभव प्रयास करूंगी कि मैं आपको भी वही सम्मान दूं जो आप स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी को देते हैं और इसमें मेरी ओर से कोई कमी नहीं होगी। नीरू शांति भगत ने बहुत भावुक होकर कहा कि मेरे पति कमल किशोर भगत जी के निधन के बाद आजसू परिवार के आप सभी सदस्य ही मेरा सहारा हैं और मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप हर प्रकार की स्थिति-परिस्थिति को झेलते हुए मुझे सहयोग एवं सद्परामर्श देने में कभी पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी आजसू परिवार के सामूहिक प्रयास से ही स्वर्गीय कमल किशोर भगत जी के सपनों को पूरा किया जा सकता है। केंद्रीय महासचिव अंजू देवी ने कहा कि पार्टी के सभी वरीय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और उनके विचार सुनकर मैं कह सकती हूं कि आने वाला समय में लोहरदगा विधानसभा का चुनावी परिणाम निश्चित रूप से आजसू पार्टी के पक्ष में होगा। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने कहा कि हम सभी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर केंद्रीय कमिटि द्वारा निर्देशित सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे और विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के लिए उन्हें जागरूक बनाकर उनका सहयोगी बनने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता जुझारू है और अब वक्त आ गया है कि हम अपने जुझारूपन को दिखाते हुए क्षेत्र की जनता की आवाज बने।

# संविधान बचाओ अभियान के तहत हुआ रैली का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** संविधान बचाओ अभियान के तहत परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सह लेखक श्री ग्लैडसन डुंगडुंग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मूल निवासी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह हाई कोर्ट के वकील श्री पंकज रवि जी एवं अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के श्री त्रिमुथियुस लुगुन उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए ग्लैडसन डुंगडुंग ने कहा कि भारत का संविधान विश्व की सर्वश्रेष्ठ संविधान है,भारत का संविधान सभी धार्मिक ग्रंथो का समावेश से महान है।आज भारत की संविधान को जीवंत दस्तावेज कहा जाता है, संविधान किसी भी संगठन या देश के मौलिक सिद्धांतों का एक ऐसा ढांचा होता है जिसके तहत उक्त संगठन या देश का शासन चलता है और इन सिद्धांतों को लिखा जाता है तब उसे लिखित संविधान कहते हैं।लेकिन आज भारत का संविधान खतरे में है इसे बचाने के लिए आगे आना होगा। आज हमें अपने संवैधानिक अधिकारों को जानना होगा कि अपना हक अर्थात अधिकार का ज्ञान की कमी से कोई भी व्यक्ति या समुदाय आसानी से दूसरों के शोषण का शिकार बन जाता है। आदिवासियों के साथ भी ऐसा ही हो रहा है। सौभाग्यवस आदिवासियों को अधिकार मिली है लेकिन दुर्भाग्य है कि आदिवासियों को अपने अधिकारों का ना ठीक ढंग से जानते हैं न ही उन्हें पहचान कर समझ पाते हैं,यही कारण है कि वह अपना सदुपयोग नहीं कर पा रहे हैं और उनके साथ अन्याय हो रहा है। इसके बिना वे ना तो जीवन में उन्नति कर पा रहे हैं ना ही समाज में अपने लिए सामान्य स्थान बना पा रहे हैं,अपने अधिकारों को नहीं जानने के कारण ही वह तरह-तरह के शोषण का शिकार होते रहे हैं। मौके पर पंकज रवि ने कहा कि भारतीयों को अपने नागरिक अधिकारों को जानने के लिए संविधान का अध्ययन करना चाहिए। अगर आप संविधान को पढ़ लेते हैं तो आपको धार्मिक किताबें पढ़ने की जरूरत नहीं है आप संविधान में ही भगवान का सकते हैं,संविधान का ज्ञान प्राप्त करना ही डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के लिए वास्तविक श्रद्धांजलि होगी। संविधान सभी धर्मो का धर्म है,हर व्यक्ति को याद रखना चाहिए की पवित्र ग्रंथ भारतीय संविधान है इसी पुस्तक को हाथ में लेकर भारत के लोग एक राष्ट्र के रूप में एक साथ आगे बढ़ते हैं ताकि वह मानवीय प्रयासों के हर क्षेत्र में आगे बढ़ सके पर दुर्भाग्यवश आज इसके विपरीत हो रहा है। इस कार्यक्रम का संचालन खुशीराम कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुनील मिंज ने किया। इस कार्यक्रम में अनूप लकड़ा, समर्पण सुरिन, सुबरदानी लुगुन, सिपरियन समद, प्रफुल बिलुंग सहित कई लोगों ने अपने वक्तव्य को रखा इस कार्यक्रम में जिला स्तरीय ग्राम सभा मंच सिमडेगा, आदिवासी जागरुकता मंच सिमडेगा, मूल निवासी संघ सिमडेगा के पदाधिकारी सदस्यों एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## भारत की राजनीति में शुचिता के प्रतीक हैं लाल कृष्ण आडवाणी : बाबूलाल मरांडी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने स्वागत किया। उन्होंने खुशी जताई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। मरांडी ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि भारतीय राजनीति में आडवाणी जी शुचिता का प्रतीक हैं। उन्होंने न तो परिवार के लिए राजनीति की और न ही पैसे के लिए। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तो उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया और घोषणा की कि जब तक वह बरी नहीं हो जाते तब तक वह सदन में प्रवेश नहीं करेंगे। जांच के बाद उन्हें बरी कर दिया गया और तभी उन्होंने संसद का चुनाव लड़ा। ऐसे आदर्श को भारत रत्न से सम्मानित करना अपने आप में गौरव की बात है। वह वास्तव में इसके हकदार हैं। बाबूलाल मरांडी ने लालकृष्ण आडवाणी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देते हुए कहा कि इस फैसले से हम सभी खुश हैं। लालकृष्ण आडवाणी को इससे पहले 2015 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। आठ नवंबर 1927 को कराची में पैदा हुए लाल कृष्ण आडवाणी भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। 2002 से 2004 के बीच वह अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में उप प्रधानमंत्री रहे। इससे पहले वह 1998 से 2004 के बीच एनडीए सरकार में गृह मंत्री थे। लाल कृष्ण आडवाणी से पहले अटल बिहारी वाजपेयी को भारत रत्न दिया गया था। 2015 में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने उनके घर जाकर उन्हें ये सम्मान दिया था। उस वक्त यह खबर सुर्खियों में थी कि एक राष्ट्रपति प्रोटोकॉल से हटकर बाजपेयी को सम्मानित करने उनके घर पहुंच गये।

## वाईबीएन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के प्रसिद्ध निजी विश्वविद्यालय में से एक वाईबीएन विश्वविद्यालय के आर्ट्स हुमानिटीज़ संकाय ने 2 और 3 फ़रवरी को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन का आज समापन हो गया। दो दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत डॉ. रश्मि और जाह्नवी सौम्या के स्वागत भाषण से हुई। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ एवं पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों को सम्मानित किया गया द्य इस सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि डॉ. स्नेहल परमार स्पांसर निस्वार्थ चिल्ड्रेन फाउंडेशन यूएसए अमेरिका व इंडिया हेड सीईओ थे। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में इनका बहुमूल्य योगदान रहा। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का टॉपिक वैश्विक संदर्भ में बहुविषयक अनुसंधान नैतिकता, चुनौतियाँ और अवसर है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर चेयरमैन रामजी यादव सहित दिग दिगंतर के विद्वत जनों, शिक्षाविद्धो, गुणी शोधार्थीयों का साक्षी बना। कार्यक्रम के उद्घाटन संबोधन में विश्वविद्यालय कुलपति (प्रभार) प्रो0 डॉ नरेश कुमार गुप्ता ने सभी महानुभावों का आभार प्रकट करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती के सापेक्ष में बहुआयामी प्रयास के तहत अनुसंधान एवं नवाचार को प्राथमिकता देने की बात रखी।

# सामाजिक राजनीतिक जवाबदेही को निभाएं कार्यकर्ता : सुदेश महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में जवाबदेही से काम नहीं होने की वजह से यहां के लोग हताश और परेशान हैं। जवाबदेही तय करने के लिए जनता के बीच रहकर उनके हित और अधिकार के लिए काम करने वाला जनप्रतिनिधि चाहिए। आजसू पार्टी जवाबदेह राजनीति करती है।महतो शनिवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज, बुंडू में आयोजित तमाड़ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी के भावी कार्यक्रमों और भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि बुंडू के लोग हॉस्पिटल के लिए लड़ रहे हैं। अस्पताल सुचारू रूप से चले इसके लिए भूख हड़ताल पर बैठना पड़ता है। तब अस्पताल शुरू होता है लेकिन कुछ ही दिनों में फिर से ताला लग जाता है। इसकी यहां कोई चिंता करने वाला नहीं है। अब क्षेत्र की महिलाओं और युवाओं ने राजनीतिक बदलाव लाने की तैयारी कर ली है। महतो ने कहा कि जनता की आवश्यकता के अनुसार कार्य करना ही हमारा ध्येय है। पार्टी का हरेक कार्यकर्ता को लीडर की भूमिका में आना होगा। हम सभी को मिलकर राजनीतिक भटकाव को पटरी पर लाना है। उन्होंने ने कहा कि सबसे अधिक ग्राम सभा को मजबूती देने की आवश्यकता है। सशक्त ग्राम सभा ही सशक्त ग्रामीण विकास का आधार है।

## अजय नाथ शाहदेव ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रचार वाहन को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 5 फरवरी को रांची में आयोजित होने वाले राहुल गांधी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रचार प्रसार के लिए प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने प्रचार वाहन को झंडा दिखाकर किया रवाना किया। शाहदेव ने बताया कि 5 फरवरी को राहुल गांधी न्याय यात्रा को लेकर रांची आ रहें हैं,यहां एचइसी स्थित शहीद मैदान में वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।जिसकी ऐतिहासिक और अभूतपूर्व सफलता के लिए कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता काफी मेहनत कर रहे हैं। शाहदेव ने बताया कि जनसभा में हटिया विधानसभा क्षेत्र के जनता की अभूतपूर्व भागीदारी होगी। यहां की जनता अपने प्रिय राष्ट्रीय नेता से मिलने के लिए व्याकुल हैं और रांची में इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक सफलता मिलेगी।

## महेंद्र सिंह धौनी को पलामू आने का दिया आमंत्रण : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम रांची के पवेलियन में क्रिकेट सम्राट महेंद्र सिंह धौनी से मुलाकात कर अपने संत मरियम विद्यालय में आने का न्योता दिया। मुलाकात के बाद अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कंधे पर हाथ रख धौनी साहब आश्वासन के दो शब्द बोले। पलामू आने से यहां के बच्चों में उत्साह जगेगी और खास कर खेल प्रेमी अपनी आंखों से दीदार कर सकेंगे। खेल के दुनिया में पलामू के धरती पर भविष्य गढ़ने की संभावना व्यक्त किया । हमारी हर कोशिश है की विद्यालय के नए सत्र में पलामू के धरती पर क्रिकेट के अंतर्राष्ट्रीय बादशाह एम एस धोनी को लाऊं।

मुलाकात के दौरान पूर्वोत्तर भारत के बड़े किसान, क्रिकेट के बेताज धुरंधर जिन्होंने झारखंड राज्य का नाम विश्व पटल पर ले गए उनके फार्म के कृषि सलाहकार रौशन कुमार एवं पशु चिकित्सक डॉक्टर विश्वरंजन कुमार,बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉक्टर पंकज कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## गीताश्री मल्लिक ने मरणोपरांत दान की अपनी आंख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के बंगाली समाज की सशक्त स्तंभ के रूप में पहचान रखने वाली गीताश्री मल्लिक (82) का निधन शुक्रबार को शाम चार बजे हो गई. मृत्यु के बाद उनकी अंतिम इच्छा के रूप में उनकी आंख कश्यप आई हॉस्पिटल में दान की गई. उनका इलाज रांची के माता रामप्यारी हॉस्पिटल में विगत कुछ दिनों से चल रही थी. वो पिछले कुछ माह से बीमार चल रही थी. गीताश्री मल्लिक की पहचान बंगाली समाज के साथ-साथ अन्य जगहों में भी एक समाजसेवी और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाली महिला के रूप में थी. उन्होंने शहर में होने वाली सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सशक्त भूमिका निभाती रही. उन्होंने अपनी पुत्र वधु तमन्ना मल्लिक को भी नृत्य के क्षेत्र में काम करने के लिए काफी प्रोत्साहित किया. शनिवार को मेदिनीनगर के हरिश्चंद्र घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया. उनके पुत्र सेसा के महासचिव डॉ कौशिक मल्लिक ने मुखाग्नि दी. इस अवसर पर उनके छोटे पुत्र किंशुक मल्लिक, दामाद अरुण विश्वास भी मौजूद थे. गीताश्री मल्लिक के निधन पर पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, प्रथम मेयर अरुणा शंकर, दुर्गा बाड़ी के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा, सचिव दिवेंदु गुप्ता, बंगाली समिति के सचिव सैकत चटर्जी, आईपीटीए के प्रेम भसीन, उपेंद्र मिश्रा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# राम मंदिर आंदोलन के अगुआ रहे हैं लालकृष्ण आडवाणी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से नवाजा जाएगा। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी जानकारी दी।आडवाणी देश के सातवें उप-प्रधानमंत्री रह चुके हैं। लालकृष्ण आडवाणी का जन्म पाकिस्तान के कराची में 8 नवंबर,1927 को एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम किशनचंद आडवाणी और मां का नाम ज्ञानी देवी है। उनके पिता पेशे से एक उद्यमी थे। शुरुआती शिक्षा उन्होंने कराची के सेंट पैट्रिक हाई स्कूल से ग्रहण की थी। इसके बाद वह हैदराबाद, सिंध के डीजी नेशनल स्कूल में दाखिला लिया। 1947 में आडवाणी देश के आजाद होने का जश्न भी नहीं मना सके क्योंकि आजादी के महज कुछ घंटों में ही उन्हें अपने घर को छोड़कर भारत रवाना होना पड़ा। विभाजन के समय उनका परिवार पाकिस्तान छोड़कर मुंबई आकर बस गया। यहां उन्होंने लॉ की पढ़ाई की। उनकी पत्नी का नाम कमला आडवाणी है। उनके बेटे का नाम जयंत आडवाणी और बेटी का नाम प्रतिभा आडवाणी है।आडवाणी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जरिए अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। कई वर्षों तक आडवाणी राजस्थान में आरएसएस प्रचारक के काम में लगे रहे। वह उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी।1980 से 1990 के बीच आडवाणी ने भाजपा को एक राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनाने के लिए काम किया। लालकृष्ण आडवाणी तीन बार (1986 से 1990, 1993 से 1998 और 2004 से 2005) भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। 1984 में महज दो सीटें हासिल करने वाली पार्टी को अगले लोकसभा चुनावों में 86 सीटें मिलीं। पार्टी की स्थिति 1992 में 121 सीटों और 1996 में 161 पर पहुंच गई। आजादी के बाद पहली बार कांग्रेस सत्ता से बाहर थी और भाजपा सबसे अधिक संख्या वाली पार्टी बनकर उभरी थी। वह 1998 से 2004 के बीच भाजपा के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) में गृहमंत्री रह चुके हैं। लालकृष्ण आडवाणी 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत के सातवें उप प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके हैं। 10वीं और 14वीं लोकसभा के दौरान उन्होंने विपक्ष के नेता की भूमिका बखूबी निभाई है। 2015 नें उन्हें भारत के दूसरे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया। 1980 की शुरुआत में विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में राम जन्मभूमि के स्थान पर मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की शुरुआत करने लगी। उधर आडवाणी के नेतृत्व में भाजपा राम मंदिर आंदोलन का चेहरा बन गई। आडवाणी ने 25 सितंबर, 1990 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सोमनाथ से राम रथ यात्रा शुरू की थी।

### आडवाणी के बारे में 10 खास बातें


* आडवाणी ने कराची में स्कूल सेंट पैट्रिक हाईस्कूल में पढ़ाई की है।
* 1947 में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सचिव बने थे।
* 1970 में पहली बार आडवाणी राज्यसभा के सांसद बने थे।
* आडवाणी एक फिल्म समीक्षक रह चुके हैं। उन्हें चॉकलेट, फिल्मों और क्रिकेट का बहुत शौक है।
* 1944 में उन्होंने कराची के मॉडल हाईस्कूल में एक अध्यापक के तौर पर नौकरी की थी।
* आडवाणी ने एक किताब लिखी है जिसका नाम- माई कंट्री, माई लाइफ है।
* सभी को चौंकाते हुए 2013 में उन्होंने अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था।
* 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनने के बाद से उन्होंने सबसे ज्यादा समय तक पार्टी के अध्यक्ष का पद संभाला था।
* आडवाणी अभी तक आधा दर्जन से ज्यादा रथ यात्राएं निकाल चुके हैं।
* जिनमें राम रथ यात्रा, जनादेश यात्रा, स्वर्ण जयंती रथ यात्रा, भारत उदय यात्रा और भारत सुरक्षा यात्रा जनचेतना यात्रा प्रमुख हैं।

### बीजेपी के दोनों संस्थापकों को मिला सर्वोच्च सम्मान

नई दिल्ली : वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने का एलान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। गौरतलब है कि मोदी सरकार के ही कार्यकाल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को साल 2015 में भारत रत्न से नवाजा गया था। अब उसके करीब नौ साल बाद भाजपा संस्थापकों में शामिल लालकृष्ण आडवाणी को भी भारत रत्न देने का एलान किया गया है। भाजपा के दोनों दिग्गज नेताओं को भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का फैसला किया गया। भाजपा आज देश की राजनीति के शिखर पर है और उसे यहां तक पहुंचाने में अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी की अहम भूमिका है। दोनों नेता करीब सात दशकों तक भाजपा की राजनीति की धुरी रहे और भाजपा के गठन से लेकर भाजपा को बड़ी राजनीतिक ताकत बनाने में इन दोनों नेताओं की केंद्रीय भूमिका है। लालकृष्ण आडवाणी ने भाजपा को संगठन के स्तर पर मजबूत बनाने और पार्टी से विभिन्न नेताओं को जोड़ने का काम किया। साथ ही उन्होंने राम मंदिर आंदोलन के जरिए भाजपा को एक राजनीतिक ताकत के रूप में घर-घर में पहचान दिलायी। वहीं राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा की स्वीकार्यता को बढ़ाने में अटल बिहारी वाजपेयी के करिश्माई व्यक्तित्व की अहम भूमिका रही।

### भाजपा के उभार में वाजपेयी-आडवाणी की जोड़ी का कमाल

लालकृष्ण आडवाणी जहां भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति का चेहरा रहे, वहीं अटल बिहारी वाजपेयी की पहचान पार्टी के उदार चेहरे के रूप में बनी। इन दोनों नेताओं की जोड़ी के दम पर ही भाजपा जहां विभिन्न पार्टियों के साथ गठबंधन कर देश को पहली गैर कांग्रेसी स्थायी सरकार देने में सफल रही, साथ ही अपने हिंदूवादी एजेंडे पर भी टिकी रही। यही वजह रही कि साल 1984 में जहां भाजपा के दो सांसद थे तो साल 1999 में पार्टी ने 182 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी।



## भारत रत्न दिये जाने की घोषणा पर लालकृष्ण आडवाणी को मिली जमकर बधाइयां

नई दिल्ली : लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की गई है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को घोषणा की कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा. इसके बाद से लाल कृष्ण आडवाणी को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है.राजनाथ सिंह ने आडवाणी को राजनीति में शुचिता, समर्पण और दृढ़ संकल्प के प्रतीक बताया. वहीं, नितिन गडकरी ने आज़ादी के बाद देश के पुनर्निर्माण में आडवाणी जी की अहम भूमिका रही है.

**राजनाथ सिंह:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लाल



कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए लिखा,हम सबके प्रेरणास्रोत एवं देश के वरिष्ठ नेता, श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिये जाने के निर्णय से बड़े हर्ष और आनंद की अनुभूति हुई है. वे राजनीति में शुचिता, समर्पण और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं.आडवाणीजी ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में अनेक भूमिकाओं में, देश के विकास और राष्ट्रनिर्माण में जो महत्वपूर्ण योगदान किया है,वह अविस्मरणीय और प्रेरणास्पद है.भारत की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने में भी उनकी महती भूमिका रही है. एक राष्ट्रीय नेता के रूप में उन्होंने अपनी विद्वता, संसदीय एवं प्रशासनिक क्षमता से देश और लोकतंत्र को मज़बूत किया है.उन्हें भारत रत्न का सम्मान मिलना हर भारतवासी के लिए हर्ष का विषय है. मैं इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र को धन्यवाद देता हूं एवं आडवाणीजी का अभिनंदन करता हूं.

**नितिन गडकरी :** नितिन गडकरी ने इस अवसर



पर लिखा- देश के वरिष्ठतम नेता और हमारे मार्गदर्शक आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न की घोषणा अत्यंत सुखद और आनंददाई है. आज़ादी के बाद देश के पुनर्निर्माण में आडवाणी जी की अहम भूमिका रही है. आडवाणी जी राजनीति में शुचिता के जीवंत उदाहरण है. आडवाणी जी को भारत रत्न घोषित करने के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूं तथा आडवाणी जी के स्वस्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना करता हूं.

**योगी आदित्यनाथ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर लिखा- भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री आदरणीय लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का निर्णय, उनके सार्वजनिक जीवन में दशकों की सेवा, प्रतिबद्धता और राष्ट्र की अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता तथा राजनैतिक जीवन में शुचिता व नैतिकता के उच्च मानक स्थापित करने वाले उनके अद्वितीय प्रयासों को सम्मान प्रदान करने वाला है. राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की दिशा में किए गए उनके अथक प्रयास हम सभी के लिए अद्वितीय प्रेरणा के स्रोत हैं.आदरणीय आडवाणी जी को हार्दिक बधाई!

**रविशंकर प्रसाद:** भाजपा के कद्दावर नेता और पूर्व



उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने पर बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा,हमें बहुत खुशी है कि हमारे माननीय नेता और पूर्व प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है. हम इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने देश के लोगों और प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को खुश किया है. आडवाणी जी ने इसकी स्थापना में महान भूमिका निभाई पार्टी (बीजेपी) की नींव ने इसे आज जहां तक पहुंचाया है.

**प्रतिभा आडवाणी:** वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण



आडवाणी की बेटी प्रतिभा आडवाणी ने अपने पिता को भारत रत्न दिए जाने पर खुशी जाहिर की है. उन्होंने कहा, पूरा परिवार और मैं बहुत खुश हैं कि उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया है. वह बहुत खुश हैं. उन्होंने कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया. पीएम के साथ-साथ देश की जनता को भी धन्यवाद कि जीवन के इस पड़ाव पर उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है.

**पीयूष गोयल :** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण



आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा, बधाई देता हूं, नमन करता हूं और उनकी(लालकृष्ण आडवाणी) सेवाओं के लिए धन्यवाद करता हूं. उन्होंने भाजपा, उससे पहले भारतीय जनसंघ और देश की सेवा में पूरा जीवन दिया है. इस अच्छे फैसले के लिए प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से धन्यवाद.

**शाहनवाज हुसैन:** शाहनवाज हुसैन ने लाल




कृष्ण आडवाणी को शुभकामनाएं देते हुए एक वीडियो पोस्ट कर कहा, आज असंख्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सभी देशवासियों के लिए अत्यंत खुशी का दिन है। राजनीति के शिखर पुरुष, हम सबों के आदर्श और प्रेरणास्त्रोत, श्रद्धेय लाल कृष्ण आडवाणी जी के लिए देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न का ऐलान हम सबों के दिल को छू लेने वाला ऐलान है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और भारत सरकार का हार्दिक धन्यवाद.

**शिवराज सिंह चौहान:** बीजेपी के वरिष्ठ नेता




लाल कृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा पर मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान का कहना है, मैं आज खुशी से भर गया हूं. लाल कृष्ण आडवाणी, जिनके जीवन का हर पल भारत माता की सेवा में बीता है और जो बीजेपी को इस स्थिति तक पहुंचाने में अद्वितीय योगदान दिया. उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए अतुलनीय योगदान दिया. आज उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया है. यह एक स्वागत योग्य निर्णय है. मैं इसके लिए पीएम को धन्यवाद देता हूं. हमने एक सीख ली है. लालकृष्ण आडवाणी की ओर से बहुत कुछ.

**अरविंद केजरीवाल:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद



केजरीवाल ने आडवाणी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा,वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न सम्मान की घोषणा पर उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं. ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे सदा स्वस्थ एवं दीर्घायु रहें.

**एन चंद्रबाबू नायडू:** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री



एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा- लाल कृष्ण आडवाणी जी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, भारत रत्न से सम्मानित होने पर बधाई. आडवाणी जी ने अनुकरणीय कड़ी मेहनत और राष्ट्र के प्रति समर्पण के माध्यम से खुद को प्रतिष्ठित किया है. एक विद्वान और राजनेता, उन्होंने देश के लिए असाधारण योगदान दिया है. मुझे उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला है. उनकी वास्तविक गर्मजोशी और स्नेहपूर्ण स्वभाव हर किसी पर अमिट छाप छोड़ता है.